वर्ष- 13 अंक - 172
लखनऊ, रविवार 22 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





हाईस्कूल गृह विज्ञान की परीक्षा में 530 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित 10

विरासत केवल अतीत नहीं, हमारी पहचान है : जयवीर 03


### जेवर में उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट का शिलान्यास

# दुनिया भारत को मान रही टेक फ्यूचर का केंद्र : मोदी

**भारत विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य पर तीव्र गति से कर रहा कार्य**

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर प्रदेश के जेवर में उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट 'इंडिया चिप' का शिलान्यास किया। यह परियोजना एचसीएल और फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम के रूप में स्थापित की जा रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया भारत को टेक्नोलॉजी के भविष्य के केंद्र के रूप में देख रही है और भारत सॉफ्टवेयर के साथ-साथ हार्डवेयर के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।





### प्रतिमाह 3 करोड़ 60 लाख चिप का होगा उत्पादन

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पहले सेमीकंडक्टर प्लांट की आधारशिला आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रखी गई है। उन्होंने बताया कि इस प्लांट से प्रतिमाह 3 करोड़ 60 लाख चिप का उत्पादन होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य पर तीव्र गति से कार्य कर रहा है।

उन्होंने लाल किले से दिए अपने संबोधन का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत के पास रुकने या ठहरने का समय नहीं है। वर्ष 2026 की शुरुआत से ही देश ने विकास की रफ्तार और तेज कर दी है। 12 जनवरी को 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' में लाखों युवाओं की भागीदारी, 16 जनवरी को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस का आयोजन और इंडिया एनर्जी समिट जैसे कार्यक्रमों ने भारत की क्षमता को वैश्विक मंच पर मजबूती से प्रस्तुत किया है। हाल ही में आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट' में विश्व के अनेक राष्ट्राध्यक्षों और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के दिग्गजों की उपस्थिति ने भारत के एआई सामर्थ्य को रेखांकित किया।

### बड़ी संख्या में सृजित होंगे रोजगार के अवसर

प्रधानमंत्री ने कहा कि जहां सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापित होती है, वहां डिजाइन सेंटर, अनुसंधान एवं विकास केंद्र और स्टार्टअप इकोसिस्टम भी विकसित होते हैं। इससे बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि यह दशक भारत का 'टेक-एड' है और 21वीं सदी में ग्रीन एनर्जी, स्पेस टेक्नोलॉजी, डिजिटल इनोवेशन, मैन्युफैक्चरिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में भारत अभूतपूर्व निवेश कर रहा है। उन्होंने बताया कि भारत ने सेमीकंडक्टर मिशन के तहत अब तक 10 फैब्रिकेशन और पैकेजिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनमें से चार शीघ्र उत्पादन शुरू करने वाली हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 20वीं सदी में जिस देश के पास तेल था, वही समृद्ध माना जाता था, लेकिन 21वीं सदी में वही शक्ति छोटी सी चिप और उससे जुड़ी स्किल एवं मटीरियल के पास है। कोरोना महामारी के दौरान चिप सप्लाई चेन में आई बाधाओं से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़े प्रभाव का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने उस संकट से सीखकर आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का निर्माण आत्मनिर्भरता से ही संभव है और 'मेड इन इंडिया' चिप इसमें अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। डिजिटल इंडिया, एआई, 5जी, 6जी, इलेक्ट्रिक व्हीकल और रक्षा क्षेत्र सहित आधुनिक उपकरणों की आत्मा सेमीकंडक्टर चिप है। यदि भारत के पास अपनी चिप होगी तो विभिन्न क्षेत्रों में विकास की गति निर्बाध बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि फॉक्सकॉन जैसी वैश्विक कंपनियों का भारत में निवेश यह संदेश देता है कि भारत एक भरोसेमंद लोकतांत्रिक साझेदार है। किसी भी वैल्यू चेन में भारत की भागीदारी बढ़ने से उसकी लचीलापन और स्थिरता भी बढ़ती है। दुनिया की फैक्टरी के रूप में भारत की पहचान सभी देशों के लिए 'विन-विन' स्थिति है। भारत की प्रतिभा भी विश्व का ध्यान आकर्षित कर रही है।

उन्होंने कहा कि आधुनिक विश्व को संचालित करने के लिए जिस प्रोसेसिंग पावर की आवश्यकता है, उसमें भारत शीर्ष देशों की पंक्ति में आने का प्रयास कर रहा है।

भारत सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर दोनों पहलुओं पर समान रूप से काम कर रहा है। उत्तर प्रदेश का सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम का प्रमुख केंद्र बनना हम सभी के लिए गर्व की बात है। एचसीएल और फॉक्सकॉन की यह नई फैक्टरी राज्य को टेक्नोलॉजी पावरहाउस के रूप में नई पहचान देगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सांसद के रूप में यह उनके लिए विशेष गर्व का क्षण है।

## दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

दिल्ली में एक बार फिर आतंकी हमले की आशंका को लेकर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। इस खुफिया जानकारी के बाद राजधानी में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) दिल्ली में आईईडी हमले की साजिश रच रहा है।

सूत्रों के अनुसार आतंकियों के निशाने पर ऐतिहासिक लाल किला स्थित मंदिर और उसके आसपास का इलाका हो सकता है। खासकर भीड़भाड़ वाले चांदनी चौक स्थित प्रमुख मंदिर को लेकर इनपुट मिला है। हालांकि आधिकारिक तौर पर किसी विशेष स्थल का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों ने संवेदनशील धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 6 फरवरी को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में स्थित टेरलाई इमाम बारगाह में जुमे की नमाज के दौरान हुए विस्फोट के बाद यह आतंकी संगठन भारत में बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। उस हमले में कई लोगों की मौत हुई थी और कई अन्य घायल हुए थे। दिल्ली पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को जैसे ही संभावित खतरे की जानकारी मिली, वैसे ही लाल किला, चांदनी चौक और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई। अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। बाजारों, पार्किंग स्थलों और धार्मिक स्थलों की सघन जांच की जा रही है।




**लाल किला और चांदनी चौक के आसपास सुरक्षा कड़ी**

## अन्नदाता किसानों के साथ खड़ी रहेगी डबल इंजन सरकार : योगी

### 460 करोड़ रुपये किसानों के खाते में पहुंचे, बिचौलियों की भूमिका समाप्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ-2025 के अंतर्गत 2.51 लाख किसानों को 285 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति राशि का वितरण किया। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के 3500 लाभार्थी परिवारों को 175 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की।

मुख्यमंत्री ने बागपत, शामली, कासगंज, भदोही में उप कृषि निदेशक कार्यालय व मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं, राजकीय भूमि संरक्षण केंद्र मऊरानीपुर झांसी में 50 शैय्या के छात्रावास भवन, लखनऊ में स्मार्ट कृषि ब्यूरो स्टूडियो इकाई का शिलान्यास किया।

सीएम योगी ने होली की शुभकामनाएं देते हुए किसानों को आश्वस्त किया कि डबल इंजन सरकार मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी रहेगी। अन्नदाता किसान उन्नत खेती के माध्यम से प्रदेश की समृद्धि में योगदान देते रहेंगे। कल उत्तर प्रदेश सरकार का 2026-27 का बजट पारित हुआ है।

प्रधानमंत्री की प्रेरणा से बजट के माध्यम से प्रदेश के युवाओं, महिलाओं, किसानों, गरीबों के लिए ढेर सारी योजनाएं पास कराई गई हैं।

**लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, झांसी व आजमगढ़ में होगी डॉप्लर वेदर राडार की स्थापना**



### किसी मनुष्य की कमी की भरपाई कोई नहीं कर सकता लेकिन सरकार संबल देने के लिए खड़ी हो सकती है

मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि योजना के तहत पहले केवल किसान कवर होता था, उसके परिवार के सदस्य, बटाईदार, सह किसान कवर नहीं होते थे। हमारी सरकार में 1000 करोड़ से अधिक की धनराशि के जरिए किसान या उसके परिवार के सदस्यों की दुर्घटना में मृत्यु होने पर पांच लाख रुपये की सहायता प्रदान की जा रही है। किसी मनुष्य की कमी की भरपाई कोई नहीं कर सकता लेकिन सरकार संबल देने के लिए खड़ी हो सकती है।

जब बजट होता है तो लाभार्थियों के अकाउंट में सीधे पैसा जाता है और उन्हें लाभ प्राप्त होता है। आज एक बटन दबाते ही 460 करोड़ रुपये किसानों के खाते में पहुंच रहे हैं, बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो गई।

लखनऊ समेत प्रदेश के सभी जनपदों में लाभार्थी परिवारों को इन योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से 2.51 लाख किसान परिवारों को मिली 285 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति को संबल बताया। फसल को सूखे-अतिवृष्टि के कारण नुकसान हुआ है। जब हम फसल का बीमा कराते हैं तो जरूरत पर रिटर्न भी मिलता है। आपदा के कारण नुकसान हुआ तो भरपाई होती है। सीएम ने कहा कि लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, झांसी व आजमगढ़ में डॉप्लर वेदर राडार की स्थापना होने जा रही है। इससे मौसम का पूर्वानुमान लगाने के साथ ही यह भी बता सकेंगे कि कहां पर आकाशीय बिजली गिरने का खतरा है। प्रदेश में 450 ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन और ब्लॉक स्तर पर 2000 ऑटोमेटिक रेन गेज स्थापित करने की कार्रवाई लगभग पूर्ण हो चुकी है।

## ट्रंप ने लागू किया 10 प्रतिशत वैश्विक टैरिफ


**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उच्चतम न्यायालय द्वारा उनके व्यापक टैरिफ कार्यक्रम के बड़े हिस्से को खारिज किए जाने के बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए एक नया आदेश जारी किया है, जिसके तहत दुनिया भर से होने वाले आयात पर 10 प्रतिशत वैश्विक शुल्क लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही समायोजन प्रक्रिया शुरू हो गयी है।अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने श्री ट्रंप के पहले के व्यापक टैरिफ कार्यक्रम को यह कहते हुए निरस्त कर दिया था कि अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम ाष्ट्रपति को ऐसे व्यापक आयात शुल्क लगाने का अधिकार नहीं देता और यह अधिकार कांग्रेस के पास है। नये टैरिफ व्यापार अधिनियम, 1974 की धारा 122 के तहत लगाये गये हैं और ये लगभग तुरंत प्रभावी होंगे। ये अधिकतम 150 दिनों तक लागू रहेंगे। यह कदम श्री ट्रंप के संरक्षणवादी व्यापार एजेंडे का हिस्सा बताया जा रहा है, जिसका उद्देश्य भुगतान संतुलन घाटे और कथित अनुचित व्यापार प्रथाओं से निपटना है। श्री ट्रंप ने उच्चतम न्यायालय के फैसले को बेहद निराशाजनक करार देते हुए कहा कि उनके पहले के टैरिफ के खिलाफ मतदान करने वाले न्यायाधीशों को शर्म आनी चाहिए। छह-तीन के बहुमत वाले इस फैसले से आईईईपीए के तहत पहले लगाये गये अरबों डॉलर के टैरिफ अमान्य हो गये हैं, जिससे सरकार को 130 अरब से 175 अरब डॉलर तक की राशि वापस करनी पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि धारा 122 के तहत 10 प्रतिशत शुल्क समायोजन प्रक्रिया की शुरुआत है और अदालत द्वारा रद्द किये गये टैरिफ के स्थान पर वैकल्पिक उपायों का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े टैरिफ (धारा 232) और व्यापार उपचार उपाय (धारा 301) पहले की तरह लागू रहेंगे। प्रशासन ने धारा 301 के तहत कथित अनुचित व्यापार प्रथाओं को लेकर नयी जांच भी शुरू की है, जिसके परिणामस्वरूप आगे और शुल्क लगाये जा सकते हैं। ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ फैसले के बाद कहा कि भारत के साथ ट्रेड डील में कोई बदलाव नहीं, रिश्ते मजबूत बने रहेंगे।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को झटका, यौन शोषण मामले में दर्ज होगी एफआईआर, कोर्ट का आदेश

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।**

प्रयागराज की एडीजे रेप एवं पोक्सो स्पेशल कोर्ट ने ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों के मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है।

एडीजे (पोक्सो एक्ट) विनोद कुमार चौरसिया ने पुलिस को मामले में एफआईआर दर्ज कर विधिवत विवेचना करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट के आदेश के बाद झूंसी थाने में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। यह अर्जी शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष



ब्रह्मचारी द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 173(4) के तहत दाखिल की गई थी। आरोप है कि संबंधित आश्रम में नाबालिग बच्चों के साथ यौन शोषण हुआ। आवेदक ने अदालत में कथित साक्ष्य के रूप में सीडी भी प्रस्तुत करने का दावा किया है। 13 फरवरी को आरोप लगाने वाले दोनों नाबालिगों के बयान अदालत में वीडियोग्राफी के साथ दर्ज किए गए थे। कोर्ट ने पुलिस रिपोर्ट को भी संज्ञान में लिया था और सुनवाई के बाद निर्णय सुरक्षित रख लिया था। अब आदेश जारी होने के बाद मामले में विधिक कार्रवाई आगे बढ़ेगी।

आशुतोष ब्रह्मचारी ने कहा है कि उन्हें न्यायालय से न्याय मिला है और वे प्रयागराज से वाराणसी स्थित विद्या मठ तक पैदल यात्रा निकाल कर लोगों के सामने तथ्य रखने की बात कह रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यह मामला न्यायालय के आदेश पर दर्ज किया जा रहा है और आरोपों की सत्यता की जांच पुलिस विवेचना के बाद ही स्पष्ट होगी।




# डीएम-एसपी ने सुनी जनता की फरियाद



▸ 155 शिकायतों में से 24 का हुआ मौके पर निस्तारण

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

शासन की मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील करनैलगंज में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक श्री विनीत जायसवाल तथा मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान तहसील करनैलगंज में कुल 155 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 24 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय, तथा टीम द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर पूरी गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण तथा चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/ वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें अधिकारी : डीएम**

संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त तहसील सभागार कर्नलगंज में पात्र लाभार्थियों को राशनकार्ड वितरण तथा कुम्हारी कला एवं मछुआरा समुदाय के पात्र लाभार्थियों को पट्टा प्रमाण पत्र किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत तहसील सभागार करनैलगंज में निर्वाचन से एसआईआर के कार्यों की समस्त एईआरओ से समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि निर्वाचन के कार्यों में लापरवाही कदापि बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# डॉ. नेहा अग्रवाल को मानव उपाधि सम्मान

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

गोंडा की लोकप्रिय कवयित्री तथा शिक्षिका डॉ नेहा अग्रवाल को नेपाल के काठमांडू में सम्मानित किया गया है। आज अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर नेपाल की प्रसिद्ध संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा डॉ नेहा को मातृभाषा रत्न मानद उपाधि सम्मान से सम्मानित किया गया है।



▸ अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर नेपाल की प्रसिद्ध संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन ने किया सम्मानित

नेपाल भारत मैत्री विकास, देवनागरी लिपि के संरक्षण संवर्द्धन, नेपाल भारत की मैत्री भाषा हिंदी/नेपाली के वैश्विक प्रचार प्रसार तथा देश विदेश के कवि, लेखक, साहित्यकार और शिक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आज अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर नेपाल, भारत सहित 5 देश के एक हजार प्रतिभाओं को मातृभाषा रत्न मानद उपाधि सम्मान, तथा मातृभाषा गौरव सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर गोंडा की कवयित्री तथा शिक्षिका डॉ नेहा अग्रवाल को प्रशस्ति पत्र सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया है। डॉ नेहा की कई कृतियां प्रकाशित है, विभिन्न साहित्यिक तथा सामाजिक संस्थाओं से आबद्ध डॉ नेहा अग्रवाल को कई प्रतिष्ठित सम्मान भी मिल चुके हैं।

डॉ नेहा को सम्मान की बधाई देते हुए संस्था के अध्यक्ष आनन्द गिरि मायालु ने कहा - शब्द प्रतिभा का उद्देश्य है प्रतिभाओं का प्रोत्साहन कर उनमें नव ऊर्जा का विकास करना इसी कड़ी में आज गोंडा की लोकप्रिय शिक्षिका एवं कवयित्री डॉ नेहा अग्रवाल का अंतराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित होना गौरव का विषय है।

ज्ञात हो कि डॉ नेहा अग्रवाल एक कुशल लेखिका है इनकी लिखी कविताएं समाज को सकारात्मक संदेश देती है। बहुमुखी प्रतिभा की धनी डॉ नेहा अग्रवाल जैसी प्रतिभाशाली रचनाकारों को राज्य की ओर से सम्मान प्रदान कर प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। डॉ नेहा के सम्मान की खबर पाकर उनके परिचित तथा मित्रों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## खबरें एक नजर में

### गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से वृद्ध की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के पड़री बल्लभ से कच्ची चक रोड के पास शनिवार की दोपहर में एक बजे साइकिल सवार वृद्ध रामपत को गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर लगने से मौत हो गई। कोतवाली देहात के राजा पुरवा केवल पुर निवासी बल करन वर्मा ने बताया कि उस के पिता रामपत शनिवार की दोपहर में घर से साइकिल से दरी लेने के लिए बाजार जा रहे थे। तभी एक गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले गए। चिकित्सक ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है।

### नसेड़ी युवक की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र के चिन्ता पांडेय पुरवा पैरोरी निवासी आनंद प्रकाश पुत्र काशी राम ने कर्नल गंज कोतवाली में तहरीर दिया कि उस का भाई अनिल कुमार नसेड़ी है। प्रति दिन नशा कर के घर पर आता था। शुक्रवार की देर रात्रि में नशा कर के घर पर आया और खाना खाने के बाद सो गया। सुबह देर तक जब कमरे से नहीं निकला तो घर के लोग उस को जगाने गए तब उस की मरने की जानकारी लोगो को हुई। घटना की तहरीर पर कर्नल गंज कोतवाली की पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है ।

### गाड़ी खरीदने के नाम पर हड़प लिया सात लाख रुपए

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** न्यायालय के आदेश पर सात लाख रुपए हड़पने का मुकदमा तीन लोगों के खिलाफ में कोतवाली देहात में दर्ज कराया गया है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के तुर्का डीहा गांव के निवासी अनिल कुमार मिश्रा पुत्र राम बदल मिश्रा ने न्यायालय में एक वाद दायर किया जिस में उस ने कहा कि उस की मुलाकात गोंडा कचहरी में दीपेंद्र प्रताप सिंह पुत्र विजय पाल से जमीन लेने के संबंध में हुई थी एक लाख पचास हजार रुपए मेरे खाते में दिया गया था। जमीन का सौदा न तय होने पर पूरा पैसा मैने ऑनलाइन उस के खाते में भेज दिया था। जिस मेरा संबंध दीपेंद्र से हो गया था। इसी बीच दीपेंद्र ने गाड़ी खरीदे को कहा था। मुझ से पैसा मांगा था । मैंने विश्वास पर कई लोगों की मौजूदगी वर्ष 2022, को दो लाख रुपए दे दिया था । वर्ष 2024 में पैसा मांगा तो उस ने कहा कि गाडी की किस्त न जमा कर पाने के कारण बेचना चाहता हूँ यह गाडी आप ही ले लीजिए। गाड़ी का किस्त जमा होने के वाद गाड़ी आपके नाम ट्रांसफर कर देंगे पांच दिसम्बर 2024 गाड़ी खरीदने के लिए पांच लाख रूपये कई लोगों की मौजूदगी में दे दिया। दो लाख एक बार पाँच लाख दूसरी बार दिया । पैसा लेने के बाद भी गाड़ी को ट्रांसफर नहीं किया। हर बार अगले महीने अगले महीने कहा कर टोल देते थे। कोतवाल देहात शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर दीपेंद्र कुमार सहित दो अज्ञात लोगों के खिलाफ में मुकदमा धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है ।

### मानवता हुई शर्मसार : नवजात का मिला कूड़े में शव



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जनपद के फखरपुर इलाके में एक नवजात का शव कूड़े के ढेर में मिला है। सुबह टहलने निकले लोगों ने नवजात को देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। यह घटना फखरपुर थाना क्षेत्र के निष्ठा ग्राम में सामने आई। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह टहलते समय उन्हें एक गड्ढे में नवजात पड़ा मिला। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और नवजात को फखरपुर स्वास्थ्य केंद्र ले गई। ग्रामीणों के अनुसार, यह एक नवजात लड़की थी जिसे संभवतः देर रात कोई यहां फेंक गया था। सुबह लोगों ने उसे देखकर पुलिस को सूचित किया। थाना प्रभारी ने बताया कि नवजात का शव मिला है और मामले की जांच की जा रही है।

### अधिवक्ताओं का प्रदर्शन 24वें दिन भी जारी, निकाला जुलूस



▸ महसी तहसील में एसडीएम के खिलाफ कार्य बहिष्कार

बहराइच समृद्धि न्यूज़ जिले की महसी तहसील में उपजिलाधिकारी आलोक प्रसाद के खिलाफ अधिवक्ताओं का प्रदर्शन 24वें दिन भी जारी है। इस कार्य बहिष्कार के कारण तहसील का न्यायिक और प्रशासनिक कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि उपजिलाधिकारी आलोक प्रसाद उनके साथ-साथ तहसील आने वाले फरियादियों से भी दुर्व्यवहार करते हैं। इसी व्यवहार के विरोध में अधिवक्ता कार्य बहिष्कार कर रहे हैं। अधिवक्ताओं ने अपनी शिकायतों से कई बार उच्चाधिकारियों को अवगत कराया है। हालांकि, प्रशासन की ओर से अब तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक उपजिलाधिकारी आलोक प्रसाद का स्थानांतरण नहीं हो जाता, तब तक उनका यह आंदोलन जारी रहेगा। शनिवार को भी अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी के खिलाफ जुलूस निकाला। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

▸ राहुल गांधी का फूंका पुतला
▸ कांग्रेस के विरोध में की नारेबाजी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के विरोध में प्रदर्शन किया। उन्होंने राहुल गांधी का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। यह प्रदर्शन एआई समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए हंगामे के विरोध में आयोजित किया गया था। शनिवार दोपहर को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरे।

उन्होंने जिलाधिकारी कार्यालय के पास स्थित परशुराम चौक पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान राहुल गांधी का पुतला फूंका गया और नारेबाजी की गई।

प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के कृत्य से देश की छवि खराब हुई है। उन्होंने मांग की कि राहुल गांधी को इस मामले पर माफी मांगनी चाहिए। इस प्रदर्शन में क्षेत्रीय अध्यक्ष नितिन मित्तल, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे, अरुणेंद्र सिंह अंकित, संजय जायसवाल, एकता जायसवाल, संतोष त्रिपाठी और सौरभ मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 40 वर्ष की आयु के बाद नियमित हेल्थ चेकअप आवश्यक : डॉक्टर पंकज

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली, असंतुलित खानपान और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण युवा पीढ़ी में हाई ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। दुर्भाग्यवश अधिकांश युवा स्वयं को पूरी तरह स्वस्थ मानते हुए नियमित स्वास्थ्य जांच नहीं कराते, जो भविष्य में घातक सिद्ध हो सकता है।

यह बातें जैनस इनीशिएटिव्य संस्था के संस्थापक एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, हिंद मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश, गोंडा एवं उत्तर प्रदेश कर्मचारी संघ, गोंडा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क हृदय स्वास्थ्य शिविर के दौरान कहीं। यह शिविर पेंशनर्स कक्ष, जिलाधिकारी कार्यालय के निकट आयोजित किया गया।

डॉ. पंकज श्रीवास्तव ने आगे कहा कि वर्तमान जीवनशैली को देखते हुए 40 वर्ष की आयु के बाद प्रत्येक व्यक्ति को नियमित हेल्थ चेकअप अवश्य कराना चाहिए। समय पर जांच कराने से हृदय संबंधी गंभीर बीमारियों के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से अपील की कि वे नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार ने कहा कि आजकल लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह हो गए हैं। भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वास्थ्य को नजरअंदाज करने के कारण आगे चलकर गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने ऐसे जागरूकता शिविरों की आवश्यकता पर बल दिया।

पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष के.बी. सिंह ने कहा कि देश में मधुमेह एवं हृदय रोग तेजी से फैल रहे हैं और अब ये बीमारियां युवाओं में भी अधिक देखी जा रही हैं। ऐसे में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से लोगों को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है।

अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि बढ़ते तनाव और अनियमित दिनचर्या के कारण हृदय रोग के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है, विशेषकर बुजुर्गों में यह समस्या अधिक देखी जा रही है। इसी उद्देश्य से समिति द्वारा इस शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में डा पंकज श्रीवास्तव एवं डॉ राहुल वर्मा जी ने कुल 85 लोगों ने ब्लड शुगर एवं ईसीजी की जांच कराई एवं निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार एवं मुख्य कोषागार अधिकारी श्याम लाल जायसवाल जी ने किया। इस अवसर पर डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया।

# डिस्ट्रिक्ट वर्किंग ग्रुप की द्वितीय बैठक सम्पन

▸ परिवार कल्याण, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी पर मंथन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**





जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में डिस्ट्रिक्ट वर्किंग ग्रुप की द्वितीय बैठक सीएमओ सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में परिवार कल्याण कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का आयोजन मोबियस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग तथा पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त प्रयास से 'उम्मीद' परियोजना के अंतर्गत किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने कहा कि परिवार नियोजन तभी प्रभावी होगा जब इसमें पति-पत्नी दोनों की सक्रिय भागीदारी हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में परिवार नियोजन के सभी साधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और लोगों को जागरूक होकर उनका उपयोग करना चाहिए। पुरुष सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से उन्होंने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्थापित कंडोम बॉक्स को नियमित रूप से सक्रिय एवं भरा रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यह पुरुषों के लिए सरल और सुलभ माध्यम है, जिससे वे बिना झिझक साधन प्राप्त कर सकते हैं। सीएमओ ने अनचाहे गर्भ और असुरक्षित गर्भपात पर चिंता जताते हुए कहा कि लोग बचाव को गंभीरता से नहीं लेते, लेकिन गर्भ ठहरने के बाद गर्भपात को मजबूरी मानते हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते परिवार नियोजन अपनाया जाए तो गर्भपात की नौबत ही न आए।

बार-बार गर्भपात से महिलाओं में पेल्विक इंफ्लेमेटरी डिजीज (पीआईडी) जैसी जटिलताओं का खतरा बढ़ता है, जिससे उनकी प्रजनन क्षमता और समग्र स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। उन्होंने एक नवाचारी सुझाव भी दिया कि जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, बैंक पासबुक और आयुष्मान कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों पर परिवार नियोजन संबंधी संक्षिप्त संदेश या हेल्पलाइन नंबर अंकित किए जाएं, ताकि जानकारी सीधे आमजन तक पहुंचे और उसका स्थायी प्रभाव पड़े। बैठक में जनपद के प्रमुख स्वास्थ्य सूचकांकों की भी समीक्षा की गई, जिसमें बाल विवाह की दर 37.8 प्रतिशत और किशोर गर्भावस्था 8.4 प्रतिशत पर चिंता व्यक्त की गई। इन संकेतकों में सुधार के लिए सामुदायिक काउंसलिंग, नवविवाहित दंपतियों से संवाद और किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रमों को सशक्त करने पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर एसीएमओ डॉ. संतोष राना, डॉ. आरबी वर्मा, डीसीपीएम मो. राशिद, मोबियस फाउंडेशन के स्टेट प्रतिनिधि प्रभात कुमार, आरकेएसके से राकेश गुप्ता, यूपी टीएसयू से बृजभान यादव, पीएफआई के स्टेट प्रतिनिधि वीके जैन, जिला प्रतिनिधि रामबरन यादव, साफिया जमीर, समाज कल्याण विभाग से किशन लाल, शिक्षा विभाग से चंद्रेश पांडेय सहित सभी सीएचसी अधीक्षक, बीपीएम एवं बीसीपीएम उपस्थित रहे।

# मिहींपुरवा में सड़क या संगठित लापरवाही?

▸ पीडब्ल्यूडी निर्माण पर गंभीर सवाल, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा



**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।** विकास कार्य के नाम पर हो रहे निर्माण को लेकर ग्राम पंचायत गूढ़ छावनी में बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी रोष है। ग्रामीणों के अनुसार करीब 700 मीटर पीसी रोड का निर्माण हाल ही में कराया गया, लेकिन सड़क की ऊपरी डामर परत (काला जीरा) शुरुआती दिनों में ही उखड़ने लगी। लोगों का कहना है कि नई सड़क की ऐसी हालत गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। वहीं लगभग 200 मीटर सीसी रोड के निर्माण में भी मानकों के पालन को लेकर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्धारित अनुपात में सीमेंट का उपयोग नहीं किया जा रहा तथा कंक्रीट को सघन बनाने के लिए आवश्यक वाइब्रेटर मशीन का प्रयोग नहीं हो रहा। यदि ऐसा है, तो यह भविष्य में सड़क की मजबूती को प्रभावित कर सकता है। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी के संबंधित जेई और अभियंता से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन दोनों के मोबाइल फोन बंद मिले। इससे लोगों में असंतोष और बढ़ गया है तथा वे पारदर्शी जांच की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से तत्काल तकनीकी जांच, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता परीक्षण और जिम्मेदार व्यक्तियों पर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराएंगे। अब सबकी नजर इस बात पर है कि विभाग इन आरोपों की जांच कराता है या नहीं, और यदि गड़बड़ी पाई जाती है तो क्या सख्त कदम उठाए जाते हैं।

# मिहींपुरवा की 102 एंबुलेंस सेवा ने फिर बचाई दो जिंदगियां

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



▸ रास्ते में गूंज उठी किलकारी
▸ प्रसव के उपरांत जच्चा व नवजात दोनों को सुरक्षित

जिले के मिहींपुरवा क्षेत्र में एक बार फिर आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं ने अपनी उपयोगिता सिद्ध कर दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहींपुरवा से संचालित 102 एंबुलेंस सेवा ने तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए प्रसव पीड़ा से जूझ रही महिला का सुरक्षित प्रसव रास्ते में ही कराया। ग्राम पंचायत कतरनिया निवासी रेखा, पत्नी सुरेश, को बीती रात अचानक तीव्र प्रसव वेदना शुरू हो गई।

परिजनों ने बिना देर किए 102 एंबुलेंस सेवा पर संपर्क किया। सूचना मिलते ही वाहन संख्या क्र 32 स्रत्र 1263 शीघ्र ही गांव पहुंच गया और महिला को अस्पताल ले जाने के लिए रवाना हुआ। रास्ते में नैनिहा मंडी के समीप महिला की स्थिति और गंभीर हो गई। ऐसे में एंबुलेंस में तैनात ईएमटी विशाल मिश्रा और पायलट अजय कुमार ने अद्भुत सूझबूझ और साहस का परिचय दिया। वाहन को सुरक्षित स्थान पर रोककर तत्काल प्रसव की तैयारी की गई। इस दौरान ऑनलाइन माध्यम से डॉ. शैलेन्द्र का चिकित्सकीय मार्गदर्शन प्राप्त किया गया। डॉक्टर के निर्देशों और टीम की कुशलता से एंबुलेंस के भीतर ही सुरक्षित प्रसव सम्पन्न हुआ और नवजात की किलकारी से वातावरण गूंज उठा। प्रसव के उपरांत जच्चा और नवजात दोनों को सुरक्षित रूप से रात लगभग 10 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी स्थिति सामान्य और स्थिर बताई है। यह घटना न केवल आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की तत्परता का प्रमाण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि समर्पित स्वास्थ्यकर्मी कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी निष्ठा और मानवता के साथ करते हैं। क्षेत्रीय लोगों ने एंबुलेंस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे स्वास्थ्य विभाग की सराहनीय पहल बताया है।

### मासूम पर जंगली जानवर का हमला, मां के शोर मचाने पर बची जान, अस्पताल में इलाज जारी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के फखरपुर इलाके में शुक्रवार शाम एक जंगली जानवर ने घर के आंगन में खेल रहे दो साल के मासूम पर हमला कर दिया। मां के शोर मचाने और परिजनों के लाठी-डंडे लेकर दौड़ने पर जानवर मासूम को छोड़कर भाग गया, जिससे उसकी जान बच गई। बच्चे के चेहरे पर घाव हुआ है, जिसका स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया गया। यह घटना ग्राम पंचायत मंझारा तौकली के मजरा लोनियनपुरवा में हुई। अनिल चौरान के दो वर्षीय बेटे आदित्य पर जंगली जानवर ने उस समय हमला किया जब वह अपने घर के आंगन में खेल रहा था। बच्चे की चीख सुनकर उसकी मां ने तुरंत शोर मचाया। मां की आवाज सुनकर परिवार के अन्य सदस्य लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे। परिजनों को आता देख जंगली जानवर मासूम को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। इस हमले में आदित्य के चेहरे पर हल्का घाव हो गया। घायल आदित्य को तुरंत कैसरगंज स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसका इलाज किया। इस मामले में जानकारी के लिए बहराइच के प्रभागीय वनाधिकारी के सरकारी नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन नहीं उठा।

### मानदेय बढ़ोतरी पर शिक्षामित्र व अनुदेशक कार्यकर्ताओं में खुशी



**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** राज्य सरकार द्वारा शिक्षामित्रों और अनुदेशक कार्यकर्ताओं के मानदेय में की गई बढ़ोतरी की घोषणा के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। लंबे समय से मानदेय बढ़ाने की मांग कर रहे शिक्षामित्रों व अनुदेशक कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे उनके परिश्रम और समर्पण का सम्मान बताया। आदर्श शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष विजय प्रकाश जायसवाल का कहना है कि विद्यालयों में शिक्षण कार्य के साथ-साथ प्रशासनिक जिम्मेदारियों का भी निर्वहन किया जाता है, ऐसे में मानदेय में बढ़ोतरी से उन्हें आर्थिक संबल मिलेगा। परंतु सीमित मानदेय के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने दस हजार से बढ़ाकर अठराह मानदेय का घोषणा बजट सत्र के दौरान किया है। जिससे प्रदेश के 1.43 लाख शिक्षामित्रों को लाभ मिलेगा। मानदेय बढ़ोतरी की खबर मिलते ही कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। उन्होंने सरकार के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह निर्णय उनके मनोबल को बढ़ाने वाला है और इससे कार्यों की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। भाजयुमो जिला मंत्री सुमित सिंह ने भी इस फैसले की सराहना की है। लोगों का मानना है कि शिक्षामित्र और अनुदेशक समाज की नींव मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, ऐसे में उनके मानदेय में बढ़ोतरी समय की मांग थी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मुकीम सिद्दीकी, इंद्रदेव यादव, राजेंद्र यादव, अवध नारायण, संतोष मिश्रा, सुहेल, अवधेश, आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, लवकुश तिवारी, करण, दीप्ती, जावेद आदि उपस्थित रहें।

**कलावती देवी स्मारक महाविद्यालय**

(सम्बद्धः माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर)
उत्तम नगर, बड़नापुर (तजवापुर) - बहराइच (उ.प्र.)

**आवश्यकता है**

स्नातक स्तर पर बी.एस.सी. पाठ्यक्रम में (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान,जन्तु विज्ञान) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता-07 पद।
स्नातक स्तर पर बी.ए. पाठ्यक्रम में (भूगोल, चित्रकला)।
योग्यता एवं वेतनमानः यू.जी.सी. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्व. हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

भवदीय-प्रबन्धकः विनोद कुमार त्रिपाठी
मो.नं.-9415442258

# केंद्र सरकार की 'माई भारत' पहल में शिवांजली पांडेय को जिला स्तर पर अहम दायित्व

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री द्वारा भारतीय जनता युवा मोर्चा, अवध क्षेत्र की क्षेत्रीय मंत्री शिवांजली पांडेय को मेरा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) की जिला चयन समिति का सदस्य नामित किया गया है। यह नामांकन युवाओं के नेतृत्व, सहभागिता और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

मेरा भारत कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की पहल है, जिसका उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रहित के कार्यक्रमों, कौशल विकास, स्वयंसेवा और नेतृत्व के अवसरों से जोड़ना है। जिला चयन समिति की भूमिका स्थानीय स्तर पर पात्र युवाओं/स्वयंसेवकों के चयन, मार्गदर्शन और कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग करना है।

शिवांजली पांडेय वर्तमान में भारतीय जनता युवा मोर्चा, अवध क्षेत्र में क्षेत्रीय मंत्री के रूप में सक्रिय हैं। संगठनात्मक कार्यों, युवा संवाद और सामाजिक अभियानों में उनकी सक्रिय भागीदारी को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि उनके अनुभव से जिला स्तर पर युवाओं को बेहतर मंच और अवसर मिलेंगे।



नामांकन की घोषणा के बाद भाजपा अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, युवा मोर्चा अवध क्षेत्र अध्यक्ष नितिन मित्तल, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, महामंत्री विवेक सिंह मोनू, सदर विधायक पल्टूराम, ब्लॉक प्रमुख हेमंत जायसवाल, मंडल अध्यक्ष रामनिवास वर्मा, आद्या प्रसाद पांडेय, राजन पांडेय, गुलाब, सर्वेश, कामनी, अर्जुन सहित कार्यसमिति सदस्यों और अन्य पदाधिकारियों व ग्रामवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

पदाधिकारियों ने कहा कि यह जिम्मेदारी युवाओं के हित में नई पहल और कार्यक्रमों को गति देगी तथा जिले में सकारात्मक बदलाव का मार्ग प्रशस्त करेगी। जानकारों का मानना है कि जिला चयन समिति के माध्यम से युवाओं की प्रतिभा की पहचान और चयन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होगी। कौशल विकास, खेल और स्वयंसेवी कार्यक्रमों में सहभागिता बढ़ेगी एवं ग्रामीण व शहरी युवाओं के बीच अवसरों की समान पहुंच सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। शिवांजली पांडेय ने नामांकन पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे युवाओं को राष्ट्र निर्माण के कार्यों से जोड़ने और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मेरा भारत की जिला चयन समिति में यह नामांकन जिले के युवाओं के लिए अवसरों के विस्तार का संकेत है। उम्मीद है कि नई जिम्मेदारी के साथ युवाओं के कौशल, नेतृत्व और सहभागिता को नई दिशा मिलेगी।

# विरासत केवल अतीत नहीं, हमारी पहचान है : जयवीर

- युवाओं को विरासत से जोड़ने की अनूठी पहल
- लखनऊ में यूथ हेरिटेज लीडरशिप प्रोग्राम का आयोजन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में भारतीय विरासत के संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक दिवसीय यूथ हेरिटेज लीडरशिप प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित हुआ। भारतीय संस्कृति और विरासत के संरक्षण व प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से चल रहे कार्यक्रमों की इसी श्रृंखला में यह पहल की गई।

कार्यक्रम का आयोजन इतिहास संस्थान, नई दिल्ली के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारतीय सांस्कृतिक धरोहर के महत्व से परिचित कराना और उन्हें विरासत संरक्षण के लिए नेतृत्वकर्ता के रूप में तैयार करना था। कार्यक्रम अंतर्गत प्रतिभागियों को ऐतिहासिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

विद्यार्थियों ने लखनऊ की छतर मंजिल और जनरल कोठी, कैसरबाग का भ्रमण किया। इन स्थलों के इतिहास, स्थापत्य शैली और संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी सरल और स्पष्ट भाषा में दी गई, ताकि छात्र इन धरोहरों को बेहतर तरीके से समझ सकें। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल ऐतिहासिक इमारतों का भ्रमण कराना नहीं है, बल्कि युवाओं को अपनी विरासत से भावनात्मक रूप से जोड़ना है। ताकि वे इन धरोहरों को समझें और उन पर गर्व करें। उन्होंने बताया विरासत केवल अतीत की याद नहीं, बल्कि हमारी पहचान और भविष्य की दिशा भी है। इसलिए युवा पीढ़ी जागरूक और संवेदनशील बनकर सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### भावी पीढ़ी बनेगी प्रकृति संरक्षण की अग्रदूत

पर्यटन एवं प्राकृतिक धरोहरों से युवाओं को जोड़कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण का भागीदार बनाने की दिशा में यूपी ईको पर्यटन विकास बोर्ड सार्थक पहल कर रहा है। 21 फरवरी को युवा पर्यटन के अंतर्गत ईज माय ट्रिप के सहयोग से पीएम केंद्रीय विद्यालय एसजीपीजीआई के 60 विद्यार्थियों को शहीद चंद्रशेखर आजाद पक्षी विहार इउन्नाव का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस तरह के भ्रमण कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को जैव विविधता, आर्द्रभूमि संरक्षण और ईको-टूरिज्म के महत्व से अवगत कराना है। छात्रों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है, ताकि वे कक्षा की पढ़ाई के साथ-साथ वास्तविक प्राकृतिक परिवेश में सीखने का अनुभव प्राप्त कर सकें। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने झील के किनारे विकसित नेचर ट्रेल्स पर भ्रमण किया तथा वॉच टॉवर और व्यू-शेड्स से पक्षियों एवं वन्यजीवों का अवलोकन किया। पक्षी विहार परिसर में प्रकृति, ज्ञान और मनोरंजन का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां इंटरप्रिटेशन सेंटर ने विद्यार्थियों को जैव-विविधता की रोचक जानकारी से अवगत कराया।

# ए से डी ग्रेडिंग सिस्टम से कौशल प्रशिक्षण में पारदर्शिता व प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा : कपिल देव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने प्रशिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता सुधारने के लिए नई परफॉर्मेंस-बेस्ड ग्रेडिंग नीति लागू की है। योगी सरकार की पहल का उद्देश्य कौशल प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाना, पारदर्शिता और युवाओं की रोजगार क्षमता को सशक्त बनाना है।

श्री अग्रवाल ने बताया कि योगी सरकार कौशल विकास को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। पारदर्शी मूल्यांकन और गुणवत्ता आधारित प्रतिस्पर्धा से प्रदेश के युवाओं को विश्वस्तरीय कौशल प्रशिक्षण मिलेगा, उन्हें बेहतर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। नई नीति के तहत प्रशिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन हर वर्ष फरवरी के अंतिम दिन तक पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर किया जाएगा और मार्च में ग्रेडिंग को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके आधार पर अप्रैल माह में प्रशिक्षण केंद्रों को नए लक्ष्य आवंटित किए जाएंगे। वर्ष 2026-27 के लिए ग्रेडिंग वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के औसत प्रदर्शन के आधार पर तय होगी, जिससे एक वर्ष के बजाय दीर्घकालिक कार्यक्षमता का संतुलित आकलन संभव हो सकेगा। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि केवल वही संस्थान ग्रेडिंग प्रक्रिया में शामिल होंगे जो फरवरी तक एम्पैनल हों और डिबार या ब्लैकलिस्ट न हों।

संस्थानों को ए, बी, सी और डी श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाएगा। 40 अंकों के मानक में 36-40 अंक पाने वाले संस्थान ए ग्रेड, 30-36 बी ग्रेड, 25-30 सी ग्रेड तथा 25 से कम अंक प्राप्त करने वाले डी ग्रेड में रखे जाएंगे। यह ग्रेडिंग प्रणाली नामांकन, प्रशिक्षण पूर्णता और परिणाम आधारित प्रदर्शन पर केंद्रित होगी।

## खबरें एक नजर में

### हर्ष फायरिंग में ड्राइवर की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर इलाके में हर्ष फायरिंग में 49 साल के व्यक्ति की मौत हो गई। शुक्रवार रात अपने दोस्त के बेटी की शादी में शामिल होने गए थे। तभी बारात के दौरान किसी ने हर्ष फायरिंग कर दी गोली उनके पैर में जाकर लगी। आनन-फानन में घायल हालात में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अलीगंज निवासी सुनील यादव (49) के रूप में हुई। वह एलडीए में कॉन्ट्रैक्ट में ड्राइवरी करते थे। शुक्रवार को विनयखंड गोमतीनगर में दोस्त राम किशोर दुबे के बेटे अभिषेक दुबे की विराट खंड स्थित सामुदायिक केंद्र में शादी थी। वहां पर बारात के दौरान हर्ष फायरिंग की गई। गोली सुनील यादव के पैर में लग गई। मृतक के दोस्त नितिन ने बताया एलडीए में रामकिशोर दुबे चौकीदार पद पर हैं। उनकी बेटी शादी के दौरान करीब 11 बजे अरविंद कश्यप, शाश्वत सिंह और दो अन्य लोग टेंट के पीछे ड्रिंक कर रहे थे। कुछ देर बाद अचानक से सुनील लंगड़ाते हुए उधर से अंदर की तरफआए। उनके पैर से खून की धार बह रही थी। वह आकर वहीं पर वह गिर गए। इसके बाद उन्हें दोस्तों की मदद से अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बेटे नमन यादव ने बताया मुझे रात 11.45 बजे पर सूचना मिली के पिता को चोट लग गई है। 15 मिनट में वह अस्पताल पहुंचा तो इलाज चलने की बात पता चली। कुछ देर बाद मौत की खबर मिली। परिवार में मां सुमन यादव और बहन नयन यादव हैं। घटना के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

### डंडा व झंडा लेकर एनएसयूआई का प्रदर्शन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फूंका पुतला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में बीजेपी युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के कांग्रेस प्रदेश कार्यालय की ओर कूच का समाचार मिलते ही एनएसयूआई कार्यकर्ता एक्टिव हो गए। हाथों में डंडा और तिरंगा झंडा लेकर कार्यालय के बाहर आए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरेंडर है जैसे नारे लगाए। इससे माहौल गरमा गया। प्रदर्शनकारी कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय से जुलूस के रूप में आगे बढ़े। कार्यालय से कुछ ही दूरी पर पहुंचते ही उन्होंने प्रधानमंत्री का पुतला जलाकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान मौके पर काफी देर तक नारेबाजी होती रही। सूत्रों के मुताबिक, जब यह सूचना मिली कि भाजपा कार्यकर्ता भी कांग्रेस मुख्यालय की ओर बढ़ रहे हैं, तो माहौल और तनावपूर्ण हो गया। कांग्रेस कार्यकर्ता भी अपने हाथों में लाठियां लेकर कार्यालय के बाहर डटे रहे। हालांकि आमना-सामना होने से पहले ही एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर अपना विरोध जताया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की सतर्कता के चलते स्थिति को नियंत्रित किया गया और किसी बड़े टकराव की सूचना नहीं है। फिलहाल पूरे इलाके में एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

### गाड़ी की टक्कर से युवक की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बंथरा थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई। वह राजमिस्त्री का काम करता था। उसकी पहचान संजय यादव के रूप में हुई। शुक्रवार रात किसी तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी थी, जिससे संजय गंभीर रूप से घायल हो गया था। शनिवार सुबह इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। संजय यादव बंथरा के नरेरा गांव के निवासी थे। वह शुक्रवार रात थाना क्षेत्र के रामदासपुर गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। हरौनी से सहिजनपुर रेलवे फाटक जाने वाली डिफेंस रोड पर पावर हाउस के पास सामने से आ रही कार ने उसको टक्कर मारी। इससे दाहिना पैट टूटकर अलग हो गया। संजय सड़क पर तड़पने लगा। इस टक्कर में संजय का दाहिना पैर बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने उन्हें तत्काल पीजीआई स्थित ट्रामा-2 सेंटर पहुंचाया। चिकित्सकों को इलाज के दौरान उनका दाहिना पैर घुटने के नीचे से काटना पड़ा। इलाज के बावजूद, संजय ने शनिवार सुबह दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात कार चालक और वाहन का पता लगाने में जुटी हुई है। मृतक संजय यादव के परिवार में उनकी पत्नी ममता यादव, 10 वर्षीय बेटा साजन और 7 वर्षीय बेटी सौम्या हैं।

### 750 लीटर मिलावटी सरसों तेल व रंग-एसेंस सीज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने शनिवार को बुद्धेश्वर स्थित एक जनरल स्टोर पर छापेमारी की। जांच के दौरान यहां राइस ब्रान ऑयल में कृत्रिम रंग और एसेंस मिलाकर उसे शुद्ध सरसों तेल के रूप में बेचने का खुलासा हुआ। टीम ने मौके से 750 लीटर तेल समेत रंग और एसेंस जब्त कर नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए हैं। एफएसडीए टीम ने बुद्धेश्वर स्थित शिवम जनरल स्टोर पर छापा मारा। निरीक्षण के दौरान टीम को संदेह हुआ कि परिसर में बड़े पैमाने पर तेल में मिलावट का काम चल रहा है। जांच में सामने आया कि राइस ब्रान ऑयल में प्रतिबंधित रंग और एसेंस मिलाकर उसे सरसों तेल के रूप में तैयार किया जा रहा था। अधिकारियों के मुताबिक मिलावटखोर राइस ब्रान ऑयल को पीले रंग और तेज गंध देने के लिए कृत्रिम रंग और एसेंस का उपयोग कर रहे थे। इससे उपभोक्ताओं को भ्रमित कर इसे शुद्ध सरसों तेल के रूप में बेचा जाना था। मौके से 150 लीटर मिलावटी सरसों तेल और 600 लीटर राइस ब्रान ऑयल बरामद किया गया। साथ ही प्रयोग में लाए जा रहे कृत्रिम रंग और एसेंस भी जब्त किए गए। एफएसडीए टीम ने सरसों तेल, राइस ब्रान ऑयल, रंग और एसेंस के नमूने विधिवत सील कर राजकीय प्रयोगशाला में जांच के लिए भेज दिए हैं। रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने संबंधित खाद्य व्यवसाय संचालक (एफबीओ) के खिलाफ नियमों के उल्लंघन और जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करने के आरोप में एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# नगर निगम के सदन में पार्षदों में तीखी बहस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



**भाजपा पार्षद ने किया वाकआउट**

लखनऊ नगर निगम का सदन शुरू होते ही भाजपा और कांग्रेस पार्षदों के बीच तीखी बहस और तनातनी हो गई। भाजपा पार्षद के बोलने पर कांग्रेस वाले ने कहा कि आप बार-बार न बोलिए। इसके बाद दोनों पक्षों में स्थिति यहां तक पहुंची कि अन्य पार्षदों को बीच में आना पड़ा।

दरअसल, कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान सदन का एजेंडा न मिलने का विरोध कर रहे थे। इस बीच भाजपा पार्षद अन्नू मिश्रा कुछ बोलने लगे तो उन्होंने मना किया कि वह बार-बार न बोलें। इसी पर दोनों में तकरार हो गई। इसी दौरान कांग्रेस पार्षद ममता रावत अन्नू के करीब पहुंच गई और उन्हें शांत कराने लगीं। मामला शांत हुआ तब सदन शुरू हुआ। इस बीच भाजपा पार्षद नागेंद्र सिंह ने सदन का बहिष्कार कर वाकआउट कर दिया। मेयर सुषमा खर्कवाल ने यह विशेष सदन बुलाया था। इसमें पहले से कोई विषय या एजेंडा न होने पर पक्ष-विपक्ष के सभी पार्षद विरोध करने लगे। पहुंचे सभी पार्षदों ने इसलिए विरोध किया क्योंकि उन्हें सदन का विषय नहीं मिला था। सबका कहना था कि बिना एजेंडा के पार्षदों को बुलाया गया। सिर्फ सदन होने की सूचना दी गई थी। मेयर ने बताया कि यह सदन 2025-26 के पुनरीक्षित बजट को मंजूरी देने, वेस्ट टू एनर्जी प्लांट लगाने के उद्देश्य से बुलाया गया था। जब भी शहर में नया करना होता है तो उससे पहले बैठक बुलाती हूं। एजेंडा देने की कोई बात ही नहीं है। दरअसल, पार्षदों ने पहले सदन का विरोध किया फिर वेस्ट टू एनर्जी प्लांट के लिए हामी भी भर दी। भाजपा पार्षद के एन सिंह ने कहा कि सदन में विपक्ष के पार्षदों ने हंगामा किया। सदन में वेस्ट टू एनर्जी पर चर्चा हुई। इसमें भारतीय जनता पार्टी के सभी पार्षदों ने सहमति दी। भाजपा पार्षद शैलेंद्र वर्मा ने कहा कि सदन में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट को लेकर चर्चा हुई है। इससे शहर को सुविधा मिलेगी। सदन स्थगित हो गया है। इसे मेयर ने बुलाया था। इसमें वेस्ट टू एनर्जी प्लांट के लिए चर्चा हुई। पार्षदों के सवाल पर मेयर ने कहा इसमें हमारा एक भी रुपया खर्च नहीं होगा। अपर नगर आयुक्त अरविंद राव ने कहा पहले की कंपनियों के साथ एनर्जी के लिए कॉन्ट्रैक्ट नहीं है। मेयर सुषमा खर्कवाल ने कहा हम लोग वेस्ट टू एनर्जी प्लांट की ओर जा रहे हैं। इससे शहर को सुविधा मिलेगी। शहर में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट लगेगा। इसके लिए जमीन तय होगी। कूड़े से बिजली बनाने का यह सबसे बड़ा फैसला है।

# देश की छवि को नुकसान पहुंचाना ठीक नहीं : बसपा प्रमुख

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने नई दिल्ली में आयोजित शएआई इम्पैक्ट समिटश् के दौरान हुए विरोध-प्रदर्शन पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इस घटना को अति-अशोभनीय व निन्दनीय करार देते हुए कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में इस प्रकार का आचरण देश की गरिमा और छवि को प्रभावित करता है। अपने आधिकारिक बयान में उन्होंने कहा कि नई दिल्ली में आयोजित इस समिट में देश और विदेश के कई प्रमुख लोग आमंत्रित थे और यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में रहा। उन्होंने कहा कि ऐसे में कार्यक्रम के दौरान कुछ लोगों द्वारा अर्धनग्न होकर विरोध प्रकट करना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने यह प्रदर्शन किया, उनमें अधिकतर कांग्रेसी युवा बताए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि यह सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय स्तर का न होता तो बात अलग हो सकती थी, लेकिन वैश्विक मंच पर इस तरह की घटनाएं देश की इमेज को नुकसान पहुंचा सकती हैं। मायावती ने सभी राजनीतिक दलों और युवाओं से अपील की कि विरोध दर्ज कराना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन उसका तरीका मर्यादित और जिम्मेदार होना चाहिए।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में लापरवाही पर जिलाधिकारी सख्त, 19 स्टैटिक मजिस्ट्रेटों का रोका वेतन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा-2026 के दौरान ड्यूटी में लापरवाही सामने आने पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। निरीक्षण में 19 स्टैटिक मजिस्ट्रेट अपने-अपने परीक्षा केंद्रों से अनुपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी विशाख जी ने तत्काल प्रभाव से सभी संबंधित अधिकारियों का वेतन अगले आदेश तक रोकने के निर्देश दिए हैं। साथ ही स्पष्टीकरण तलब किया है। स्पष्ट कर दिया गया है कि परीक्षा जैसे संवेदनशील कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी

कार्यालय जिलाधिकारी, लखनऊ से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा-2026 को सकुशल, निर्विघ्न और शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद के 121 परीक्षा केंद्रों पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को स्टैटिक मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया था। इसके लिए 6 फरवरी 2026 को जारी अलग-अलग आदेशों के माध्यम से अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई थी। इनका दायित्व परीक्षा केंद्रों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखना, नकल रोकना और परीक्षा की पारदर्शिता सुनिश्चित करना था। जिला विद्यालय निरीक्षक, लखनऊ द्वारा 18 फरवरी 2026 को भेजी गई आख्या में यह जानकारी दी गई कि प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान 19 परीक्षा केंद्रों पर नियुक्त स्टैटिक मजिस्ट्रेट अपने दायित्वों के निर्वहन हेतु उपस्थित नहीं हुए। यह तथ्य सामने आते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया कि संबंधित अधिकारियों ने न तो समय पर उपस्थिति दर्ज कराई और न ही अनुपस्थिति की पूर्व सूचना दी। इसे जिलाधिकारी के निर्देशों की अवहेलना माना गया।

जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य कोषाधिकारी, आदर्श कोषागार, कलेक्ट्रेट लखनऊ को पत्र भेजकर संबंधित 19 अधिकारियों, कार्मिकों का वेतन अग्रिम आदेश तक बाधित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने इसे उदाहरणात्मक कार्रवाई बताया है, ताकि भविष्य में कोई अधिकारी परीक्षा ड्यूटी को हल्के में न ले।

# लखनऊ दर्शन बस में फिर शामिल हुई विधान भवन की सैर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र समाप्त होते ही लखनऊ दर्शन बस सेवा से विधानसभा की सैर एक बार फिर पर्यटकों के लिये शुरू कर दी गयी है। बजट सत्र के दौरान सुरक्षा कारणों से विधानसभा भ्रमण अस्थायी रूप से रोक दिया गया था। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सत्र समाप्त होने के साथ ही विधानसभा को दोबारा टूर में शामिल कर लिया गया है।

उन्होंने कहा कि भव्य स्थापत्य, विशाल गुंबद और ऐतिहासिक महत्व से परिपूर्ण विधानसभा भवन राजधानी की पहचान है और इसके शामिल होने से लखनऊ दर्शन और आकर्षक हो गया है। टूर का एक प्रमुख आकर्षण जनरल पोस्ट ऑफिस लखनऊ (पूर्व रिंग थियेटर) भी है।

नौ अगस्त 1925 के काकोरी कांड के बाद अंग्रेज सरकार ने यहां विशेष अदालत बनाकर करीब 10 महीने तक मुकदमा चलाया था। इस मुकदमे में राम प्रसाद बिस्मिल, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी, ठाकुर रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खान को फांसी की सजा सुनाई गई थी, जबकि शचीन्द्रनाथ सान्याल को कालापानी और मन्मथनाथ गुप्त सहित अन्य को कठोर कारावास मिला। आज यहां स्थित संग्रहालय में उस दौर की यादें संरक्षित हैं, जिन्हें पर्यटक देख सकते हैं। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) की लखनऊ दर्शन इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस सेवा प्रतिदिन सुबह और शाम दो पालियों में 1090 चौराहे से संचालित होती है। यह बस राजधानी के प्रमुख ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक स्थलों का भ्रमण कराती है। टिकट आधिकारिक वेबसाइट या प्रस्थान स्थल से प्राप्त की जा सकती है। किराया वयस्कों के लिए 500 रुपये और बच्चों के लिए 400 रुपये निर्धारित है। बस में प्रशिक्षित टूर गाइड उपलब्ध रहते हैं। इलेक्ट्रिक बस होने के कारण यह यात्रा पर्यावरण के अनुकूल और आरामदायक भी है।

# असफलताओं की पर्याय बनीं भाजपा की डबल इंजन सरकार : आकांपा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

पंजीकृत राजनीतिक दल आदर्शवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजेंद्र दत्त त्रिपाठी ने प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की आलोचना करते हुये सरकार की असफलता के तमाम कारण स्पष्ट किया। श्री त्रिपाठी ने कहा की सनातन और संस्कृति के नाम पर आई सरकार बहुसंख्यक हिंदुओं के मन में भय, निराशा और गुस्सा भर रही है। जिस तरह से प्रयागराज के गंगा घाट पर धर्म शिरोमणि, धर्म ध्वजाधारी दंडी स्वामी पूज्यपाद शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का अपमान करते हुये उनके अनुयायियों और शिष्यों को चोटी पकड़कर लाठी डंडों से पीटा और घसीटा गया, इस जघन्य पाप की कीमत सभी आम हिंदू जनमानस को चुकानी पड़ेगी।

उन्होंने कहा कि हिंदू सनातनी भाइयों में ही दरार डालने के लिये यूजीसी अमेंडमेंट बिल लागू करने का प्रयास किया गया। एक युवा आबादी के बीच ऊंच नीच और भेदभाव की असंतुलित दीवार बनाने की कोशिश केवल यह दिखाती है कि भय पैदा करो, फूट डालो और राज करो यही भाजपा की असली नीति है। देश में किसी भी तरह का छोटा बड़ा अपराध करने पर सजा, कार्यवाही और दंड का कानून विद्यमान ही है ऐसी दशा में विशिष्ट प्रतिष्ठानों के लिये विशिष्ट उपबंधों वाले प्रावधान लागू करना यह दिखाता है कि किस प्रकार से जनता का ध्यान रोजगार दवाई बिजली पानी सड़क पढ़ाई से हटाया जाये। अमेरिकी राष्ट्राध्यक्ष डोनाल्ड ट्रंप अपने ही देश में हंसी का पात्र बन रहे हैं, उनके ही देश के सुप्रीम कोर्ट उनके निर्णय को गलत बता रहे हैं और हमारे भारत देश के पीएम उनकी चापलूसी और जी हजूरी में भारत की स्वायत्तता संप्रभुता और विदेश नीति को गिरवी रख रहे हैं। भारत देश और देश के नागरिक आर्थिक रूप से खोखले और कंगाल हो रहे हैं जबकि पूंजीपतियों और धन्नासेठों की तिजोरियां भरती ही जा रही हैं।सरकार जनता के द्वारा जनता के लिये और जनता की होती है। पर आज की सरकार पूंजीपतियों के द्वारा पूंजीपतियों के लिये और पूंजीपतियों की रह गई है।

### वरिष्ठ पत्रकार विधि सिंह के निधन पर पंकज चौधरी दुखी



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाचार पत्र हिंदुस्तान के वरिष्ठ पत्रकार विधि सिंह के आकस्मिक निधन पर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। उनका निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। हमारी संवेदनाएं उनके परिजनों के साथ है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें व शोकाकुल परिजनों को अथाह दु:ख सहने का साहस प्रदान करें।

**सराहनीय**

## इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में चमका उत्तर प्रदेश

# एआई आधारित शिक्षा मॉडल को राष्ट्रीय पहचान

- इंडियाज एआई इंपैक्ट स्टार्टअप्स की रिपोर्ट में यूपी का भी स्टार्टअप शामिल
- कॉन्वेजीनिअस स्टार्टअप के जरिए, प्रदेश की शिक्षा पहल को मिल रही बड़ी पहचान

**विकास तिवारी**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में जारी की गई 'इंडियाज एआई इम्पैक्ट स्टार्टअप्स रिपोर्ट' में देश भर के 110 स्टार्टअप और गैर-लाभकारी संगठनों को शामिल किया गया है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के जरिए बड़े पैमाने पर सामाजिक और आर्थिक बदलाव की दिशा में काम कर रहे हैं। इंडिया एआई और कल्पा इम्पैक्ट द्वारा प्रकाशित इस रिपोर्ट में स्वास्थ्य सेवा, कृषि, शिक्षा, जलवायु परिवर्तन, वित्तीय समावेशन, शहरी आवागमन और सार्वजनिक सेवा वितरण जैसे अहम क्षेत्रों को रेखांकित किया गया है। इसी रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश का उल्लेख एआई आधारित शिक्षा मॉडल के संदर्भ में किया गया है, जहां सरकारी स्कूलों में तकनीक आधारित लर्निंग सिस्टम लागू करने की पहल को उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत किया गया है। कॉन्वेजीनिअस एडूटेक स्टार्टअप के माध्यम से उत्तर प्रदेश में एआई संचालित प्लेटफॉर्म का उपयोग कर छात्रों के सीखने के स्तर का आकलन और व्यक्तिगत अध्ययन सामग्री उपलब्ध




कराने की व्यवस्था को प्रमुख उपलब्धि के रूप में दर्शाया गया है।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार लंबे समय से शिक्षा क्षेत्र में डिजिटल हस्तक्षेप को प्राथमिकता दे रही है। उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में सरकारी विद्यालयों और छात्रों को देखते हुए तकनीक आधारित समाधान को व्यापक स्तर पर लागू करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है।
रिपोर्ट में जिस तरह उत्तर प्रदेश का जिक्र किया गया है, उसे सरकार की डिजिटल शिक्षा नीति की मान्यता के रूप में देखा जा रहा है। ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में एआई टूल्स के उपयोग को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार का फोकस शिक्षा में समान अवसर सुनिश्चित करने पर रहा है, और एआई आधारित मूल्यांकन प्रणाली से छात्रों की सीखने की प्रगति पर सतत निगरानी संभव हो सकी है। इससे लर्निंग गैप की पहचान कर समय पर सुधारात्मक कदम उठाने में मदद मिल रही है।
रिपोर्ट में शामिल 110 स्टार्टअप्स में विभिन्न क्षेत्रों के नवाचारों को जगह दी गई है लेकिन शिक्षा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कार्यान्वयन के उदाहरण के रूप में उत्तर प्रदेश का संदर्भ प्रदेश की बढ़ती तकनीकी क्षमता को रेखांकित करता है। सरकार और स्टार्टअप के बीच सहयोग को एक प्रभावी मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के जरिए सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रहा है।
प्रदेश सरकार का स्पष्ट मानना है कि एआई जैसे उभरते तकनीकी उपकरणों का उपयोग केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रहकर ग्रामीण अंचलों तक पहुंचना चाहिए। इसकी झलक उत्तर प्रदेश सरकार के बजट 2026-27 में देखने को मिल रही है। डिजिटल इंडिया के व्यापक विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश में एआई आधारित शिक्षा पहल को भविष्य की नीति के रूप में देखा जा रहा है। इंडियाज एआई इम्पैक्ट स्टार्टअप्स रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश का उल्लेख यह संकेत देता है कि प्रदेश तकनीकी नवाचारों को जमीनी स्तर पर लागू करने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

# पुष्प प्रदर्शनी व चित्रकला प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



लखनऊ नगर निगम द्वारा पद्मश्री डॉ. एससी राय पार्क (ई-पार्क) के प्रांगण में 22वीं पुष्प प्रदर्शनी एवं चित्रकला प्रतियोगिता-2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कोरोना काल के दौरान स्थगित कर दी गई यह लोकप्रिय प्रदर्शनी इस वर्ष पुनः प्रारंभ की गई है। इस आयोजन को पुनर्जीवित करने में महापौर महोदया, पार्षदगण, नगर आयुक्त महोदय तथा क्षेत्रीय समाजसेवियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। शनिवार को महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल ने विधिवत फीता काटकर पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। महापौर ने बच्चों द्वारा तैयार की गई कलात्मक पुष्प सज्जा को विशेष रूप से सराहा। इसके अतिरिक्त थीम आधारित प्रदर्शनी और महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों के उत्साह और रचनात्मकता की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन शहर की सांस्कृतिक और पर्यावरणीय चेतना को सशक्त बनाते हैं। इस फ्लावर शो में ताजे फूलों से बनाई गई आकर्षक कलाकृतियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। प्रतियोगिता में 1100 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। प्रत्येक वर्ग की प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। हर वर्ग में शील्ड कप एवं प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। यह पुष्प प्रदर्शनी रविवार शाम 4 बजे समापन समारोह के साथ संपन्न होगी, जिसमें विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### ससुराल में युवक का शव फंदे पर लटका मिला

**पुवायां, शाहजहांपुर।** ससुराल में तिलक समारोह में आये युवक ने पेड़ से लटक कर जान दे दी। मृतक की मांता की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पेड़ से उतारकर पीएम के लिए भेज दिया। शनिवार की सुबह पीलीभीत के थाना करेली के गांव पिपरिया की अमरावती पत्नी ब्रजलाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनका बेटा जंडेल की शादी पुवायां के गांव सकरापुर से हुई थी। जंडेल 20 फरवरी को अपनी रिश्तेदारी सकरापुर में बोधराम के पुत्र सुमित के तिलक समारोह में शामिल होने आया था और अपनी पुत्र के मुंडन की दावत भी देना आया था। 21 फरवरी को सुबह जानकारी मिली कि जंडेल का शव सकरापुर में पेड़ में टूपट्टा से लटका मिला। जब यह जानकारी परिजनों को हुई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी रवि करन सिंह ने बताया कि शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### मैरिज लान से युवक की बाइक चोरी

**पुवायां, शाहजहांपुर।** जिला पीलीभीत के थाना करेली के गांव भदेग कंजा निवासी आलोक सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुरुवार की शाम वह पुवायां के एक मैरिज लान में एक शादी में शामिल होने के लिए बाइक से आया था। बाइक को लान में खड़ी करके वह बारात में शामिल हो गया उसी दौरान उनकी बाइक किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली। जिसकी काफी तलाश की लेकिन अभी तक बाइक का पता नही चला है।

### अनुसूचित जाति के मजदूर को पीटा, तीन सगे भाइयों समेत पांच पर रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां, शाहजहांपुर।** खेत में खड़ी फसल को जबरन उठा ले जाने का विरोध करने पर अनुसूचित जाति श्रमिक के साथ मारपीट करने पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव बरीना निवासी अनुसूचित जाति के लालाराम ने सर्वजीत कौर के खेत में बटाई पर आलू की फसल लगा रखी है। शुक्रवार सुबह आलू की खोदाई करते वक्त गंगसरा निवासी रामकुमार, हंसराम, रामभोज, सुधीर कुमार, विशाल खेत पर लाठी-डंडे लेकर आ गये। आलू खोदने से मना करने पर लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दी आरोप है कि जान से मारने की धमकी देकर जाति सूचक गाली-गलौज किया।

### अलग-अलग सड़क हादसे में तीन लोग घायल

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।** खुटार थाना क्षेत्र के अंतर्गत अलग-अलग सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायल व्यक्तियों को 108 एंबुलेंस सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार लाया गया। थाना क्षेत्र खुटार के मैलानी रोड स्थित ओवर ब्रिज के नीचे एक व्यक्ति डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति का नाम संजीव कुमार पुत्र मैकूलाल उम्र करीब 38 वर्ष निवासी छितौनिया थाना हैदराबाद जनपद लखीमपुर खीरी जोकि थाना क्षेत्र खुटार के गांव सलनाह अपने साढू के यहां शादी में आए हुए थे शनिवार शाम करीब 4:00 अपने घर की ओर वापस जाते समय मैलानी रोड स्थित ओवर ब्रिज के नीचे वह तेज रफ्तार में बाइक होने के चलते है डिवाइडर से टकरा गए जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए घायल मिलते हैं उनके रिश्तेदार मौके पर पहुंचे व 108 एंबुलेंस की सहायता से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार लाया जहां पर डॉक्टर के द्वारा उनकी हालत को गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। तो वहीं खुटार के ही रौतापुर कलां गांव के रहने वाले रमेश कुमार अपने पुत्र आदित्य के साथ खुटार किसी काम से आ रहे थे तभी रास्ते में गांव के ही समीप पेट्रोल पंप के पास खुटार से पुवायां की ओर जा रहे बाइक सवार के द्वारा उनकी बाइक में टक्कर मार दी गई। जिससे पिता व पुत्र घायल हो गए घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार लाया गया जहां पर मौजूद डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

### दामाद व सास के खिलाफ दहेज एक्ट का मुकदमा दर्ज

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव मूर्छा निवासी श्याम कुमार पुत्र रामदास ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसने अपनी बेटी अनुराधा की शादी आठ माह पूर्व विभास पुत्र बाबूराम परवाना के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार की थी अपनी सामर्थ्य के अनुसार शादी में दान दहेज व उपहार दिए थे तथा पुत्री को उसकी ससुराल बड़े अरमानों के साथ बिदा किया था पर वे क्या पता था कि उसके ससुरीजन दिए गए दान दहेज से खुश नहीं थे। जिससे आए दिन उसकी पुत्री के साथ मारपीट कर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे थे। और जान से मारने का भी प्रयास किया इससे घबराकर उसकी पुत्री ने आपबीती घटना की जानकारी अपने पिता को फोन के द्वारा गोपनीय तरीके से दी।तब उसने पुत्री की ससुराल जाकर अपनी बेटी को साथ लेकर अपने गांव मूर्छा ये सोच कर चला आया की कुछ दिन में सब ठीक हो जाएगा। जब उसने पुत्री को उसकी ससुराल भेजना चाहा तो दामाद और विभास व सास विमला देवी ने खबर देकर बताया की अतिरिक्त दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल, सोने की चेन, और एक लाख नगद रुपया साथ लेकर अपनी लड़की को मेरे घर भेजना नहीं तो अपनी बेटी घर पर ही रख लेना उसने पुत्री को कई बार भेजने का प्रयास किया इस पर दामाद जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विभास पुत्र बाबूराम परवाना बस स विमला देवी पत्नी बाबूराम निवासी मोहल्ला ई 56 कुतुब विहार, फेस 2 गोयला, डेरी, छावला ,दक्षिण, पश्चिम ,दिल्ली सिटी ,के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जॉच शुरू की।

### छेड़छाड़ और घर में घुसने का आरोप

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के एक गांव की 18 वर्षीय युवती ने गांव के ही युवक पर छेड़छाड़ और घर में घुसने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 16 फरवरी की रात लगभग 11 बजे वह और उसका भाई घर में सो रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव का ही अतुल शर्मा घर में घुस आया और उसकी चारपाई पर बैठकर मुंह दबा दिया। युवती के अनुसार वह किसी तरह छूटकर अपने भाई के पास पहुंची और घटना की जानकारी दी। शोर होने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### लखनऊ सीतापुर हाईवे पर स्कूली मारुति वैन पलटी, दो स्कूली बच्चे घायल, 8 बच्चे सुरक्षित, चालक फरार




**रोजा, शाहजहांपुर।** शनिवार की सुबह सीतापुर हाईवे पर बरतारा के पास स्कूली बच्चों से भरी एक स्कूली मारुति वैन अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई और पलट गई। हादसे में दो स्कूली बच्चे घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल बच्चों को एंबुलेंस से राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया। घटना के बाद बैनर चालक फरार हो गया हैं। शनिवार की सुबह पीके कान्वेंट स्कूल की मारुति वैन दस बच्चों को लेकर स्कूल शाहजहांपुर आ रही थी। तभी रास्ते में बनतारा और गुर्री के बीच चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे वैन डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। इस हादसे में लखीमपुर के थाना पसगंवा के देवीगंज वंश (11) पुत्र रामपाल गुप्ता तथा अक्षत पुत्र कुलदीप सिंह (12) घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों बच्चों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत खतरे से बाहर है। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा।

### मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय दाउदपुर 24 करोड़ 67 लाख 50 हजार की धनराशि से होगा विद्यालय का निर्माण

**शाहजहांपुर।** शासन के निर्देश पर जनपद में मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय प्री-प्राइमरी से कक्षा-12 तक भावलखेड़ा की ग्राम-दाउदपुर उर्फ मुरादगॉव के निर्माण हेतु प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा परीक्षणोंपरान्त आंकलित लागत चौबीस करोड़ सड़सठ लाख पचास हजार मात्र की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा उक्त के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 50 प्रतिशत की धनराशि अर्थात 1233.75 लाख रूपये बारह करोड़ तैंतीस लाख पचहत्तर हजार मात्र की धनराशि अवमुक्त कर व्यय किए जाने की स्वीकृति प्राप्ति हुई है।

### घर में घुसकर युवती से अश्लील हरकत मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** घर में घुसकर युवती से अश्लील हरकते करने का आरोप लगाते हुए एक ग्रामीण ने युवक के खिलाफ तथा मारपीट करने में आरोपी के पिता के शामिल होने की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने दर्ज रिपोर्ट में गांव सियुरा निवासी सोमवीर पर 11 फरवरी को घर में घुसकर उसकी बेटी के साथ अश्लील हरकते करने का आरोप लगाया है। वहीं पीड़ित पिता का आरोप है कि जब युवक को मौके पर पकड़ लिया तो खबर म लेने पर उसके पिता रामबहादुर व आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी । जिससे पिता पुत्री घायल हो गए। पुलिस ने दोनों का चिकित्सीय परीक्षण कराया और पीड़िता के कोर्ट में बयान दर्ज कराए हैं।

# खेड़ा बझेड़ा में किसान गोष्ठी का आयोजन

**किसानों को बसंत कालीन गन्ना बुवाई की जानकारी दी**

**जैतीपुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के गांव खेड़ा बझेड़ा में द्वारिकेश चीनी मिल फरीदपुर द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। किसान गोष्ठी में 50 गांव के करीब 800 किसानों ने प्रतिभाग किया। गोष्ठी में गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के वरिष्ठ गाना वैज्ञानिक डॉक्टर सुनील विश्वकर्मा द्वारा किसानों को गन्ने की अधिक पैदावार प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। वहीं किसानों को गन्ने की नई प्रजातियों के बारे में जानकारी दी गई। गन्ने की फसल बुवाई करते समय बीमारियों से बचने के लिए उपचार विधि के बारे में बताया। कहां उपचार विधि के दौरान बीज को 10 मिनट तक डुबोकर बुवाई करें। चीनी मिल के उपमहा प्रबंधक गन्ना दिनेश कुमार शर्मा द्वारा किसानों को बसंत कालीन बुवाई पर दी जा रही सुविधाएं एवं अनुदान के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा खेत की तैयारी करते समय किसान गहरी जुताई करें। जिससे अधिक लाभ मिलेगा। वहीं उपमहा प्रबंधक गाना पी.के. चतुर्वेदी द्वारा किसानों को गन्ने की फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए किसानों को कृषि यंत्रों कीटनाशक एवं फफूंद नाशक, सूक्ष्म पोषक तत्व आदि उर्वरकों पर 25 से लेकर 50% तक अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने चीनी मिल द्वारा किस इतने चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। वरिष्ठ अधिकारी अनिल कुमार त्यागी द्वारा बताया गया द्वारकेश चीनी मिल गन्ना भुगतान करने में प्रदेश में अग्रणी है। वहीं किसानों को सुविधा वंदन देने में भी सदैव आगे रहती है। उन्होंने सभी किसानों से बसंत कालीन गन्ना बुवाई करने की अपील की। किसान गोष्ठी में गन्ना प्रबंधक अरविंद त्यागी, क्षेत्रीय गाना प्रबंधक विजय शंकर सिंह, गन्ना अधिकारी अमित कुमार वरुण प्रताप सिंह अनुपम मिश्रा प्रधान प्रवेंद्र सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में किसान मौजूद रहे।

## आयुष का नेवी में चयन

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के एनसीसी कैडेट आयुष अवस्थी का इंडियन नेवी में मेडिकल अस्सिटेंट के पद पर चयन होने पर मुमुक्षु शिक्षा संकुल के अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद ने बधाई और आशीर्वाद दिया। महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट आलोक कुमार सिंह ने बताया कि आयुष अवस्थी ने अपनी बेसिक ट्रेनिंग आई एन एस चिल्का पर पूरा करने के बाद शिपिंग ट्रेनिंग विशाखापट्टनम में पूरा किया और अब सोमा स्कूल आफ मेडिकल असिस्टेंट में 2 मार्च को नौकरी ज्वाइन कर लिया है। आयुष के इस सफलता पर महाविद्यालय के सचिव प्रोफेसर एके मिश्रा प्राचार्य प्रोफेसर आरके आजाद और उपप्राचार्य प्रोफेसर अनुराग अग्रवाल ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाइयां दी।

## अतिरेक मिश्रा बने जिला उपाध्यक्ष व ददरौल प्रभारी



**कांट, शाहजहांपुर।** राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय युवा नेता अतिरेक मिश्रा को निषाद पार्टी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी नेतृत्व ने उन्हें जिला उपाध्यक्ष तथा ददरौल विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया है। अतिरेक मिश्रा ने लगभग एक माह पूर्व ही निषाद पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। कम समय में संगठन के प्रति सक्रियता और समर्पण को देखते हुए पार्टी ने उन पर भरोसा जताते हुए यह दायित्व सौंपा है। इससे पहले वे बहुजन समाज पार्टी में सक्रिय रहे और ब्राह्मण भाईचारा प्रकोष्ठ में जिला उपाध्यक्ष के पद पर कार्य कर चुके हैं।

नव नियुक्त जिला उपाध्यक्ष अतिरेक मिश्रा ने कहा कि वे पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि ददरौल क्षेत्र में संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा तथा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का प्रयास किया जाएगा। पार्टी पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में ददरौल विधानसभा क्षेत्र में संगठन को नई मजबूती मिलेगी और आगामी चुनावों में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी।

## एसडीएम ने सुनीं जनता की समस्याएं



**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

संपूर्ण समाधान दिवस पर एसडीएम चित्रा निर्वाल व नायब तहसीलदार ने जनता समस्याएं सुनी। समाधान दिवस पर अधिकतर कई विभाग के अधिकारी अनुपस्थिति रहे।

शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस एसडीएम चित्रा निर्वाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें 47 शिकायतें आई लेकिन समाधान किसी भी शिकायत का नही हो सका। खानापूर्ति देखकर फरियादियों की संख्या कम रही फरियादियों का कहना है कि अभी तक किसी अधिकारी ने नही सुनी तो अब क्या समस्या का समाधान होगा। हम लोगों ने सोचा कि जिले से कोई अधिकारी आएगा तो उन्हें अपनी समस्या को अवगत कराएं लेकिन जिले का कोई अधिकारी नही आया इसलिए एसडीएम को अपनी फरियाद क्या बताई।

समाधान दिवस पर अधिकतर कुर्सियां खाली पड़ी रही कई विभाग के अधिकारी अनुपस्थिति रहे। फरियादियो का कहना था कि ऐसा लगता है कि यहां पर सभी लोग अपना अपना समय पास कर रहे है।

### समस्या निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: एडीएम

**तिलहर-शाहजहांपुर।** एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आई कुल 35 शिकायतों में से नौ मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। एडीएम ने अधिकारियों को हिदायत दी कि समस्याओ के निस्तारण में लापरवाही किसी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फरवरी माह के तीसरे शनिवार को तहसील सभागार में एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस के आयोजन के दौरान राजस्व, आपूर्ति, विद्युत, वन विभाग, पुलिस आदि विभागों से संबंधित 35 फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। एडीएम प्रशासन के निर्देशन में इस दौरान नौ समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया।शेष 26 समस्याएं संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश के साथ सौंप दी गई हैं।एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने इस दौरान उपस्थित अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी समस्या के निस्तारण में लापरवाही बरतना कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।श्री मिश्रा ने कहा कि नागरिकों का विश्वास बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।इस दौरान एसडीएम सदानंद सरोज,तहसीलदार दीपेंद्र कुमार, आपूर्ति निरीक्षक आलोक कुमार, नईम फरीदी, सौरभ त्रिपाठी, जेबलाल आदि मौजूद रहे।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**सिधौली शाहजहांपुर।** सिधौली थाना क्षेत्र के गांव पीरु निवासी होरीलाल पुत्र पूसे ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की बीते 14 जनवरी 26 को उसका पुत्र सौरभ मजदूरी के लिए महुआ बाजार तिराहे के पास मोटरसाइकिल के साथ खड़ा था। इतने में तीव्र गति से ट्रैक्टरट्रॉली चालक लापरवाही से चलाते हुए आया और उसके पुत्र के जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह चोटिल हो गया। साथ में बाइक भी क्षति ग्रस्त हो गई राहगीरों की सूचना पर आननफानन में पहुंची एंबुलेंस के माध्यम से उसको नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पुवायां में भर्ती कराया गया। वहां गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां उसको होश आने पर उसने बताया की ईटों से भरी ट्राली साबरी ब्रिक फील्ड भट्ठे की थी। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर व चालक अज्ञात नाम पता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

## अंतर्राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में शाहजहांपुर के डॉ. पुनीत मनीषी ने जीता ब्रांच मेडल

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




काठमांडू, नेपाल में 16 फरवरी से 20 फरवरी तक आयोजित चतुर्थ माउंट एवरेस्ट एवं द्वितीय माउंट एवरेस्ट जी.सी. एस. पुमसे (डब्ल्टयूटी जी- वन) अंतर्राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में जनपद शाहजहांपुर के अंतर्राष्ट्रीय ताइक्कांडो मास्टर डॉ. पुनीत मनीषी ने उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो एसोसिएशन के ओर से भारतीय टीम की ओर से प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जिसमें व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा व अंडर 50 सीनियर टीम पुमसे में शाहजहांपुर से डॉ. पुनीत मनीषी, आगरा से संतोष कुमार सिंह व प्रदीप गौड़उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 5.8त्न नंबर प्राप्त करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त कर ब्रोंज मेडल जीता। साथ ही प्रतियोगिता में कोच के रूप में नेपाल ताइक्कांडो संघ के अधिकारियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता का आयोजन नेपाल ताइक्कांडो संघ ने वर्ल्ड ताइक्कांडो, एशियन ताइक्कांडो यूनियन के साथ मिलकर किया। प्रतियोगिता में 28 देश के लगभग 2000 से अधिक प्रतिभागियों के साथ खेल अधिकारियों ने भी प्रतिभाग किया। शाहजहांपुर से डॉ. पुनीत मनीषी ताइक्कांडो खेल के एकमात्र ऐसे खिलाड़ी वह कोच है जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शाहजहांपुर का नाम स्वर्णिम अक्षरों पर लिखा है ऐसा मनीषी के लौटने पर एसोसिएशन के सचिव डॉक्टर गौरव कौशल ने बच्चों के बीच संबोधित करते हुए कहा। डॉ मनीषी अभी तक आठ बार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर चुके हैं। इस उपलब्धि पर मनीषी ताइक्कांडो वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय ताइक्कांडो मास्टर मो. नदीम खान, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष मो. रफत, उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो संघ के सचिव रजत आदित्य दीक्षित, संरक्षक ओंकार मनीषी, मो.इरफान, प्रमोद प्रमिल, उर्वशी श्रीवास्तव, नेहा मनीषी, कोच युवराज रस्तोगी, जितेंद्र वर्मा, शिवानी वर्मा, निशा, अलकमा, गौरव भंडारी इत्यादि लोगों ने बधाई दी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का सप्त दिवस का हुआ शुभारंभ

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



प्रेम किशन खन्ना राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आज सप्त दिवसीय विशेष शिविर (21 से 27 फरवरी 2026) का आज शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित, दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पातीराम सामाजिक कार्यकर्ता ने स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना, व्यक्तित्व निर्माण हेतु एक सर्वोत्तम मंच है। उन्होंने इस मंच के माध्यम से स्वयंसेवकों को मतदाता जागरूकता, स्वच्छता, कौशल विकास, शिक्षा एवं नारी सशक्तिकरण जैसे सामाजिक मुद्दों से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर श्रीकृष्णा सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों को चिन्हित करते हुए कहा कि कर्तव्य बोध एवं अनुशासन के द्वारा सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाया जा सकता है। एक स्वयंसेवक श्रमदान एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से व्यापक जन आंदोलन छेड़ सकता है। प्राचार्य कृष्ण कुमार यादव ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को आधुनिक युग में मोबाइल का सदुपयोग कर अधिक समय मोबाइल से दूर रहकर किताबों से दोस्ती की सलाह दी जिससे उनके सपने साकार हो सके। अधिकारी डॉ यादवेंद्र कुमार आर्य ने सप्त दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा को प्रस्तुत किया साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के आधार वाक्य नाट मी बट यू की भावना को विकसित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया स्वागत गीत ने सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। इस अवसर पर मंच का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर यादवेंद्र कुमार आर्य ने किया। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापक गण, प्रतिभाग करने बाले श्यामा राजपूत योगेश शुक्ला कर्मचारी एवं सुब्हाना वारसी, अंजली, जूली रिंकी, नेहा देवी, योगेश शुक्ला, हिमांशु पाल, उज्जवल, संदीप, आशुतोष, हिमांशु वर्मा, आयुष कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना सप्त दिवसीय विशेष शिविर का हुआ आयोजन




**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** 75 आजादी का अमृत महोत्सव बड़ी धूमधाम से प्रेम किशन खन्ना राजकीय महाविद्यालय जलालाबाद शाहजहांपुर में मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि प्रधान चेतराम रुस्तमपुर चक ने कार्यक्रम शुभारंभ किया शुभारंभ करते हुए कहा शिक्षा ही देश का भविष्य है सभी छात्र-छात्राएं मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने देश का नाम रोशन करें इस दौरान प्राचार्य डॉक्टर श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि विशेष शिविर का आयोजन जो किया गया है इसमें आए हुए सभी छात्र-छात्राओं का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन है विद्यालय में कल इस कार्यक्रम के अंतर्गत रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी छात्र-छात्राएं समय से विद्यालय पहुंचकर सम्मिलित हो। इस दौरान प्रतिभा करने वाले छात्र-छात्राओं में योगेश शुक्ला श्यामा राजपूत व सैकड़ो छात्र छात्राओं के साथ विद्यालय के स्टाप में यादवेंद्र यादव अरुण सिंह यादव सत्य प्रकाश द्विवेदी व सभी आचार्य गण मौजूद रहे।

### दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**सिधौली, शाहजहांपुर।** मुरछी गांव निवासी श्याम कुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि आठ माह पूर्व उन्होंने अपनी बेटी अनुराधा की शादी हिंदू रीति-रिवाज से दिल्ली के कुतुब विहार फेस-2, गोयल डेरी (थाना छावला) निवासी विभास के साथ की थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति विभास और सास विमला देवी दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल व सोने की चेन की मांग करने लगे। पीड़िता ने यह जानकारी अपने पिता को छुपकर फोन पर दी। श्याम कुमार की तहरीर पर पुलिस ने पति और सास के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## अपने वोट का किसी के लालच में आकर सौदा न करें: उदयवीर

**बसपा की सिन्धौली में हुई बैठक, बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ता**

**सिंधौली, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।**



विकासखंड सिंधौली के मैनी गांव स्थित अंबेडकर पार्क में बहुजन समाज पार्टी की एक कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। जिला अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पार्टी की नीतियों और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के शासनकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बहन जी की सरकार में छात्राओं को साइकिल वितरण, विद्यार्थियों को वजीफा तथा गरीब वर्ग के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई थीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और पूरी लगन से पार्टी के लिए कार्य करने का आह्वान किया। पार्टी के तिलहर विधानसभा उपाध्यक्ष मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र में एक वोट से सरकार बनती है बिगड़ती है इसलिए लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपने वोट का इस्तेमाल कर पार्टी को मजबूत बनाकर बहन जी को पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाने का कार्य करें आने वाले पंचायत चुनाव में पार्टी समर्थित प्रत्याशियों को जिताकर गांव एवं जिला पंचायत में अपनी सरकार बनाकर पार्टी को मजबूती प्रदान कर बहन जी के हाथों को मजबूत करें।अपने वोट का किसी लालच में आकर सौदा न करें न ही किसी को करने दें आपके एक वोट से किसी भी प्रत्याशी की तकदीर बदलेगी इसलिए एकजुट होकर पार्टी हित में मतदान करना होगा। वहीं भावी विधानसभा प्रत्याशी ठाकुर नरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मतदाता अपने वोट की कीमत समझें और उसे व्यर्थ न जाने दें। उन्होंने कहा कि जनता की ताकत से ही कोई व्यक्ति विधानसभा पहुंचता है। यदि उन्हें अवसर मिला तो वह किसानों के हितों के लिए संघर्ष करेंगे और फसलों का उचित मूल्य दिलाने का प्रयास करेंगे। इस दौरान उमेश सिंह चौहान, मोहम्मद तारिक खां, विधानसभा महासचिव प्रमोद गौतम रामवीर सिंह एडवोकेट विधानसभा अध्यक्ष नीरज भास्कर सरजील अहमद राईन, प्रदीप कुमार, लताफत मंसूरी बली मोहम्मद मंसूरी सुंदरलाल गौतम शकील मंसूरी राशिद मंसूरी आसिफ मंसूरी, मोबीन मंसूरी लतीफ मंसूरी बागी विक्रम सिंह, राम सिंह व रविंद्र सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे। अंत में विधानसभा अध्यक्ष नीरज भास्कर ने बैठक के समापन की घोषणा की।

# कलान तहसील में डीएम-एसपी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

**65 शिकायते आईं, दस का मौके पर निस्तारण, सर्वाधिक शिकायतें पुलिस नाइंसाफी की**

**मिर्ज़ापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



कलान तहसील में जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 65 फरियादियों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत की। जिनमें सर्वाधिक 15 शिकायतें पुलिस की नाइंसाफी की रहीं। कुल शिकायतों में दस शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभाग के अफसरों को गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के निर्देशों के साथ हस्तांतरित कर दिया गया। तहसील प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार सर्वाधिक पुलिस से संबंधित 15,राजस्व की 10, राजस्व और पुलिस से संबंधित 10, विकास की सात, चकबंदी की एक, विद्युत की चार तथा अन्य आठ शिकायतें जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत की गईं। मिर्जापुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुतुलूपुर निवासी रामनिवास ने संपूर्ण समाधान दिवस में दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके घर के ताले तोड़कर चोर लाखों रुपए मूल्य के सोने व चांदी के जेवरात और पीतल वो फूल के बर्तन चोरी कर ले गए। उसने चोरी की घटना की तहरीर उसी दिन मिर्ज़ापुर पुलिस को दी। पुलिस मौका मुआयना तो किया। किंतु पुलिस ने न तो चोरी की रिपोर्ट दर्ज की और न ही चोरों का पता लगाने के लिए पड़ोसी का सीसीटीवी कैमरा चेक किया। वह लगातार थाने के चक्कर लगा रहा है। वह 20 फरवरी को एकबार फिर मिर्ज़ापुर थाने गया तो एक दरोगा ने कहा कि चोरों का नाम बताओ,तभी रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। उसने कहा ऐसे वह किसका नाम रख दे,जब वह चोरी के समय घर में था ही नहीं। इसी तरह क्षेत्र के एक ग्रामीण ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि बीती 28 जनवरी को रात्रि नौ बजे उसकी पत्नी खेत में शौच करने गई थी। तभी उसके रिश्ते के मामा रामनरेश ने उसकी पत्नी को खेत में खींचकर जबरन दुराचार किया। पत्नी के शोर मचाने पर गांव के कई लोग मौके पर गए। तभी आरोपी रामनरेश पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। आरोप है कि वह रात में ही पत्नी को लेकर मिर्ज़ापुर थाने गया तो पुलिस ने सुबह आने को कहकर लौटा दिया। वह सुबह को भी थाने गया,किंतु पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। मिर्जापुर पुलिस से नाउम्मीद होकर वह कईबार पुलिस अधीक्षक से मिला। तब कहीं पुलिस ने घटना के एक पखवाड़े के बाद 11 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता का डाक्टरी परीक्षण और मजिस्ट्रेट बयान दर्ज करवाये। पीड़िता के पति का यह भी आरोप है कि पुलिस पीड़िता के बयान दर्ज हो जाने तथा डाक्टरी परीक्षण होने के बाद भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर रही है। जिससे आरोपी एलानिया कहता है कि पीड़िता के पति की हत्या करके उसकी पत्नी को अपनी पत्नी बनाकर रखेंगे। जिससे पीड़िता का परिवार बेहद भयभीत है। एसपी ने कार्यवाहक थाना प्रभारी को सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिया हैं। इस अवसर पर एसडीएम अभिषेक प्रताप सिंह, तसीलदार सृजित कुमार, नायब तहसीलदार सगीर अहमद, एसीएमओ डॉ. मोहम्मद आसिफ, डीडीओ ऋषिपाल सिंह, बीईओ मिर्जापुर अरविंद कुमार, बीईओ कलान प्रतिनिधि एराज मियां, सीएचसी जरियनपुर प्रभारी डॉ. आदेश रस्तोगी, पीएचसी कलान प्रभारी आर्येंद्र यादव, एसएसआई मिर्जापुर सुनील कुमार भारदाज, एसएचओ कलान शिवदीन वर्मा, एसएचओ परौर रामेंद्र सिंह, बीडीओ मिर्ज़ापुर/कलान रवि कुमार आदि उपस्थित रहे।

## पति, सास पर दहेज का मुकदमा दर्ज

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गाँव मुरछी निवासी श्याम कुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि आठ माह पूर्व उन्होंने अपनी बेटी अनुराधा की शादी हिंदू रीति-रिवाज से दिल्ली के कुतुब विहार फेस-2, गोयल डेरी थाना छावला निवासी विभास के साथ की थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति विभास और सास विमला देवी दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल व सोने की चेन की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने उसके साथ मारपीट की। जिसके बाद वह अपनी पुत्री को लिवा लाए। पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति और सास के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की प्राथमिकी पंजिकृत की है।

## खबरें एक नजर में

### मुस्कुराए चेहरे, खिली उम्मीदें, मंत्री सुरेश खन्ना ने किया उपकरण वितरित

**शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आज एक गरिमामय कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के हित में कृत्रिम सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना मुख्य अतिथि एवं ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा सहकारी बैंक अध्यक्ष डी.पी.एस. राठौर विधान परिषद सदस्य सुधीर गुप्ता मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह सिनसिनवार पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव परियोजना निदेशक जिला ग्राम विकास अभिकरण अवधेश राम जिला कृषि रक्षा अधिकारी एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी संजय कुमार उपस्थित रहे। मंच पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने एक-एक कर दिव्यांग लाभार्थियों को सहायक उपकरण भेंट किए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर जिला दिव्यांग अधिकारी संजय कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।कार्यक्रम के सफल संचालन एवं उपकरण वितरण में आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान के सचिव नीरज बाजपेयी के साथ दिव्यांग विभाग के स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। इस वितरण समारोह में सुरेश कुमार खन्ना के द्वारा 7 दिव्यांग जनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल अपनी विधायक विधि से दी गई। 8 ट्राईसाइकिल, 2 स्मार्ट केन, 4 व्हीलचेयर 3 एम. आर. किट व 1 स्टिक इस प्रकार कुल 25 उपकरणों का वितरण दिव्यांग लाभार्थियों को किया गया।सभी लाभार्थियों के चेहरों पर उपकरण प्राप्त करते समय खुशी की झलक स्पष्ट दिखाई दी। मंत्री जी ने कहा कि यह कार्यक्रम सरकार की उस संवेदनशील सोच का प्रतीक है जो समाज के हर वर्ग तक समान अवसर और सम्मान पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### शादी समारोह में हर्ष फायरिंग और मारपीट

**सिधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिधौली क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग और मारपीट का मामला सामने आया है। पैना बिजली घर के निकट झाले पर रहने वाले कुलदीप सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर चार नामजद समेत दो से तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित के अनुसार 20 फरवरी को उनके बेटे विक्रमजीत सिंह की शादी का कार्यक्रम था। बारात जाने के बाद घर पर कुछ मेहमान मौजूद थे। शाम करीब 7:30 बजे थार गाड़ी से कुछ लोग पहुंचे और ढोल बजाकर नाचने-गाने लगे। आरोप है कि उन्होंने शोर-शराबा और गाली-गलौज शुरू कर दी। मना करने पर आरोपियों ने मारपीट की और हर्ष फायरिंग कर दी। तहरीर में थाना सदर क्षेत्र के शाहमतगंज गौटिया निवासी मंजीत सिंह व ताजवीर सिंह, बरेली जनपद के फरीदपुर क्षेत्र निवासी जीवनजोत सिंह तथा निगोही के उदयपुर कटैया निवासी अदनान खां को नामजद किया गया है। घटना के बाद आरोपी जानमाल की धमकी देते हुए थार गाड़ी से फरार हो गए। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए शिक्षकों को सहयोग करने के निर्देश

**रविवार को भी खुलेंगे विद्यालय**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 एस आई आर अभियान के अंतर्गत दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने के लिए जनपद में कल रविवार 22 फरवरी 2026 को भी समस्त परिषदीय, मान्यता प्राप्त एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों को कार्य दिवसों की भांति प्रातः 10:00 बजे से खुले रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। यह आदेश उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) के द्वारा जारी किया गया है।


इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं समस्त स्टाफ निर्धारित समय पर विद्यालय में उपस्थित रहेंगे।

दिये गये आदेश के अनुसार, विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकगण अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु फार्म-6 भरवाने के कार्य में बीएलओ का सहयोग सुनिश्चित करेंगे, जिससे अधिक से अधिक पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जा सके। प्रशासन का उद्देश्य मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाते हुए प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची में शामिल करना है।

**रामचंद्र मिशन आश्रम में बसंत उत्सव के तीसरे चरण का दूसरा दिन**

## देश-विदेश के हजारों अभ्यासियों ने की ध्यान साधना किया गुरु दर्शन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडीटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के सान्निध्य और मार्गदर्शन में राम चन्द्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव-2026 के तीसरे चरण के दूसरे दिन का शुभारंभ प्रातःकाल सामूहिक ध्यान साधना से हुआ। देशविदेश से आये हजारों अभ्यासियों ने ध्यान साधना कर मानव कल्याण और विश्व शांति की कामना की। आश्रम परिसर शांति, श्रद्धा और साधना से आलोकित वातावरण रहा। इस अवसर पर पूज्य दाजी ने अपने संदेश में कहा कि आध्यात्मिक विकास के लिए दो तत्त्व अनिवार्य हैं ग्रहण करने की इच्छा और ग्रहण करने के लिए आंतरिक रिक्तता। जो पात्र पहले से ही भरा है, उसमें और कुछ भरा नहीं जा सकता। यह इस बात का सटीक विवरण है कि चेतना में भी यही होता है जब अहंकार उस स्थान को घेर लेता है, जहाँ विकास घटित होना था। तिनसुकिया आसाम से आये वरिष्ठ अभ्यासी रघुवीर अग्रवाल ने बाबूजी महाराज के साथ बिताए समय की यादों को साझा किया। बसंत उत्सव के अंतर्गत आश्रम परिसर में श्रद्धा, साधना और शांति का दिव्य वातावरण रहा। सायंकालीन ध्यान सत्र में भी पूज्य दाजी ने साधकों को ध्यान कराया, जिससे वातावरण और अधिक आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा। आयोजन को सफल बनाने में कान्हा आश्रम प्रबंधक विनीत राणावत, सर्वेश चंद्रा, माधो गोपाल अग्रवाल, ए.के. गर्ग, गोपाल अग्रवाल, सुयश सिन्हा, हर्षवर्धन अग्रवाल, ममता सिंह, संजय मिश्रा, राज गोपाल अग्रवाल, प्रमोद कुमार सिंह, शुभम सक्सेना, जोन प्रभारी सौमेंद्र त्यागी, संजय श्रीवास्तव, माया सिंह, बबिता यादव, बेबी राज, कुमार अभय, विनोद श्रीवास्तव, राकेश सक्सेना, डॉ. प्रसन्न कुमार, के एम त्रिपाठी, डॉ. अनुभव सक्सेना, कृष्णा भारद्वाज सहित अनेक साधकों का योगदान रहा।

## पाइपलाइन बिछाने के बाद गड्ढे भरना भूलें जिम्मेदार, बोर्ड बैठक में उठा मुद्दा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



विकास भवन में आयोजित जिला पंचायत बोर्ड बैठक में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के समक्ष जिला पंचायत सदस्य कुसुम मिश्रा के प्रतिनिधि पति पूर्व जिपं सदस्य नीरज मिश्रा ने शिकायत पत्र दिया।उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत कांट ब्लाक के रसेम,नगला, बांसखेड़ा, भैंसटाकलां आदि ग्रामों में पाइपलाइन बिछाने के बाद अभी तक खोदे गढ्ढे भरे नहीं गये है। जिस कारण रहगीरों को निकलना दूभर हो रखा है। रसेम व बहादुरपुर मार्ग पर जिला पंचायत से बनाए गयी सड़क को ठेकेदार ने खोदकर बेच दिया है,लगभग 250मीटर खंडजा गायब है।ग्राम जरावन में विद्युत सप्लाई के लिए बड़ी क्षमता का ट्रांसफार्मर रखनाने की मांग भी बोर्ड बैठक में रखी गई। कांट कुर्रिया कला नहर व कमलापुर रजवहा में पानी निरंतर सप्लाई होता रहे, इसके लिए मुद्दा उठाया गया। नीरज मिश्रा ने बताया कि उनके द्वारा जब जल जीवन मिशन के कार्यों की लापरवाही बरतने संबधित शिकायत की तो उसकी सही से जानकारी भी नहीं उपलब्ध कराई गई है। बैठक में कुछ अधिकारी नदारद रहने पर जिला पंचायत सदस्यों ने कड़ी नाराजगी जाहिर की।

### जल जीवन मिशन की शिकायत पर धमकी का आरोप

जिला पंचायत बोर्ड बैठक में आरोप प्रत्यारोप के बीच जिला पंचायत सदस्य अनिल प्रजापति ने बताया कि उन्होंने जब जल जीवन मिशन के कामकाजों में हीलाहवाली की शिकायत की जो जल जीवन से जुड़े लोगों द्वारा धमकी दी गई है। जिस पर कार्यवाही हो, जिला पंचायत सदस्य का अन्य सदस्यों ने बैठक में समर्थन किया।

## जिलाधिकारी के निरीक्षण के बाद एक्शन मूड में दिखीं ईओ कांट



**कांट, शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी के निरीक्षण के अगले दिन एक्शन मूड में आयी अधिशासी अधिकारी नूरजहां ने चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। वहीं जल निकासी योजना के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास से निकाल रहे नाले में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए स्थानीय संभ्रांत लोगों को बुलाया एवं लेखपाल को मौके पर बुलाकर जगह का चिन्हीकरण कराया। उसके उपरांत प्राचीन शीतला देवी मंदिर पर बंधन योजना के अंतर्गत कराये जा रहे कार्यों का पुनः निरीक्षण किया एवं कार्य कराने वाले ठेकेदारों को मौके पर बुलाकर समय से कार्य पूरा करने एवं कार्यों को मानक अनुसार करने अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी उसके उपरांत स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बनने वाले शौचालय का भी निरीक्षण दिया निरीक्षण के दौरान चेयरमैन पुत्र पूर्व चेयरमैन रईस मियां समाजसेवी छोटे मिश्रा योगेश शर्मा सभासद पति लालजीत राठौर अकरम खान ठेकेदार राम रईस पाल वाजिद खान रामऔतार पाल पप्पू पाठक नगर पंचायत लेखपाल माथुर सहित नगरपंचायत कर्मी भी मौजूद रहे।

## हवालात में सिसक रहा मानवाधिकार कानून, 24 घंटे के बजाए यहां एक पखवाड़े से भी अधिक रखा जाता है बंधक

**मनोज प्रबल**

**तिलहर-शाहजहांपुर।** तिलहर कोतवाली पुलिस किसी भी अपराध को कारित करने अथवा उसमें शामिल होने की संभावना के चलते हिरासत में लेकर एक एक पखवाड़े से ज्यादा हवालात में रखकर मानवाधिकार आयोग के नियमों और कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ा रही है। जिसकी विभागीय उच्चाधिकारी भी अनदेखी किए हुए हैं। वहीं आयोग ने भी आंखों पर पट्टी बांध रखी है।

यहां गौर तलब है कि मथुरा जनपद से एक किशोरी के भागने के मामले में जहां नगर के मोहल्ला नजरपुर निवासी एक युवक चार फरवरी को पुलिस ने कब्जे में लिया था। उसे ग्यारहवें दिन पॉस्को व रेप के आरोप में जेल भेजा गया। वहीं उसी मामले में मथुरा जनपद क्षेत्र का ही एक अन्य अंकित सैनी नामक युवक उसी दिन से समाचार भेजे जाने तक हवालात में रखा गया है। चर्चा है कि उक्त अंकित का कोई भी रिश्तेदार उसे सुपुर्दगी में लेने के लिए नहीं आ रहा। पुलिस उसे 20 दिन बाद आखिर भेजे तो कहां और सुपुर्दगी में दे भी तो दे किसे ? वह पुलिस की गले की फांस बन कर रह गया है। इसी क्रम में कानपुर जनपद क्षेत्र के एक युवक को भी एक पखवाड़े के बाद मुक्त किया जाने की चर्चा गरम है। कोतवाली पुलिस के इस कारनामे की पुष्टि यह लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाले जाने पर हो सकती है। हिरासत में कई कई दिन हवालात में रखे गए संदिग्धों को लेकर उनके परिजन भी शिकायत करें तो कैसे करें। क्योंकि उन्हें तो अपने व्यक्ति की रिहाई की उम्मीद जो लगी रहती है। पुलिस के इस कारनामे से कोई अपरिचित नहीं है। कुल मिलाकर मानवाधिकार आयोग के कानून की धज्जियां उड़ाए जाने से मानवता भी सिसकने लगी है।

## टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक संगठनों का ऐतिहासिक आंदोलन, संयुक्त संघर्ष की घोषणा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया द्वारा उत्तर प्रदेश में 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए सेवा में बने रहने हेतु टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य किए जाने के निर्णय के विरोध में प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठनों ने संयुक्त रूप से ऐतिहासिक आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। इस निर्णय से प्रदेश एवं देश के लगभग 12 लाख शिक्षकों में गहरा रोष व्याप्त है और शिक्षक आंदोलन की राह पर अग्रसर हो गए हैं। शहर के एक रेस्टोरेंट में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री देवेश बाजपेई ने कहा कि अब तक शिक्षक संगठन अपने-अपने बैनर तले अलग-अलग आंदोलन कर रहे थे, लेकिन अब प्रदेश के चारों मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठनों ने एकजुट होकर संयुक्त संघर्ष का निर्णय लिया है। वहीं उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष दिनेश गंगवार ने कहा कि सभी शिक्षक संगठनों ने टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले आंदोलन करने का निर्णय लिया है, जिससे शिक्षकों की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाया जा सके। बैठक में आंदोलन की रूपरेखा घोषित करते हुए बताया गया कि 22 फरवरी 2026 को अपराह्न 2 बजे से 4 बजे तक एक्स (ट्विटर) पर हैशटैग अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद 23 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक शिक्षक विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे। 26 फरवरी 2026 को अपराह्न 2 बजे से 4 बजे तक संबंधित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया जाएगा तथा बीएसए कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। इसके अतिरिक्त मार्च के तीसरे सप्ताह में नई दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल महारैली आयोजित कर भारत सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष रविन्द्र पाल प्रजापति, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला मंत्री विश्राम सिंह, महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष दीपिंदर कौर, निकहत, अजय वर्मा, डॉ. विनय गुप्ता, राजकुमार तिवारी, बृजेश कुमार वर्मा, विनोद कुमार, राजीव वर्मा, रमेश चंद्र, विनोद सम्राट सहित अनेक शिक्षक नेताओं ने भाग लिया। इसके साथ ही अन्य संगठनों के पदाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर आंदोलन में सहभागिता की सहमति प्राप्त की गई। शिक्षक संगठनों ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन शिक्षकों के सम्मान, सेवा सुरक्षा और न्याय के लिए है तथा आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के एक गांव युवती ने कोतवाली में दर्ज करायी गयी प्राथमिकी में बताया कि मंगलवार की रात उसके स्वजन रिश्तेदारी में गए थे। वह और उसका भाई घर में सो रहे थे। देर रात गाँव का ही एक युवक दीवार फांदकर घर में घुस आया। आरोप है कि उक्त युवक ने कपड़े से उसका मुंह दबाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। किसी तरह आहट सुनकर मौके पर पहुँचे उसके भाई ने युवक के साथ हाथापायी की कोशिश की। जिसके बाद आरोपित धमकी देता हुआ भाग गया।

**परिजन रिश्तेदारी में गए हुए थे, भाई घर में सो रहा था**

## निपुण आंकलन परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न, 16 कस्तूरबा विद्यालयों के 1700 छात्राओं का हुआ मूल्यांकन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद के समस्त विकास खंडों एवं नगर क्षेत्र में संचालित 16 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में निपुण आंकलन परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस परीक्षा में लगभग 1700 छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी शैक्षिक उपलब्धियों का प्रदर्शन किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि निपुण आंकलन परीक्षा का प्रश्नपत्र जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शाहजहांपुर में विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया गया था। वहां से प्रश्नपत्रों को सीधे सभी कस्तूरबा विद्यालयों के परीक्षा केंद्रों पर भेजा गया, जिससे परीक्षा की गोपनीयता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।उन्होंने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर नियुक्त परीक्षकों की देखरेख में छात्राओं का एकीकृत प्रश्नपत्र के माध्यम से सभी विषयों में शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से आंकलन किया गया। इस परीक्षा के परिणामों के आधार पर कस्तूरबा विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के संविदा नवीनीकरण की प्रक्रिया भी निर्धारित की जाएगी। परीक्षा की निष्पक्षता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, जिला समन्वयकों एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने परीक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सभी केंद्रों पर परीक्षा सकुशल एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुई।

## डीएम-एसपी ने बांटे स्वीकृति प्रमाण-पत्र

**पूरनपुर, पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**



तहसील समाधान दिवस पहुँचे डीएम ज्ञानेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्र ने मुख्यमंत्री की विभिन्न योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुंचाना और पात्र व्यक्तियों को प्रक्रिया संबंधी सहूलियतें प्रदान करना था।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को आवास निर्माण से संबंधित प्रमाण पत्र दिए गए, अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इन प्रमाण पत्रों से लाभार्थियों को आगे की औपचारिकताओं में सुविधा होगी और आवास निर्माण का कार्य समय पर पूरा किया जा सकेगा। लाभार्थियों ने सरकार की इस पहल पर संतोष व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत दुर्घटना में मृत या घायल हुए किसानों के परिजनों को स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। अधिकारियों ने बताया कि यह योजना किसानों और उनके परिवारों को संकट के समय आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत भी पात्र लाभार्थियों को लाभ से जुड़े स्वीकृति प्रमाण पत्र सौंपे गए, जिससे उनकी शिक्षा,भरण-पोषण और भविष्य की जरूरतों में मदद मिल सके जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने लाभार्थियों से योजनाओं का सही और पारदर्शी तरीके से उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने जोर दिया कि सरकार का लक्ष्य है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति इससे वंचित न रहे।

## रोबोटिक विवाद : चूक या जल्दबाजी

नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमता सम्मेलन में प्रस्तुत एक रोबोटिक मॉडल ने भारत की तकनीकी विश्वसनीयता, संस्थागत जवाबदेही और सरकारी सत्यापन प्रणाली पर गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं। इस मंच पर प्रदध्शत रोबोट को भारत की स्वदेशी तकनीकी क्षमता का प्रतीक बताते हुए इसे देश के नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया गया। केंद्रीय आई.टी. मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी इस तकनीक की सराहना करते हुए इसे भारत की बढ़ती तकनीकी शक्ति का उदाहरण बताया। उस समय यह संदेश दिया गया कि भारत अब केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि निर्माता और नवप्रवर्तक भी बन चुका है। लेकिन जैसे-जैसे इस मॉडल के तकनीकी पहलुओं का विश्लेषण सामने आया, कई विशेषज्ञों ने यह संकेत दिया कि रोबोट पूरी तरह स्वायत्त नहीं था और संभवतः बाहरी नियंत्रण या पूर्व निर्धारित प्रोग्रामिंग पर आधारित था। इससे यह सवाल उठना स्वाभाविक हो गया कि क्या इस तकनीक को राष्ट्रीय उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत करने से पहले पर्याप्त तकनीकी सत्यापन किया गया था या नहीं? भारत में किसी भी नई तकनीक, मशीन या मॉडल को कानूनी रूप से पेटैंट देने का अधिकार केवल इंडियन पेटैंट ऑफिस के पास होता है, जो डिपार्टमैंट ऑफ प्रमोशन आफ इंडस्ट्री एंड इंटर्नल ट्रेड के अधीन कार्य करता है। जब तक किसी मॉडल को पेटैंट नहीं मिलता, तब तक उसे पूर्ण रूप से प्रमाणित स्वदेशी नवाचार नहीं माना जाता। यदि इस रोबोटिक मॉडल को पेटैंट नहीं मिला था या उसका आवेदन लंबित था, तो इसे राष्ट्रीय उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत करना तकनीकी प्रक्रिया की दृष्टि से समयपूर्व माना जा सकता है।
विश्वविद्यालय स्तर पर भी जब कोई छात्र या शोधकर्त्ता नया मॉडल विकसित करता है, तो सबसे पहले विश्वविद्यालय का रिसर्च एंड डिवैल्पमैंट या इंटेलैक्चुअल प्रॉपर्टी सैल उसकी जांच करता है। यदि मॉडल सभी मानकों पर खरा उतरता है, तभी उसे पेटैंट प्रदान किया जाता है। इस स्थिति में यह स्पष्ट होना आवश्यक है कि संबंधित मॉडल को पेटैंट या सरकारी तकनीकी मान्यता प्राप्त थी या नहीं। यदि किसी तकनीक को राष्ट्रीय उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, तो सामान्यतः मिनिस्ट्री ऑफ इलैक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टैक्नोलॉजी तथा साइंस एंड टैक्नोलॉजी विभाग जैसे संस्थान उसकी तकनीकी प्रामाणिकता की जांच करते हैं। यदि यह जांच पूरी तरह नहीं हुई और केवल संस्थान के दावे के आधार पर उसे राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत कर दिया गया, तो यह संस्थागत समन्वय की कमी को दर्शाता है। इस प्रकार के अंतर्राष्ट्रीय मंच केवल तकनीकी प्रदर्शन के लिए नहीं होते, बल्कि वे देश की विश्वसनीयता और प्रतिष्ठा का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसे मंचों पर प्रस्तुत हर तकनीक केवल एक मॉडल नहीं होती, बल्कि वह देश की वैज्ञानिक क्षमता का प्रतीक बन जाती है। यदि उसमें किसी प्रकार की विसंगति सामने आती है, तो उसका प्रभाव वैश्विक स्तर पर देश की छवि पर पड़ता है। यह विवाद ऐसे समय में सामने आया है जब भारतीय वैज्ञानिक और इंजीनियर विश्व की अग्रणी तकनीकी कंपनियों और अनुसंधान संस्थानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कृत्रिम बुद्धिमता, रोबोटिक्स और मशीन लध्नग के क्षेत्र में भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। लेकिन तकनीकी नेतृत्व केवल नवाचार से नहीं, बल्कि उसकी प्रामाणिकता और पारदर्शिता से भी स्थापित होता है।यदि यह केवल विश्वविद्यालय स्तर की प्रस्तुति थी, तो इसे उसी स्तर तक सीमित रखना चाहिए था। और यदि इसे राष्ट्रीय उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया गया, तो उसकी पूर्ण तकनीकी जांच सुनिश्चित करना संबंधित संस्थाओं की जिम्मेदारी थी। भारत के पास प्रतिभा, संसाधन और क्षमता की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता केवल इस बात की है कि हर उपलब्धि को प्रामाणिकता और ईमानदारी के साथ प्रस्तुत किया जाए। यही दृष्टिकोण भारत को न केवल तकनीकी रूप से मजबूत बनाएगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर एक विश्वसनीय और सम्मानित तकनीकी राष्ट्र के रूप में स्थापित करेगा।

# एआई का नया युग और भारत की मानव केंद्रित दृष्टि

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*

नई तकनीकी क्रांति के इस दौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वैश्विक शक्ति संतुलन, आर्थिक निवेश और सामाजिक संरचना को प्रभावित करने वाला परिवर्तनकारी उपकरण बन चुका है। देश की राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 ने यह संकेत स्पष्ट कर दिया कि भारत इस परिवर्तन के केंद्र में स्वयं को स्थापित कर रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार यह आयोजन भव्य रूप से सफल रहा और देश को एआई क्षेत्र में 250 अरब डॉलर से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। यह आंकड़ा आज सिर्फ आर्थिक भरोसे का संकेत नहीं है, यह तो वैश्विक मंच पर भारत की नीति-दृष्टि की स्वीकृति को रेखांकित करता है।

**मानव-केंद्रित एआई : भारत की विशिष्ट पहचान:-** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत मानव एआई की परिकल्पना इंसानों का, इंसानों द्वारा और इंसानों के लिए एआई को व्यापक वैश्विक समर्थन मिला। इस दृष्टि का सार यह है कि एआई का विकास केवल व्यावसायिक लाभ या तकनीकी श्रेष्ठता तक सीमित न रहे, बल्कि सामाजिक कल्याण, नैतिक मानकों और समावेशी विकास को प्राथमिकता दे। समिट में 70 से अधिक देशों ने अंतिम घोषणा पर हस्ताक्षर किए, जोकि पिछले सम्मेलन से अधिक संख्या है। वस्तुतः यह तथ्य दर्शाता है कि जिम्मेदार और नैतिक एआई पर भारत की पहल को बहुपक्षीय समर्थन प्राप्त हुआ है।

**निवेश का अभूतपूर्व प्रवाह : विश्वास का आर्थिक रूप:-** अश्विनी वैष्णव ने बताया कि अवसंरचना से जुड़े निवेश प्रस्ताव 250 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो चुके हैं, जबकि डीप-टेक और वेंचर कैपिटल निवेश प्रतिबद्धताएं लगभग 20 अरब डॉलर तक पहुंच गई हैं। इन प्रतिबद्धताओं का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि एआई अवसंरचना में उच्च क्षमता वाले डेटा सेंटर, क्लाउड कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर निर्माण और साइबर सुरक्षा जैसे घटक शामिल होते हैं।

यह निवेश संकेत देता है कि भारत केवल उपभोक्ता बाजार नहीं, बल्कि एआई समाधान विकसित करने वाला वैश्विक केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद भारतीय इंजीनियरों और शोधकर्ताओं द्वारा विकसित उच्च गुणवत्ता वाले मॉडल उद्योग जगत के लिए आश्चर्य का विषय बने हैं।

**रिकॉर्ड भागीदारी और वैश्विक उपस्थिति:-** समिट में 5 लाख से अधिक आगंतुकों ने भाग लिया। विश्व के लगभग सभी प्रमुख एआई प्रतिष्ठानों, उद्योग दिग्गजों और स्टार्टअप्स




की भागीदारी ने इसे वैश्विक मंच का रूप दिया। प्रदर्शनी में नई तकनीकों, नवाचारों और व्यावहारिक अनुप्रयोगों का प्रदर्शन हुआ। मंत्रिस्तरीय संवाद, लीडर्स प्लेनरी और उद्घाटन सत्रों में चर्चाओं की गुणवत्ता को असाधारण बताया गया।

ढाई लाख विद्यार्थियों की भागीदारी के साथ एक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बना, जो यह दर्शाता है कि भारत एआई को युवा शक्ति से जोड़ने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यह भागीदारी भविष्य की कौशल संरचना को मजबूत करने की दिशा में एक ठोस कदम है।

**एआई स्टैक और सॉवरेन मॉडल : रणनीतिक आत्मनिर्भरता:-** भारत ने एआई स्टैक की पांच परतों के निर्माण की नीति अपनाई है, जिसमें डेटा, प्लेटफॉर्म, मॉडल, एप्लिकेशन और गवर्नेंस शामिल हैं। सॉवरेन बुके मॉडल की अवधारणा का उद्देश्य देश के लिए स्वदेशी एआई क्षमताओं का विकास करना है, जिससे रणनीतिक निर्भरता कम हो सके।

एआई सुरक्षा के लिए 12 संस्थानों का नेटवर्क तैयार किया गया है, जो मानकों, शोध और परीक्षण पर कार्य कर रहा है। सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन को सुदृढ़ करने के लिए पैक्स सिलिका समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह पहल चिप निर्माण और संपूर्ण सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

**एआई का व्यावहारिक उपयोग : भारत की बढ़त:-** अमेरिकी कंपनी ओपनएआई के अनुसार तकनीकी कार्यों के लिए चैटजीपीटी के उपयोग में भारत वैश्विक औसत से काफी आगे है। भारत में डेटा विश्लेषण का उपयोग वैश्विक औसत से लगभग चार गुना अधिक है, जबकि कोडिंग के लिए कोडेक्स का उपयोग करीब तीन गुना ज्यादा है। भारतीय उपयोगकर्ता कोडिंग से जुड़े प्रश्न वैश्विक औसत की तुलना में तीन गुना अधिक पूछते हैं और शिक्षा से संबंधित प्रश्न लगभग दोगुने हैं।

साप्ताहिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या 10 करोड़ से अधिक हो चुकी है, जिससे भारत अमेरिका के बाहर सबसे बड़ा बाजार बन गया है। कार्य से संबंधित उपयोग 35 प्रतिशत तक है, जो वैश्विक औसत से अधिक है। इससे स्पष्ट है कि एआई को कार्यालयों में ड्राफ्टिंग, एडिटिंग, तकनीकी सहायता और डिबगिंग के लिए प्रभावी उपकरण के रूप में अपनाया जा रहा है।

**युवा शक्ति और जनसांख्यिकीय लाभ:-** 18 से 24 वर्ष आयु वर्ग कुल संदेशों का लगभग आधा हिस्सा भेजता है, जबकि 18 से 34 वर्ष वर्ग 80 प्रतिशत उपभोक्ता संदेशों के लिए जिम्मेदार है। यह जनसांख्यिकीय प्रवृत्ति बताती है कि भारत की युवा आबादी तकनीकी परिवर्तन को तेजी से अपना रही है। भौगोलिक दृष्टि से तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे तकनीकी केंद्र कोडिंग क्षमताओं के उपयोग में अग्रणी हैं। यह क्षेत्रीय नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की मजबूती को दर्शाता है।

**वैश्विक सहयोग : ग्लोबल साउथ की आवाज:-** कनाडा, स्विट्जरलैंड, ब्राजील और अन्य देशों के प्रतिनिधियों ने भारत की पहल की सराहना की। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला के नेतृत्व में आए बड़े प्रतिनिधिमंडल ने एआई, रक्षा, कृषि और ऊर्जा क्षेत्रों में साझेदारी को ऐतिहासिक बताया। कनाडा के मंत्री इवान सोलोमन ने इसे सभी देशों के लिए खुला मंच बताया। यह सम्मेलन ग्लोबल साउथ के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि तकनीकी क्रांति में विकासशील देशों की भागीदारी सुनिश्चित करना वैश्विक असमानताओं को कम करने का माध्यम बन सकता है।

**स्वास्थ्य और नियमन : जिम्मेदार विस्तार की आवश्यकता:-** डब्ल्यूएचओ की पूर्व डिप्टी डायरेक्टर जनरल सौम्या स्वामीनाथन ने स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इमेज रिकग्निशन और पैटर्न एनालिसिस के माध्यम से एक्स-रे और पैथोलॉजी स्लाइड पढ़ने जैसे कार्य विशेषज्ञों की कमी वाले क्षेत्रों में सहायक हो सकते हैं। उन्होंने एआई उत्पादों के लिए क्लिनिकल ट्रायल, नियामक ढांचा और सुरक्षा मूल्यांकन की आवश्यकता पर जोर दिया। यह दृष्टिकोण दर्शाता है कि तकनीकी विस्तार के साथ गवर्नेंस फ्रेमवर्क का सुदृढ़ होना अनिवार्य है। एआई का लोकतंत्रीकरण तभी सार्थक होगा जब मानक, बेंचमार्क और पारदर्शी नियम लागू किए जाएं।

**विश्वास, निवेश और दृष्टि का संगम:-** अतः यहां निष्कर्ष रूप में यही कहना होगा कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत एआई युग में निर्णायक भूमिका निभाने की तैयारी कर चुका है। 250 अरब डॉलर से अधिक के निवेश प्रस्ताव, रिकॉर्ड भागीदारी, वैश्विक समर्थन और युवा शक्ति की सक्रिय उपस्थिति इस परिवर्तन की आधारशिला हैं।

भारत की मानव-केंद्रित नीति, संतुलित विदेश नीति और विशाल प्रतिभा भंडार ने एक ऐसा वातावरण तैयार किया है जिसमें तकनीकी नवाचार सामाजिक जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ सके। एआई का अगला अध्याय केवल एल्गोरिद्म और डेटा तक सीमित नहीं रहेगा; यह विश्वास, सहयोग और समावेशी विकास की कहानी भी लिखेगा। भारत इस कहानी का केंद्रीय पात्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

> अमेरिकी कंपनी ओपनएआई के अनुसार तकनीकी कार्यों के लिए चैटजीपीटी के उपयोग में भारत वैश्विक औसत से काफी आगे है। भारत में डेटा विश्लेषण का उपयोग वैश्विक औसत से लगभग चार गुना अधिक है, जबकि कोडिंग के लिए कोडेक्स का उपयोग करीब तीन गुना ज्यादा है। भारतीय उपयोगकर्ता कोडिंग से जुड़े प्रश्न वैश्विक औसत की तुलना में तीन गुना अधिक पूछते हैं और शिक्षा से संबंधित प्रश्न लगभग दोगुने हैं। साप्ताहिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या 10 करोड़ से अधिक हो चुकी है, जिससे भारत अमेरिका के बाहर सबसे बड़ा बाजार बन गया है। कार्य से संबंधित उपयोग 35 प्रतिशत तक है, जो वैश्विक औसत से अधिक है। इससे स्पष्ट है कि एआई को कार्यालयों में ड्राफ्टिंग, एडिटिंग, तकनीकी सहायता और डिबगिंग के लिए प्रभावी उपकरण के रूप में अपनाया जा रहा है। 18 से 24 वर्ष आयु वर्ग कुल संदेशों का लगभग आधा हिस्सा भेजता है, जबकि 18 से 34 वर्ष वर्ग 80 प्रतिशत उपभोक्ता संदेशों के लिए जिम्मेदार है। यह जनसांख्यिकीय प्रवृत्ति बताती है कि भारत की युवा आबादी तकनीकी परिवर्तन को तेजी से अपना रही है। भौगोलिक दृष्टि से तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे तकनीकी केंद्र कोडिंग क्षमताओं के उपयोग में अग्रणी हैं। यह क्षेत्रीय नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की मजबूती को दर्शाता है। वैश्विक सहयोग कनाडा, स्विट्जरलैंड, ब्राजील और अन्य देशों के प्रतिनिधियों ने भारत की पहल की सराहना की। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला के नेतृत्व में आए बड़े प्रतिनिधिमंडल ने एआई, रक्षा, कृषि और ऊर्जा क्षेत्रों में साझेदारी को ऐतिहासिक बताया। कनाडा के मंत्री इवान सोलोमन ने इसे सभी देशों के लिए खुला मंच बताया। यह सम्मेलन ग्लोबल साउथ के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि तकनीकी क्रांति में विकासशील देशों की भागीदारी सुनिश्चित करना वैश्विक असमानताओं को कम करने का माध्यम बन सकता है।

विचार

# कर्नाटक में देसी बीज बचाने वाली महिलाएं

*बाबा मायाराम*

कर्नाटक राज्य में उत्तर कन्नड़ जिले की सिरसी तालुका में महिला किसानों का समूह है, जो जंगल में घरेलू कृषि बागवानी को बढ़ावा देता है। परंपरागत देसी बीजों, जैव विविधता और पर्यावरण का संवर्धन और संरक्षण करता है। वनस्त्री नामक संस्था के काम से ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी इलाकों के लोगों की दिलचस्पी बढ़ी है। आज इस अनूठे महिला समूह के बारे में बात करना चाहूंगा, जिससे देसी बीजों को बचाने की इस पहल को जाना जा सके। जलवायु बदलाव के दौर में इसके महत्व को समझा जा सके। मैं कर्नाटक में वनस्त्री के काम को देखने के लिए कुछ साल पहले गया था।
कई गांव घूमा था। और महिला समूह के सदस्यों से मिला था। इसके बाद भी वनस्त्री के कार्यकर्ताओं से एक दो बार अलग-अलग कार्यक्रमों में मुलाकात हुई है। यहां महिलाओं ने लगातार देसी बीज बचाने, विशेषकर सब्जियों के बीज संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वन बागवानी के लिए प्रोत्साहित किया है, जिससे देसी बीजों के साथ पारंपरिक ज्ञान भी बचाया जा सके। जलवायु बदलाव के दौर में प्रतिकूल परिस्थितियों, जैव विविधता व पर्यावरण को बचाया जा सके। इससे न केवल गांव, कस्बों, शहरों की महिलाओं को जोड़ा है, बल्कि दूरदराज के आदिवासियों महिलाओं को भी जोड़ा है और उन्हें प्रशिक्षित किया है। वनस्त्री की शुरूआत 2001 में हुई। सुनीता राव ने इसकी पहल की थी, जो अपनी पढ़ाई के दौरान ही जापान के मशहूर कृषि वैज्ञानिक मोसानोबू फुकूओका से मिली थीं और प्रभावित हुई थीं। तब वह पांडिचेरी में पढ़ रही थीं, उस दौरान फुकूओका वहां आए थे। उनसे प्रभावित होकर वैसा ही काम करना चाहती थीं। एक जमाने में फुकूओका की किताब एक तिनके से आई क्रांति काफी चर्चित रही थी। फुकूओका ने खुद जापान में उनके खेत में प्राकृ तिक खेती के प्रयोग किए थे, जो बाद में दुनिया भर में चर्चित हुए।
संस्था की कार्यकर्ता सुनीता राव ने बताया था कि वनस्त्री को काम करते हुए कई साल हो गए हैं। इससे जुड़कर बड़ी संख्या में महिला किसान जंगल घरेलू कृषि बागवानी का अनूठा काम कर रही हैं। इससे खाद्य, चारा, ईंधन, रेशा, औषधियां मिलती हैं। यह बेहतर स्वास्थ्य के साथ टिकाऊ जीवनशैली का आधार है। प्रकृति से जुड़ने का एक माध्यम भी है। सुनीता राव बताती हैं कि इसकी शुरूआत अनौपचारिक रूप से हुई। जब भी हम किसी के घर जाते थे तब वे सबसे पहले उनका सब्जी का बगीचा दिखाते थे, बाद में घर के अंदर ले जाते थे। उनके लिए सब्जी का बगीचा बहुत महत्वपूर्ण होता था। यह बगीचा घर के बाहर छोटे हिस्से में होता है। एक एकड़ से कम या ज्यादा भूमि के टुकड़े में हो सकता है। जिसमें मिश्रित फसलें होती हैं। विविध तरह की सब्जियां, फल- फूल, जंगली कंद-मूल व औषधिपूर्ण पौधे होते हैं। वे आगे बताती हैं कि श्ये महिलाएं पूरी तरह आत्मनिर्भर व स्वावलंबी हैं। वे अपने बगीचे में सब्जियां व फल उगाती हैं। फसल कटाई के बाद बीजों को चुनती हैं, उन्हें संभालती हैं, और उनका आदान-प्रदान करती हैं।
परंपरागत बीजों की धरोहर व उससे जुड़े पारंपरिक ज्ञान को सहेजती हैं। मैं भी ऐसा ही कुछ काम करना चाहती थी। देसी बीजों का संरक्षण करना चाहती थी, परंपरागत ज्ञान एकत्र करना चाहती थी। इस काम को आगे बढ़ाने के लिए महिलाओं को जोड़ने की इच्छा थी।
वनस्त्री की शुरूआत इसी तरह से हुई। वनस्त्री ने इस पहल को आगे



बढ़ाने के लिए अलग-अलग समय में कई तरह के काम किए हैं। उन्होंने जगह-जगह जाकर देसी बीज एकत्रित किए, आपस में आदान प्रदान किए, उनके गुणधर्म जाने, और इसका प्रचार- प्रसार किया। इस संस्था ने कोविड के दौरान रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने व स्वस्थ रहने के लिए पारंपरिक काढ़े को बढ़ावा दिया है। यह हल्दी, अदरक, काली मिर्च, ब्राम्ही, तुलसी, अजवाइन, जीरे का उपयोग कर बनाया जाता है। इस काढ़े को दूध या पानी के साथ पीते हैं। लेमनग्रास, अदरक व तुलसी की चाय पी। यह पारंपरिक नुस्खा सदियों से आजमाया गया है, जो लोगों के अनुभव व पारंपरिक ज्ञान से निकला है। वनस्त्री ने अखबारी कागज के गमले बनाए हैं। उनमें बीज और पौधे रोपकर स्थानीय स्तर पर वितरित किए।
इस मुहिम में स्वैच्छिक कार्यकर्ता के रूप में कुछ युवा भी जुड़े। वनस्त्री के काम के प्रचार-प्रसार में डाकघर व डाकिया का योगदान अहम है। एक डाकिया ने शुरूआत में पर्चे बांटने में मदद की थी। पारंपरिक बीजों के प्रचार-प्रसार और संरक्षण के लिए हर साल मलनाड़ मेला होता है। इसके आयोजन में वनस्त्री भी शामिल है। इससे ग्रामीण व शहरी समुदायों को जोड़ने की कोशिश है। इसे मलनाड वार्षिक मेला कहते हैं, जो मेलनाडु पहाड़ी शृंखला के नाम पर है। जिसमें महिला किसान व वनस्त्री के सदस्य आते हैं। उनके खेती व जंगल के उत्पाद लाते हैं, जिसमें बीज, औषधीय पौधे, खाद्य व गैर खेती खादय व हस्तशिल्प होता है। यह मेला एक दिन का होता है और यह भी ग्रामीण व शहरी लोग आते हैं और पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ उठाते हैं। इस पूरी पहल से कुछ बातें कही जा सकती हैं वनस्त्री व गांवों में घरेलू कृषि बागवानी का महत्व पता चला। परंपरागत बीजों का महत्व पता चला, जो सदियों से विकसित हुए हैं। ये बीज, स्थानीय मिट्टी पानी और जलवायु के अनुकूल होते हैं। इनमें कीट, सूखा और प्रतिकूल मौसम सहने की क्षमता होती है। जैवविविधता और पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं की भूमिका रेखांकित की, जो सदियों से है। बीज संरक्षण और पारंपरिक ज्ञान के आदान प्रदान में महिलाएं सदैव आगे रही हैं। वे न केवल पारंपरिक बीज बल्कि रसोईघर की व्यवस्था, संस्कृति और जीवनशैली को बचाने में भी आगे रही हैं। कुल मिलाकर, यह परंपरागत बीजों को बचाने और बढ़ाने की, टिकाऊ खेती की, खाद्य सुरक्षा, जैव विविधता और पर्यावरण बचाने की छोटी सी पहल है।
आत्मनिर्भर, स्थानीयकरण व स्वावलंबन की ओर बढ़ने की पहल है। महिला किसानों को नई पहचान देने की पहल है, जो खेती की अधिकांश काम करती हैं परंतु पीछे रहती हैं। इससे यह भी समझ आता है कि बागवानी, सब्जी, फल-फूल, औषधीय पौधों व सब्जी बाड़ी (किचिन गार्डन) पर ध्यान दिया जाना चाहिए, जो बेहतर स्वास्थ्य के लिए जरूरी है वनस्त्री की छोटी पहल उम्मीद की किरण भी दिखाती है, जो दीर्घकालीन उपायों की दिशा दिखाती है। क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ेंगे?

साहित्य



## ये कैसा विपक्ष का प्रदर्शन...!

**संजय एम तराणेकर**

*भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ कैसा प्रदर्शन,*
*विपक्ष के कार्यकताओं ने टी-शर्ट उतार दिए दर्शन।*
*इन्होंने एआई समिट में क्यों? किया ऐसा नंगा नाच*
*देश-विदेश के भी प्रतिनिधि तो कर रहे थे इन्हें वॉच।*

*ये देश की छवि धूमिल करने का हैं शर्मनाक कृत्य,*
*सत्ता पाने की छटपटाहट का यहीं सबसे बड़ा सत्य।*
*समिट पर विश्व मीडिया ने की हैं भारत की सराहना,*
*लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आज़ादी दी ये डरावना।*

*नीतियों का करिए विरोध-नेतृत्व पर उठाइए सवाल,*
*वैश्विक प्रतिनिधियों के सामने न करिए कोई बवाल।*
*देश की जनता सत्ता लोभ में गिरते स्तर से हैं नाराज,*
*क्या, भविष्य में ऐसे दल चुनाव जीतेंगे आएगा राज।*
*(संदर्भ-भारत मंडपम में यूथ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन)*





## राशिफल

**मेष:-** भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं।

**वृषभ:-** व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है।

**मिथुन:-** किसी अचल सम्पत्ति क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगावें। मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि तो होगी परन्तु इससे अभिमानी न बनें।

**कर्क:-** समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में वृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें। कल्पनाएं साकार होती नजर आएंगी।

**सिंह:-** नये कार्य में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**कन्या:-** रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**तुला:-** प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिऐ व्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिक:-** अच्छे अवसरों का लाभ उठानें में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा दें। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता से मन उत्साहित होगा।

**धनु:-** भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुचा सकतीं हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें।

**मकर:-** उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा। महत्वपूर्ण पारिवारिक दायित्वों के पूर्ति के आसार बनेंगे।

**कुंभ:-** परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। परिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। शिक्षा-प्रतियोगिता में प्रयत्न सार्थक होगा।

**मीन:-** सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा।

# आखिरकार, एकता लाने की कोशिश कर रहा है ट्रांस अटलांटिक अलायंस

*अंजन रॉय*

तवर्ल्ड इकानॉमिक फोरम का दावोस में दुनिया के नेताओं, राजनीतिक और कॉर्पोरेट, दोनों की मुलाकात, एक जाना-माना इवेंट बन गया। हालांकि, पिछले हफ्ते एक और भी जरूरी और निश्चित रूप से बहुत प्रतिष्ठित मीटिंग हुई। यह म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस (एमएससी) है जो 13 से 15 फरवरी को इसी नाम के जर्मन शहर में हुई। सालाना म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस (एमएससी),जो दुनिया भर में सबसे प्रभावशाली और हाई डेसिबल सिक्योरिटी सर्किट प्लेटफॉर्म के रूप में उभरा है, ने सहयोगी अमेरिका और यूरोप के बीच एक तरह का मेल-मिलाप देखा है। अगर पिछले साल का एमएससी एक तरह का तबाहकुन और बुरी तरह से हुआ इवेंट था, तो इस साल के एमएससी को ज्यादा दोस्ताना मौके के रूप में दिखाने की कोशिश की गई। पिछले साल की कॉन्फ्रेंस में, अमेरिका के उप-राष्ट्रपति जे.डी. वैंस ने यूरोपीय श्रोताओं को अपनी रक्षा जरूरतों का ध्यान रखने में पूरी तरह विफल होने की कुछ स्पष्ट याद दिलाकर हैरान कर दिया था। वैंस ने यूरोप को यह भी याद दिलाया था कि वह अपनी सोच और नीति से सभ्यतागत भ्रम के करीब है। वैंस के उस भाषण के बाद, एक साल तक यूरोपीय और अमेरिकी, जो द्वितीय विश्व युद्ध के खत्म होने के बाद से सबसे करीबी साथी थे, अलग-अलग हो गए थे। अमेरिका ने धमकी दी थी कि अमेरिकन अब यूरोप की रक्षा का खर्च नहीं उठाएंगे। इस साल की कॉन्फ्रेंस में, अमेरिका के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट, मार्को रुबियो ने ज्यादा सुलह वाली बात कही, और कहा कि अमेरिका और यूरोप एक साथ हैं। उन्होंने यहां तक कह दिया कि अमेरिका यूरोप का बच्चा है। पिछले साल जेडीवैंस की कड़ी फटकार के बाद रुबियो का भाषण यूरोपीय लोगों के लिए सुकून देने वाली थी। शायद वैलेंटाइन डे पर, मार्को रुबियो उस महादेश को अलग-थलग नहीं कर सकते थे जिसे कभी मदर कंट्री कहा जाता था। लेकिन रुबियो ने यह भी ध्यान से बताया कि यूरोप को अपने जीवनमूल्य सभ्यतागत सम्पर्क को रीसेट करना चाहिए, जिसने दोनों को एक साथ जोड़ा था। रुबियो ने आगे आकर कहा कि अमेरिका यूरोप का बच्चा है। आखिर, यूरोप के बिना अमेरिका क्या है कृ इसका 250 साल से ज्यादा का इतिहास नहीं है, इसके पूर्व का कोई लेखन नहीं है, न ही इसके पास यूरोपीय वास्तुकला या संगीत है या यहां तक कि युद्धों का इतिहास भी। ये अमेरिकी, ट्रंप, वैंस, रुबियो और उनके जैसे लोग यूरोपीय विरासत को भी अपना मानते हैं, और वे उस विरासत को बचाना चाहते हैं, यह देखते हुए कि यूरोप की मुख्यभूमि में बड़े पैमाने पर मुस्लिम हमले के कारण यह खतरे में था। किसी भी आईवी लीग यूनिवर्सिटी के इतिहास के पाठ्यक्रम पर गौर करें तो आप पाएंगे कि यूरोपीय राजनीतिक इतिहास, यूरोपीय सामाजिक विकास और यहां तक कि यूरोपीय साम्राज्य भी वे अध्ययन हैं जो वे बहुत बारीकी से देते हैं। येल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डोनाल्ड कगन, जो ग्रीक इतिहास के जाने-माने जानकार हैं, गर्व से कहते हैं कि यूरोप की लोकतांत्रिक परंपरा सीधे ग्रीस से आई है।
रोमन वास्तुकला पर व्याख्यान श्रृंखला में इटली और रोम की पुरातात्विक स्थलों का अध्ययन किया जाता है, खासकर हथेली के पिछले हिस्से की तरह हर बचे हुए पुरातात्विक अवशेष की व्यापक रूप से जांच की जाती है और उन्हें जानकर आप शायद रोम के सबसे अच्छे गाइड बन जाएंगे। रोमन और ग्रीक खंडहरों के वास्तुकला सैंपल को अमेरिका के सुपर-रिच और मशहूर लोगों के नए घरों में बड़े चाव से कॉपी किया गया है। एक खूबसूरत वास्तुकला के रूप में, जिसे पास के वेसुवियस से ज्वालामुखी की राख की एक परत से ढककर पोम्पेई में बेदाग रखा गया था, पॉलगेटी के घर में ईमानदारी से कॉपी किया गया था। अमेरिकी अपने श्वेत प्रजातीय श्रेष्ठता के दर्शन कोकृ यूरोपीय भाषा में इसे यूरोपियन सुप्रीमेसी कहते हैंकृ यूरोप के देशों में निर्यात करने की कोशिश कर रहे हैं। यही वह चीज है जो ट्रंप जैसे अमेरिकी फैलाना चाहते हैं। कुछ लीडर ऐसे हैं जो पहले से ही अपने आप में थोड़ा नरम रूख के हो चुके हैं जैसे हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान या स्लोवाकिया के राष्ट्रपति। कुल मिलाकर, मार्को रुबियो यूरोप के उदार देशों के नजरिए में बुनियादी अंतर पर ही टिके रहे, जैसा कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और दूसरे लोग दिखाते हैं।
अमेरिकी जीवनमूल्य, यानी ईसाई धर्म, यूरोप की विरासत का शर्म के बजाय सम्मान, और सबसे बढ़कर, आप्रवासियों पर रोक लगाने जैसे कदमों में बदल गया ताकि अमेरिकियों ने जिसे यूरोप का सभ्यता का खत्म होना कहा था, उसे रोका जा सके। ये जीवन मूल्य भले ही सत्ताधारी अमीर लोगों के लिए थोड़ी दूर की हों, लेकिन यूरोप के दक्षिणपंथी विपक्षी नेताओं के लिए बुनियादी आधार थीं। इस तरह अमेरिकियों और यूरोपीय लोगों के बीच अपनी-अपनी पुरानी सोच को लेकर अंतर साफबना हुआ है, हालांकि मार्को रुबियो के भाषण में इन्हें अमेरिकी उपराष्ट्रपति के कड़े और झटकेदार लहजे की तुलना में नरम और दिलासा देने वाले तरीके से कहा गया था। यह डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका और पारंपरिक अमेरिका के बीच का फर्क था, न कि यूरोप में किसी बदलाव का। फिर भी, अमेरिकियों ने इस बात पर जोर दिया कि यूरोपीय अपनी सुरक्षा की ज्यादा जिम्मेदारी खुद लें, न कि इसे पूरी तरह से अमेरिकियों को आउटसोर्स करें। यह रिश्ते के लेन-देन वाली प्रकृति की याद दिलाती थी, जहां पुराने महाद्वीप से ज्यादा जिम्मेदारी लेने की उम्मीद थी। अमेरिका के खर्च उठाने के बजाय, वे अपनी सुरक्षा के लिए ज्यादा मेहनत करेंगे। इस हार से कई तरह से यूरोप का भी भला हुआ है। यूरोपीय देश बुरी तरह हिल गए हैं और अमेरिकियों पर निर्भर रहने की पुरानी मानसिक आदतों से हटकर अपनी सोच बदल रहे हैं। नए हालात में, ब्रिटेन के सर कीर स्टारमर ने लगभग दस साल पहले इंटीग्रेटेड यूरोपियन कॉमन मार्केट से बाहर निकलने के बाद यूके और यूरोपियन यूनियन के बीच ज्यादा जोरदार वापसी की बात कही है।
ब्रिटेन ने ईयू से खुद को बांधने के बजाय बाकी दुनिया के साथ जुड़ने का विचार रखा था। दूसरे यूरोपियन भी अब अमेरिका के सहयोग के दायरे से बाहर, आपस में ज्यादा सहयोग की बात कर रहे हैं। यूरोपियन कॉमन आर्मी और यूरोपीय देशों के बीच जॉइंट कमांड की भी बात चल रही है। अगर कुछ है, तो वह है ट्रंप की ग्रीनलैंड को अपने में मिलाने की बात, और अगर इस मकसद के लिए मिलिटरी विकल्प की जरूरत पड़ी तो इस्तेमाल करने की धमकी ने यूरोपियन देशों को उत्साहित किया है। बेशक, आखिर में, रूस ने यूरोपीय लोगों में डर पैदा कर दिया था और उन्हें एहसास हो गया था कि यह महादेश रूसी आक्रमण के लिए कितना कमजोर है। रूसोफोबिया को जिंदा रखने के लिए, यूरोपीय लोगों ने आज रूसी विपक्षी नेता, एलेक्स नलवाल्नी की हत्या के बारे में एक जॉइंट स्टेटमेंट जारी करना इसका एक उदाहरण है। उन्होंने पुष्टि की थी कि दो साल पहले साइबेरिया की एक जेल में कैद रूसी विपक्षी नेता को मारने के लिए साउथ अफ्रीकन डार्टफ्रॉग पॉइजन का इस्तेमाल किया गया था।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### न्याय पूर्ण ढंग से करें समाधान दिवस की शिकायतों का निस्तारणः एडीएम



**शाहाबाद/हरदोई।** शनिवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता एडीएम प्रफुल्ल त्रिपाठी ने की। इस मौके पर पुलिस और राजस्व से संबंधित 35 शिकायतें आई जिनमें से पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को निस्तारित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। एडीएम प्रफुल्ल त्रिपाठी ने कहां संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का समय के अंदर निस्तारण किया जाए। संबंधित विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौके पर जाकर मौका मुआयना करें उसके बाद ही शिकायत का निस्तारण करें। अगर किसी भी अधिकारी या कर्मचारी ने बिना मौके पर जाए शिकायत का निस्तारण कर दिया तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण ने कहा आगामी त्योहारों को देखते हुए रात्रि गस्त में कोई लापरवाही न करें।इस मौके पर एसडीएम अंकित तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण, तहसीलदार संध्या यादव, प्रभारी निरीक्षक अरविंद राय सहित समस्त विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### बेरहमी से लादे गए अठत्तर पशुओं से भरा डीसीएम ट्रक पुलिस ने पकड़ा, पांच तस्कर गिरफ्तार



**शाहाबाद/हरदोई।** कोतवाली छेत्र के ग्राम उधरनपुर में शुक्रवार की रात चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने छमता से अधिक बेरहमी से लादे गए पशुओं सहित पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने डीसीएम को पकड़कर सीज कर दिया। प्राप्त विवरण में एएसपी/सीओ शाहाबाद आलोक राज नारायण के नेतृत्व में बीते आठ दिनों से सरकिल में आगामी त्योहारों को लेकर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार की रात एस आई हरदीप कुमार पुलिस बल के साथ उधरनपुर बैरियर पर चेकिंग कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर शाहजहांपुर से आ रहे डीसीएम ट्रक संख्या यूपी 27सीटी 5316 को एस आई लाखन सिंह और हरदीप कुमार ने रोककर पूछताछ की।डीसीएम ट्रक की तलाशी में उसमे बेहरहमी से लदे हुए 78 पशुओं को पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से रस्सी खुलवाकर बाहर निकलवाया। पुलिस ने डीसीएम पर बैठे नबी हसन पुत्र बक्शी, अरबाज पुत्र मुन्शी, बब्लू पुत्र गब्टू नि. कुतुआपुर बंजारनपुरवा मियापुर थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहाँपुर, मुस्ताक पुत्र शेर खां नि. मियापुर थाना सेहरामऊ दक्षिणी और दलशेर अली पुत्र नूरा अली नि. उमरपुर लौकीखेड़ा थाना मूड़ा जनपद लखीमपुर खीरी वर्तमान पता नि. मियापुर थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहाँपुर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार पशु तस्करों ने पुलिस को बताया उक्त पशुओं को गांव से खरीदकर तथा गाडियो में भरकर पैसो की बचत के लिये अधिक संख्या में भरकर ले जाकर गोरखपुर में बेचने जा रहे थे। पुलिस ने पशु चिकित्सा अधिकारी से पकड़े गए पशुओं का मेडिकल करवाया है। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

### हरदोई में उमरारी पड़ाव पर पहुंची 84 कोसीय परिक्रमा, श्रद्धालुओं ने संतों के दर्शन कर आशीर्वाद लिया



**बेनीगंज/हरदोई।** पौराणिक और धार्मिक आस्था की प्रतीक 84 कोसीय परिक्रमा यात्रा उमरारी पड़ाव पर पहुंचने पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। यात्रा में शामिल साधु–संतों और महंतों के दर्शन के लिए क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने संतों का स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया और स्वयं को धन्य महसूस किया। नैमिष धाम से यात्रा में शामिल संत महंत श्री संतोष दास खाकी जी महाराज ने बताया कि 84 कोसीय परिक्रमा का विशेष पौराणिक महत्व है। मान्यता है कि यह परिक्रमा भगवान विष्णु की तपोभूमि और ऋषि–मुनियों की साधना स्थली नैमिषारण्य के 84 कोस क्षेत्र की परिधि में की जाती है। शास्त्रों के अनुसार इस परिक्रमा को करने से 84 लाख योनियों के बंधन से मुक्ति मिलती है और व्यक्ति को पुण्य फल की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि यह यात्रा सनातन परंपरा, धर्म और संस्कृति को जीवंत बनाए रखने का माध्यम है। उमरारी पड़ाव पर श्रद्धालुओं ने भजन–कीर्तन, प्रसाद वितरण और सेवा कार्यों में बढ़–चढ़कर भाग लिया। पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा।

### सेकंड बटालियन पीएसी और एसडीआरएफ ने काफ़ी मशक्कत के बाद दोनों बालिकाओं के बरामद किये शव



**हरदोई।** पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत देहलिया के मजरा रामपुर में हुए तालाब में डूबी दोनों किशोरियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। सीतापुर से आई सेकंड बटालियन पीएसी और बरेली से पहुंची एसडीआरएफ टीम ने संयुक्त रूप से कई घंटे कड़ी मशक्कत करते हुए सघन सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसके बाद 12 वर्षीय प्रियंका और 14 वर्षीय आरूषी के शव तालाब से निकाले जा सके।शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मां–बाप और रिश्तेदार रोते–बिलखते नजर आए, मौके पर मौजूद ग्रामीणों की आंखें भी नम हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। दर्दनाक हादसे के बाद पूरे गांव में शोक और मातम का माहौल बना हुआ है। एएसपी मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने बताया पी ए सी सीतापुर की बाढ़ राहत टुकड़ी और एसडीआरएफ टीम ने तालाब में डूबी दोनों बच्चियों के शव को बरामद कर लिया है।शवों को पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भेजा गया है। आगे वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सुलह समझौता करा कर वापस दो पक्षों को घर भेजा





**हमीरपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संचालित मध्यस्थता केन्द्र में अंजू और दयाशंकर के मध्यस्थ अधिवक्ता शिवशरण गुप्ता द्वारा दोनो पक्षो से वार्ता कर निपटरा किया गया। ओमप्रकाश और पारूल में मध्यस्थ अधिवक्ता मुनीन्द्र कुमार द्वारा दोनो पक्षो से वार्ता कर निपटरा किया गया। लक्ष्मी और मनोज में मध्यस्थ अधिवक्ता राजेन्द्रवीर चौहान द्वारा दोनो पक्षो से वार्ता कर निपटरा किया गया। दंपत्ति द्वारा साथ–साथ रहने की सहमति व्यक्त की गयी। इस प्रकार कुल 3 मामले का समझौता कराया गया। सचिव /महेंद्र कुमार पाण्डेय द्वारा दोनो पक्षों को बधाई दी गयी और मध्यस्थ अधिवक्ताओं के कार्य पर संतोष जाहिर किया गया।

### हड़ताल समाप्त कर रविवार से काम पर लौटेंगे सफाई कर्मचारी

**शाहाबाद/हरदोई।** तीन फर्मो के ब्लैक लिस्टेड होने के बाद वेतन रुक जाने से नाराज आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी आठ दिन से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे थे। शनिवार को अधिशासी अधिकारी और सफाई कर्मचारियों के नेताओं के बीच हुई सौहार्दपूर्ण वार्ता के बाद हड़ताल समाप्त करने का ऐलान किया गया है। रविवार को सुबह से सफाई कर्मचारी अपने काम पर वापस लौटेंगे। गुरुवार को सफाई कर्मचारियों का वेतन उनके खाते में पहुंच जाने का आश्वासन दिया गया। आठ दिन से ठप्प पड़ी सफाई व्यवस्था से पूरे शहर में गंदगी व्याप्त हो गई। नगर पालिका परिषद में आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को वेतन देने वाली तीन प्रमुख फर्मों को ब्लैकलिस्टेड किए जाने के बाद यह समस्या उत्पन्न हुई थी। नगर पालिका के 300 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी और सुपरवाइजर जैसे पदों पर बैठे कर्मचारियों का वेतन फंस गया। अधिशासी अधिकारी समय से वेतन देने का कोई जवाब नहीं दे सके, जिससे नाराज होकर आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने अनिश्चित कालीन हड़ताल कर दी और नगर में प्रदर्शन कर अधिशासी अधिकारी मुर्दाबाद के नारे लगाए। आठ दिन से चली आ रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते पूरे नगर की सफाई व्यवस्था चौपट हो गई। नगर के मुख्य मार्ग सिनेमा मार्ग, बस स्टैंड, पुरानी सब्जी मंडी, चौक, सराफा बाजार, बड़ी बाजार, सदर बाजार, अल्लाहपुर आदि मुख्य मार्गो सहित गलियों में कूड़े के बड़े–बड़े ढ़ेर लग गए । कूड़ा कचरा सड़ने लगा जिससे संक्रामक रोग फैलने की पूरी आशंका बन गई। होली का पर्व नजदीक है और रमजान का पर्व भी प्रारंभ हो जाने की वजह से मस्जिदों और मंदिरों के आसपास बड़ी मात्रा में गंदगी व्याप्त हो गई। समस्या विकराल होती देख अधिशासी अधिकारी ने सफाई कर्मचारियों के नेताओं संजय कुमार वाल्मीकि एवं बीएम सिंह को बुलाकर शनिवार को नगर पालिका परिषद के कार्यालय में वार्ता की।

# कल्याणकारी योजनाओं को पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाएंः डीएम

- उच्च अधिकारियों के संज्ञान में खाली करायें भूमि के अवैध कब्जे व कार्यवाही करें: जिलाधिकारी
- रात्रि गस्त बढ़ायें व क्षेत्र की जानकारी बीट सिपाही एवं चौकीदारों से लें: अशोक कुमार मीणा

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को तहसील सण्डीला में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अनुनय झा ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये के भारत एवं प्रदेश सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं के पात्र व्यक्तियों को चिन्हित कर लाभान्वित करायें और प्रत्येक दिन प्रातः10 बजे से 12 बजे कार्यलय में विभागीय योजनाओं एवं अन्य समस्याओं के निदान के लिए आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से लें और उचित समस्याओं का समय पर निस्तारण सुनिश्चित करें।



समाधान दिवस में विकास एवं निर्माण कार्यो के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये समस्त विकास एवं निर्माण कार्यो को शासन द्वारा निर्धारित समय में गुणवत्ता पूर्ण एवं मानक के अनुरूप पूरा करायें। गरीबों एवं सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त कानूनगों व लेखपालों को निर्देश दिये ऐसी शिकायतों पर विशेष ध्यान दें और सभी प्रकार की भूमि किये गये अवैध कब्जों को उच्च अधिकारियों को संज्ञान में देते हुए खाली करायें और अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करायें। विद्युत संबंधी शिकायतों के संबंध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि खराब तार एवं ट्रास्फारमरों को तत्काल ठीक करायें तथा विद्युत उपभोक्ताओं बिजली बिल आदि समस्याओं का सही निराकरण करायें। राशन वितरण में अनियमिताओं की शिकायत पर उन्होने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षकों के माध्यम से कोटेदारों की जांच करायें और अनियमितता करने वालों विरूद्व कार्यवाही करें। पेंशन संबंधी शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन निराश्रित महिला, वृद्धावस्था एवं दिब्यांगजनों की पेंशन किसी कारण बन्द हो गयी है उनकी जांच कराकर पात्र लोगों की पेंशन बहाल करायें। अन्य विभागों की प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिये सभी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता परक समय पर करायें। सम्पूर्ण समाधान में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने उपस्थित थानाध्यक्षों को निर्देश दिये आगामी होली पर्व एवं अन्य त्यौहारों को ध्यान में रखतें हुए सर्तक रहें और क्षेत्र में अफवाह एवं आराजकता फैलाने वालों को पहले से चिन्हि कर, चेतावनी दें त्यौहार पर किसी प्रकार अफवाह एवं आराजकता फैलाने की कोशिश की तो कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा रात्रि गस्त बढ़ायें और क्षेत्र की हर जानकारी के लिए बीट सिपाही एवं चौकीदारों से प्रत्येक दिन जानकारी लें और अवैध भूमि कब्जा मुक्त कराने में राजस्व टीम का सहयोग करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. भावनाथ पाण्डे, उप जिलाधिकारी नारायणी भाटिया, पीडी, जिला विकास अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य सभी जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, सीडीपीओ, सीओ व थानाध्यक्ष आदि उपस्थित रहें।

## सीएम ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की फसल की क्षतिपूर्ति किसानों को दी

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को मुख्यमंत्री उप्र सरकार के कर कमलो द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा एवं मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत लाभार्थी कृषको को डीबीटी के माध्यम से क्षतिपूर्ति वितरण समारोह तथा कृषि भवनो का शिलान्यास किया गया। कृषक गोकरन पुत्र मुंशी ग्राम-नौनखारा, साण्डी को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत उनकी फसल की क्षतिपूर्ति हेतु 211000.00 का डमी चेक मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान किया गया। जिसका सजीव प्रसारण जनपद स्तर पर, तहसील मुख्यालयो एवं सभी विकास खण्ड स्थित राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर किया गया । तहसील सण्डीला पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी महोदय,



हरदोई, जनपद स्तर पर कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विवेकानन्द सभागार कलैक्ट्रेट परिसर में दिखाया गया। जहाँ पर मुख्य विकास अधिकारी महोदया, हरदोई एवं श्री अशोक कुमार, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक लि. उपस्थित रहे है। जनपद स्तर पर आयोजित कार्यकम में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत अरविन्द कुमार पुत्र अलखराम, ग्राम-थमरवां, धर्म सिंह पुत्र सालिक राम ग्राम-सरखना, सन्त कुमार पुत्र रामचन्द्र ग्राम-लालपुर, सुधीर पुत्र गया दीन ग्राम ढ़ोलिया, राम नरेश पुत्र जयचन्द्र ग्राम-रारा के परिवारो को 500000.00-500000.00 की धनराशि प्राप्त हुई। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अर्न्तगत प्रहलाद पुत्र श्री गंगाराम ग्राम-नेकपुर नेवादा को धनराशि रुपए153720.00, श्री राम पुत्र सालिकराम ग्राम-मलेहरा को धनराशि रु. 144025.00, आशुतोष पाण्डेय पुत्र अनिल कुमार पाण्डेय ग्राम-सजंलपुर को धनराशि रु. 59353.00 विश्राम पुत्र रग्गा ग्राम-परसोला को धनराशि रु.132807.00 की फसल क्षतिपूर्ति की धनराशि का वितरण किया गया। 5709 कृषको के खाते में कुल रु.14160752.60 की धनराशि जनपद के कृषको को क्षतिपूर्ति के रूप में सीधे उनके बैंक खाते में भेजी गई। उक्त कार्यकम में उप कृषि निदेशक सतीश कुमार पाण्डेय, जिला कृषि रक्षा अधिकारी इन्द्रजीत यादव, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर विनीत कुमार, जिला समन्वयक फसल बीमा कम्पनी सन्तोष राय एवं उनकी पूरी टीम के साथ काफी संख्या में कृषक बन्धु भी उपस्थित रहे।

## सीडीओ ने विकास खण्ड कार्यालय सुरसा का किया निरीक्षण



**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को श्रीमती सान्या छाबड़ा, मुख्य विकास अधिकारी हरदोई द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस बिलग्राम में प्रतिभाग करने के उपरांत विकास खंड कार्यालय सुरसा का निरीक्षण पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया गया । निरीक्षण के समय सर्व प्रथम प्रशासनिक भवन में स्थापित स्थापना पटल, आवास पटल, शिकायत पटल, लेखाकार मनरेगा एवं क्षेत्र पंचायत पटल का निरीक्षण किया गया। प्रशासनिक भवन में प्रकाश व्यवस्था कम पाये जाने पर समुचित प्रकाश व्यवस्था कराये जाने हेतु खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया। शिकायती पटल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण का संक्षिप्त विवरण पंजिका पर दर्ज करने न करने एवं जन सूचना में प्राप्त आवेदनों की निस्तारण स्थिति पंजिका पर दर्ज न करने पर पटल सहायक श्री रमेश कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी के निर्देश दिये गये। स्थापना पटल का निरीक्षण करते हुए उपस्थित पंजिकाएं, भ्रमण पंजिका, सेवा पुस्तिका, जीपीएफ पासबुक, स्थापना रजिस्टर का अवलोकन किया गया तथा अद्यावधिक प्रविष्टियॉ पायी गयीं। मनरेगा सेल का निरीक्षण करते हुए 100 दिवस प्राप्त कर ने वाले श्रमिकों के विवरण को देखा गया तथा मनरेगान्तर्गत प्रत्येक ग्राम में कम से कम एक कच्चा कार्य प्रतिदिन चलते रहने के निर्देश दिये गये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा एनआरएलएम सेल का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों के रख-रखाव एवं सीएलएफ के माध्यम से धनराशि ग्राम संगठन एव समूहों को हस्तानान्तरण होने की स्थिति को देखा गया। तदोपरांत बाल विकास परियोजना कार्यालय का निरीक्षण कर अभिलेखों के रख-रखाव, एफआरएस की स्थिति एवं राशन वितरण की स्थिति को देखा गया तथा शत-प्रतिशत आच्छादित लाभार्थियों के एफआरएस हेतु निर्देशित किया गया। सहायक विकास अधिकारी, पं. कक्ष में प्रकाश व्यवस्था पर्याप्त न पाये जाने पर उसे ठीक कराने एवं आलमारी में रखे अभिलेखों को सुव्यवस्थित कराने के निर्देश सहायक विकास अधिकारी, पं. जितेन्द्र गुप्ता को दिये गये। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ब्लॉक परिसर में पार्किंग स्थल निर्माण कराकर, आगन्तुकों एव ब्लाक कार्मिकों के वाहनों को सुव्यवस्थित खड़ा कराने एवं परिसर में रिक्त भूमि पर पार्क विकसित करने व औषधीय व शोभाकारी वृक्ष लगाने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के समय कविता तिवारी, खण्ड विकास अधिकारी, ममता यादव, प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी सुरसा अपनी अधीनस्थ ब्लाक स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों के साथ उपस्थित रहीं।

## निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 15 अप्रैल को किया जायेगाः जिलाधिकारी

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

- वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान पड़ने वाले सभी सार्वजनिक अवकाश दिवसों में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगेः अनुनय झा

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं नगरीय निकाय अनुनय झा ने अवगत कराया है कि आंशिक संशोधित समय सारणी के अनुसार त्रिस्तीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण की कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा है कि 16 मार्च 2026 तक दावे/आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियों को तैयार करना, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा करना एवं सम्भावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सम्यापन/निस्तारण की कार्यवाही एवं दावे और आपत्तियों के निरस्ताण उपरान्त पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथा स्थान समाहित करने एवं यथावश्यक मतदान केन्दों व स्थलों के निर्धारण के सम्बन्ध में कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि 17 मार्च से 13 अप्रैल 2026 तक मतदाता सूचियों की कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, एसवीएन आवंटन, मतदाता सूची की डाउन लोडिंग व फोटो प्रतियां कराने का कार्य किया जायेगा और 15 अप्रैल 2026 को जनसामान्य के लिए निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन किया जायेगा। उन्होने विशेष प्रगाढ़ पनरीक्षण नोटिस की सुनवाई हेतु नामित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि समय-समय पर भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा दिये गये कार्यो को अपनी विधान सभा से संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए समय पर सम्पादित करायें और उक्त कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है इसलिए इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही अक्ष्मय होगी।

### तेज रफ्तार बोलेरो ने अर्टिगा में मारी टक्कर, बोलेरो चालक फरार

**शाहाबाद/हरदोई।** शुक्रवार की रात्रि हरदोई हाईवे पर मीरपुर गन्नू पुलिया के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो ने सामने से आ रही है अर्टिगा कार में टक्कर मार दी जिससे दोनों चालक बाल–बाल बच गए लेकिन दोनों वाहन काफी क्षतिग्रस्त हो गए। श्याम सिंह पुत्र दाताराम निवासी ग्राम सहोरा के अनुसार रात्रि में 11ः00 बजे हरदोई से शाहाबाद वापस आ रहा था। मीरपुर गन्नू पुलिया के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उसकी कार में टक्कर मारी जिससे वह बाल बाल बच गया। बोलेरो चालक बोलोरो छोड़कर फरार हो गया। दोनों वाहन काफी क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना पाकर पहुंची 112 नंबर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। शनिवार को श्याम सिंह ने कोतवाली में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया दुर्घटना की बात सामने आई है। कार चालक द्वारा तहरीर प्राप्त हुई है।

### रिश्तेदारों को खाना बनाते समय सिलिंडर के रिसाव से लगी आग

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** बरात लौटकर आने के बाद घर में आग लग जाने से गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में रिसाव होने से घटित हुई कस्बे के चांद थोक निवासी अभिनंदन सिंह भदौरिया के छोटे पुत्र प्रतीक सिंह की शादी 19 फरवरी को थी। 20 फरवरी को बरात विदा होकर वापस घर लौटी। रात करीब 8 :30 बजे बारातियों एवं रिश्तेदारों के लिए खाना तैयार कराया जा रहा था। तभी गैस सिलेंडर में रिसाव होने से आग लग गई। जब तक कुछ समझ आता, तब तक आग में विकराल रूप धारण कर लिया। दुल्हन को घर से निकाल कर बाहर बैठाया गया। आग से 25 हजार नकद,सरसों, गेहूं, चना, मसूर, अरहर, जौ आदि गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया।

## आरआरसी सेंटर बेमकसद, कूड़ा निस्तारण के नाम पर हो रहा खर्च

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

ग्राम पंचायत बिलहड़ी में साफ-सफाई और कूड़ा निस्तारण के उद्देश्य से लाखों रुपये की लागत से बनाए गए आरआरसी (रिसोर्स रिकवरी सेंटर) ग्रामीणों के अनुसार पूरी तरह बेमकसद साबित हो रहे हैं। आरोप है कि सेंटर में ताला लटकने के बाद भी कागजों में कूड़ा निस्तारण दिखाकर हर माह खर्च निकाला जा रहा है, जबकि जमीनी हकीकत इसके ठीक उलट है। ग्रामीण ज्ञान सिंह,प्रीतम प्रजापति व नरेश सिंह का कहना है कि आरआरसी सेंटर में न तो नियमित रूप से कूड़ा पहुंचाया जा रहा है और न ही उसका वैज्ञानिक तरीके से



निस्तारण हो रहा है। गांव के विभिन्न स्थानों पर लगाए गए कूड़ादान लंबे समय से भरे पड़े हैं। कूड़ा न उठने के कारण उनसे तेज दुर्गंध उठ रही है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों का जीना मुहाल हो गया है। खासकर बच्चों, बुजुर्गो और बीमार लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत कागजों में साफ-सफाई दिखाई जा रही है, लेकिन धरातल पर कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं है। कूड़ा उठान के लिए न तो समय निर्धारित है और न ही कोई जिम्मेदार कर्मचारी दिखाई देता है। कई बार शिकायत करने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है।लोगों का यह भी कहना है कि बारिश के दिनों में कूड़े से निकलने वाला गंदा पानी गलियों में फैल जाता है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि आरआरसी सेंटर के संचालन और कूड़ा निस्तारण में हो रहे खर्च की जांच कराई जाए तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि गांव में स्वच्छता व्यवस्था वास्तव में सुधर सके। एडीओ पंचायत सुरेश कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत में रिक्शा नहीं है,इस वजह से कूड़ा आरआरसी सेंटर नहीं पहुंच पा रहा है।इस वजह ताला लगा हुआ है।

### क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ ने थाना पनवाड़ी व महोबकंठ के विवेचकों के साथ की समीक्षा बैठक



**कुलपहाड़/महोबा।** क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड द्वारा थाना पनवाड़ी एवं महोबकंठ में नियुक्त विवेचकों के साथ लंबित विवेचनाओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु अर्दली रूम आयोजित किया गया। बैठक के दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा प्रत्येक विवेचक से लंबित विवेचनाओं की प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई तथा समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए । उन्होंने समीक्षा के दौरान आई जी आर एस , सीवीआर एवं डीवीआर प्रविष्टियों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शस्त्र लाइसेंस के सत्यापन, नवीनीकरण एवं निरस्तीकरण संबंधी प्रकरणों में लंबित मामलों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। गुमशुदगी एवं बरामदगी से संबंधित प्रकरणों की अद्यतन समीक्षा कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के आदेश दिए। निरोधात्मक कार्यवाही में सक्रियता बनाए रखने तथा स्थानीय गुंडा/अपराधियों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश। थाना क्षेत्र में नियमित पैदल गश्त एवं वाहन चेकिंग अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित कर अपराध नियंत्रण एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## शिकायतकर्ता सन्तुष्ट नहीं तो निस्तारण नहीं माना जायगाः जिलाधिकारी

- सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 66 में से 3 का मौके पर निस्तारण किया

**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज।**

तहसील चरखारी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक प्रवल प्रताप सिंह की उपस्थिति में आयोजित किया गया।इस मौके पर कुल 66 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 03 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण



समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए।उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए।शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा।यह भी कहा कि अधिकारीगण आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है।अतः शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े।उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएँ तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, उपजिलाधिकारी धीरेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### तहसील कुलपहाड़ में भी सम्पन्न हुआ समाधान दिवस

**कुलपहाड़, महोबा।** तहसील कुलपहाड़ में समाधान दिवस उपजिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड की मौजदूगी में सम्पन्न हुआ। यहां 42 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 2 का निस्तारण किया गया। इसमें सबसे अधिक राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की शिकायत अधिक रही सभी को सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण को भेज दिया । तहसीलदार प्रमित सचान, पूर्ति निरीक्षक राजेश वर्मा, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी अमोल सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

# एडीएम ने कृषक दुर्घटना सहायता के स्वीकृति पत्र दो पीड़ित परिवारों को सौंपा



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत दो पीड़ित परिवारों को सहायता स्वीकृति पत्र सौंपे। यह सहायता उन किसानों के परिजनों को प्रदान की गई है जिनकी दुर्घटनाओं में मृत्यु हो गई थी। योजना के अंतर्गत, बाराबंकी के ग्राम गहरेला, परगना दरियाबाद, तहसील सिरौली गौसपुर निवासी रामसजीवन उर्फ ब्रम्हानन्द की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उनकी पत्नी पूनम देवी को 5 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। ग्राम रायपुर मजरेपुर, परगना दरियाबाद, तहसील सिरौली गौसपुर निवासी विनोद कुमार की भी सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। उनकी पत्नी पुष्पा देवी यादव को भी 5 लाख रुपये की सहायता स्वीकृत की गई है। इस अवसर पर तहसीलदार बालेंद्र भूषण वर्मा, खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता, नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पांडे और अन्नू सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने विधान परिषद में बाराबंकी विकास के लिए सरकार का जताया आभार



**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।** विधान परिषद के बजट सत्र में एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने महादेवा कारिडोर, कोटवाधाम पर्यटन विकास के साथ ही हेतमापुर पुल और रामनगर शुगर मिल को चालू कराने, किसानों के आलू का संग्रहालय, कृषि रिसर्च सेंटर सहित अनेक सुविधाओं के लिए सरकार के प्रति आभार जताया वही बाराबंकी के लिए कई सुविधाओं की मांग की। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के बजट सत्र 2026-27 की कार्यवाही के दौरान एमएलसी ने कहा कि जनपद बाराबंकी के पौराणिक धाम लोधेश्वर महादेवा कॉरिडोर,श्री कोटवाधाम को पर्यटन में शामिल, हेतमापुर में घाघरा नदी पर पुल, बुढ़वल शुगर मिल को पुनः चालू किया जाए, पारिजात धाम को पर्यटन में शामिल, बाराबंकी को एस.सी.आर. में शामिल, विधानसभा दरियाबाद में इंडस्ट्रियल एरिया, केडी सिंह बाबू कोठी को संग्रहालय, आलू की अत्यधिक खेती के कारण रिचर्च सेंटर बने आदि विषयों हेतु आभार व्यक्त किया और सदन में सार्थक चर्चा के साथ रखने का अवसर मिला।

# मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजन के लिए एनजीओ से प्रस्ताव आमन्त्रित

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।** जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ नीलम सिंह द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि भारत सरकार की अट्ल वयो अभ्युदय योजना की उप योजना वरिष्ठ नागरिक हेतु राज्य कार्य योजना के अन्तर्गत जनपद बाराबंकी में मोतिया बिन्दु सर्जरी का ऑपरेशन शिविर स्वयं सेवी संस्था/एन0जी0ओ0 के माध्यम से आयोजन किया जाना है। इच्छुक संस्था/एन0जी0ओ0 कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बाराबंकी से दिनांक 23-02-2026 तक सम्पर्क कर सकते हैं।

**नियम एवं पात्रता शर्ते-**

1. संस्था के पास सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का) या राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश के किसी भी सम्बन्धित अधिनियम के तहत पंजीकरण प्रमाण-पत्र।
2. गैर-सरकारी संगठन/स्वैच्छिक संगठन के पास एन0जी0ओ0/वी0ओ0एस0 के नाम से एक राष्ट्रीकृत बैंक में संचालित खाता होना चाहिए।
3. संस्था का नीति आयोग के एन0जी0ओ0 दर्पण पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। संस्था का पंजीकरण प्रमाण-पत्र (01-07-2022 से पूर्व पंजीकृत होना अनिवार्य)।
4. पैन कार्ड/जी0एस0टी0 प्रमाण-पत्र की प्रति। 5. विगत 02 वर्षों की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट (विगत 02 वर्षों में न्यूनतम 250 सफल मोतियाबन्द करने का अनुभव)।
6. विगत 03 वित्तीय वर्षों (2022-23, 2023-24, 2024-25) के आडिट लेखा विवरण।
7. रू0 100 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र कि संस्था किसी भी सरकारी निकाय द्वारा ब्लैक लिस्ट नहीं है।
8. संस्था के लेटरहेड पर घोषण पत्र
9. अन्य शर्ते जनपद स्तरीय समिति की सहमति से।

# डीएम एसपी ने स्ट्रांग रूम की वाह्य सुरक्षा का किया निरीक्षण



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक सरवणन टी द्वारा तहसील गौरीगंज परिसर में स्थित ई0वी0एम0 एवं वी0वी0 पैट वेयर हाउस की वाह्य सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उक्त वेयर हाउस में विधानसभा क्षेत्र- अमेठी, गौरीगंज, तिलोई व जगदीशपुर निर्वाचन क्षेत्र की ई0वी0एम0/वी0वी0 पैट मशीने लॉक के अन्दर संरक्षित हैं। उन्होंने सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाय। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व जिला निर्वाचन कार्यालय के स्टाफगण उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम एसपी ने सुनी फरियादें, शिकायतों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिये निर्देश



**समृद्धि न्यूज, हैदरगढ बाराबंकी।** तहसील परिसर में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम शशांक व एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आदेश दिए। समाधान दिवस के दौरान विकास क्षेत्र के सड़वा गांव निवासी महेंद्र प्रताप सिंह ने छः माह से गांव में दो बिजली के खंभे टूटे पड़े होने की शिकायत जिलाधिकारी से की। बताया कि जेई की निष्क्रियता से खंभे नहीं लग रहे हैं।जिस पर डीएम ने एक्सियन को तलब किया। अभियंता ने मौके पर मौजूद जेई से पूछा तो उसने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। शिकायत कर्ता ने तत्काल अपना मोबाइल फोन डीएम को दिखाया बताया कि कई बार जेई को इस समस्या को फोटो सहित वाट्सअप पर अवगत कराया गया है।यहीं नहीं एक्सियन ने आदेश भी दिया है।डीएम ने जेई को लताड़ लगाते हुए समस्या का तत्काल समाधान का आदेश दिया।इसी क्रम में शेषपुर जाहिद अली गांव निवासी अधिवक्ता संतोष कुमार मिश्र ने अवैध कब्जे एवं कस्बा निवासी अधिवक्ता विभोर गुप्ता ने कई माह बीतने के बाद भी एक वरासत न होने की शिकायत डीएम से की। कस्बा निवासी अधिवक्ता राम प्रकाश यादव ने मोहम्मदपुर ग्राम पंचायत का राजस्व नक्शा उपलब्ध कराने की मांग डीएम से की। बताया कि पिछले तीन साल से मांग के बावजूद भू चित्र उपलब्ध न कराए जाने से दबंगों द्वारा चकरोड पर किये गए कब्जे को हटाया नही जा सका है। वहीं तहसील बार अध्यक्ष अचल कुमार मिश्र की अगुवाई में वकीलों ने डीएम से मिलकर बारह सूत्रीय मांग पत्र दिया। जिसमें उपनिबंधक कार्यालय में एक और कम्प्यूटर काउंटर बढ़ाएं जाने, बैनामा के लिए अंगूठे के अलावा रेटीना रीडिंग की व्यवस्था बैनामे के दायरे समयबद्ध किये जाने की मांग की गई।

# शिक्षामित्रों व अनुदेशकों के मानदेय बढ़ाने का शिक्षक संगठनों ने किया स्वागत



**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विधान सभा में 01 अप्रैल 2026 से शिक्षामित्रों का मानदेय 10000रु से बढ़ाकर 18000रु प्रति माह एवं अनुदेशकों का मानदेय 9000रु से बढ़ाकर 17000रु प्रति माह किए जाने की घोषणा की है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने इस फैसले का जोरदार स्वागत किया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सिरौलीगौसपुर शिवा जी मिश्र ने शिक्षामित्र संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अमित मिश्रा एवं अनुदेशक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रेश यादव को मिष्ठान खिलाकर एवं माल्यार्पण कर बधाई दी। जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने कहा कि पहली बार सरकार ने मानदेय में एक साथ रु 8000 की बढ़ोत्तरी की है । शिक्षामित्र संघ अध्यक्ष अमित मिश्रा, अनुदेशक संघ अध्यक्ष इंद्रेश यादव ने फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि महंगाई के दौर में शिक्षामित्रों, अनुदेशकों को इससे बड़ी राहत मिलेगी। हमारी मांग और ज्यादा थी लेकिन वर्तमान हालात को देखते हुए यह भी बहुत है । सरकार ने हमारी लंबे समय से चली आ रही मांग पर अमल किया है। शिक्षामित्र संघ वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रहलाद कुमार विमल ने कहा कि हम शिक्षामित्रों की ओर से माननीय मुख्यमंत्री जी का हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हैं, जिन्होंने शिक्षा परिवार की भावनाओं का सम्मान करते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष शिवा जी मिश्र , शिक्षामित्र संघ वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रहलाद कुमार, अध्यक्ष अमित मिश्रा, अनुदेशक संघ अध्यक्ष इंद्रेश यादव,आदर्श सिंह, अरविंद सिंह, विकास चौहान, धर्मराज, विशेष सिंह सहित अनेक शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### हर्ष फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार, लाइसेंसी बंदूक बरामद



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** शनिवार को क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल हर्ष फायरिंग करने वाले अभियुक्त शिव बहादुर यादव पुत्र स्व. भगौती प्रसाद यादव निवासी पूरे दल सिंह मजरे चिलूली थाना मोहनगंज को एक 12 बोर एसबीबीएल लाइसेंसी बंदूक, 2 जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि बीते 14 फरवरी को उसके नये घर पर भागवत कथा का आयोजन था जिसमें उसने उसके पास से बरामद उसी बंदूक से हर्ष फायरिंग की गई थी। अभियुक्त द्वारा लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन करते हुए हर्ष फायरिंग की गई थी जिसके संबंध में थाना मोहनगंज पर अन्तर्गत धारा आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### डीएम की अध्यक्षता में गौरीगंज में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** शनिवार को चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील गौरीगंज में कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 4 का, मुसाफिरखाना में 17 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 3 का, तिलोई में 23 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 2 का, तथा तहसील अमेठी में 32 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 2 का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, तहसीलदार गौरीगंज सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# आईएमए नई खोज और नए इलाज पर हुई चर्चा



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** रायबरेली में देश के नामी डाक्टरों का लगा जमावड़ा चिकित्सा विज्ञान में हो रही नई खोज और नवीन इलाज तकनीक आम लोगों तक कैसे पहुंचे इसे लेकर विस्तृत चर्चा हुई शहर के एक होटल में आईएमए और आईएसीएम के संयुक्त तत्वाधान मे रीमार्कॉन 2026 का आयोजन किया गया जिसमें इन्सुलिन विध ओरल रुट, थ्रम्बोसाइटोपेनिया और हिमेटो ऑनकोलॉजी एन्ड बोन मेरो डिसआर्डर जैसे विषय पर बाहर से आये चिकित्सक अपने ज्ञान को डाक्टरों के साथ साझा किया इस कार्यक्रम में ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शरद अग्रवाल व एस एन मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉक्टर जे के गुप्ता जैसे दिग्गज चिकित्सकों ने व्याख्यान दिया।

# आरएच 761 सरसों का वैज्ञानिकों ने प्रदर्शन कर माहू से बचाव की दी जानकारी




**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा द्वारा अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के अंतर्गत विकासखंड तिलोई के हसवा गांव में सरसों की प्रजाति आर.एच.761 का प्रदर्शन कराया गया था जिसका प्रक्षेत्र दिवस कार्यक्रम कराया गया। कार्यक्रम में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि सरसों की इस प्रजाति से अधिक पैदावार हो सकती है, इस समय माहू से बचाव के लिए फालीडॉल पाउडर का बुरकाव करें। इसके साथ ही आए हुए किसान भाइयों और महिलाओं की खेती से संबंधित अन्य समस्याओं के समाधान के बारे में विस्तार से बताया। केंद्र की पादप प्रजनन वैज्ञानिक डॉ अर्चना देवी ने किसान भाइयों से सरसों की इस प्रजाति की लंबाई, फलियों की संख्या, पौधों के विकास की जानकारी दी और साथ में फसल का किसानों के साथ अवलोकन किया। जायद की फसल की बुवाई के बारे में किसानों को तकनीकी जानकारी दी। कार्यक्रम में पशु वैज्ञानिक डॉ सुरेंद्र सिंह ने पशुओं की सामूहिक देखभाल तथा आहार व्यवस्था के बारे में कहा कि पशुओं को संतुलित आहार से खिलाए जिसमें खनिज मिश्रण तथा नमक का समावेश अवश्य होना चाहिए। प्रक्षेत्र दिवस के इस कार्यक्रम में ग्राम हसवा के किसान राघवेंद्र प्रताप सिंह, राममिलन, सुनील कुमार, अकील अहमद, चंद्रेश सिंह आदि किसानों ने प्रतिभाग किया।

# गौकशी की घटना से क्षेत्र में तनाव, पुलिस मुठभेड़ में आरोपी गिरफ्तार



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** शुक्रवार को देर शाम थाना क्षेत्र इन्हौना के अंतर्गत ग्राम पंचायत करनगांव मजरे पहाड़पुर में गौकशी का मामला प्रकाश में आने से क्षेत्र में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी इन्हौना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी तिलोई भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने मौके से एक जीवित गोवंश बरामद किया है और कटे हुए गौवंश के अवशेष पाए गए हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल से उमेर पुत्र जान मोहम्मद, सहवान राजा पुत्र शब्बीर, अलीम पुत्र इनायत उल्ला, शनापरवीन पत्नी उमेर व हदीसुलनिशा पत्नी अंसार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। ग्रामीणों में भारी आक्रोश के चलते एहतियात के तौर पर क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति न उत्पन्न हो। घटना को गंभीरता से लेकर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में आरोपी जुनैद अहमद पुत्र जान मोहम्मद को गंदा नाला सेमरौता के पास से पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी आरोपी ग्राम पहाड़पुर मजरे करनगांव थाना इन्हौना के निवासी हैं। घटना के संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और एहतियातन तौर पर निगरानी बढ़ा दी गई है।

# डीएम ने नवनिर्मित संकुल भवन का किया उद्घाटन



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने विकास खण्ड महराजगंज की ग्राम पंचायत सुल्तानपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत समूह की महिलाओं के विकास के लिए नवनिर्मित निर्मल महिला संकुल स्तरीय समिति के भवन का उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने पंचायत भवन के परिसर में वृक्षारोपण किया गया तथा स्वयं सहायता समूहों के आजीविका संवर्धन हेतु विकास महिला ग्राम संगठन ग्राम पंचायत पखनपुर को रु0 15 लाख तथा आकाश महिला ग्राम संगठन ग्राम पंचायत हरदोई को रु0 30 लाख 80 हजार का सामुदायिक निवेश निधि का चेक प्रदान किया। समिति के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा निर्मित उत्पाद भेट किये, निर्मल महिला संकुल स्तरीय समिति का गठन 17 मई 2022 को हुआ था, जिसके अन्तर्गत 13 ग्राम पंचायतों के 14 ग्राम संगठन तथा उनमे गठित 228 महिला स्वयं सहायता समूह आते है। संकुल भवन का निर्माण में मनरेगा (9.97 लाख) राज्य वित्त (1.5 लाख) तथा निर्मल महिला संकुल स्तरीय समिति द्वारा अपने स्टार्टअप फण्ड से ऑफिस सेटअप हेतु (49 हजार) से व्यय किया गया है। कार्यक्रम में निर्मल महिला संकुल स्तरीय समिति से सम्बन्धित स्वयं सहायता समूहों की दीदियों द्वारा स्वयं से निर्मित उत्पाद (सजावटी झालर, अचार, आलू पापड़, आलू चिप्स, देशी घी, कम्पोस्ट खाद, हर्बल गुलात, नर्सरी के पौधे आदि प्रदर्शन हेतु स्टॉल लगाया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

▶ 56 में पांच शिकायतों का हुआ निस्तारण



**महराजगंज समृद्धि न्यूज़।** शिकायतकर्ताओं की शिकायत को गंभीरता पूर्वक अधिकारी और कर्मचारी ले शासन के मंशा के अनुसार कार्य होना चाहिए लापरवाही बरतने वाले अधिकारी और कर्मचारी बक्शे नहीं जाएंगे। यह उद्गार संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रही जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व्यक्त कर रही थी संपूर्ण समाधान दिवस पर कुल 56 शिकायती पत्र आए जिनमें से पांच शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि राजस्व आबादी से संबंधित निजी शिकायतें व बिजली की शिकायतें रही जिनमें पांच शिकायती पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। राजस्व की 24 पुलिस की सात विकास की 16 अन्य नौ शिकायती पत्र तहसील दिवस पर आए। इस मौके पर सीएमओ डॉ नवीन चन्द्रा एसडीएम गौतम सिंह नायब तहसीलदार सत्य राजा बीडीओ वर्षा सिंह बछरावां बीडीओ शिव बहादुर सिंह सीओ प्रदीप कुमार महराजगंज कोतवाल जगदीश यादव चन्दापुर थानेदार अरविंद सिंह बछरावां कोतवाल श्याम कुमार पाल शिवगढ़ थानेदार राजीव सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# उच्च अधिकारियों को किया गया गुमराह, रोजगार सेवक बर्खास्त नहीं, प्रधान व सचिव पर भी नहीं हुई कार्यवाही



**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।** सीतापुर जिले के बेहटा विकासखंड की ग्राम पंचायत पिपरिया में मनरेगा घोटाले के आरोपों के बावजूद अब तक जिम्मेदारों पर ठोस कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर हुई जांच में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक दोषी पाए गए थे, लेकिन इसके बाद भी संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा कार्रवाई टालने के आरोप लग रहे हैं। ग्राम पंचायत पिपरिया निवासी पदुम कुमार ने मनरेगा योजना में गंभीर अनियमितताओं को लेकर जिलाधिकारी से शिकायत की थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर उपायुक्त श्रम रोजगार द्वारा जांच कराई गई, जिसमें ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सेवक ओमप्रकाश तिवारी की भूमिका संदिग्ध पाई गई। इसके बाद जिलाधिकारी कार्यालय के आदेश संख्या 241 दिनांक 03 जून 2025 के तहत तीनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। निर्देश के अनुपालन में खंड विकास अधिकारी बेहटा द्वारा कोतवाली लहरपुर में 16 जून 2025 को मुकदमा अपराध संख्या 0339 दर्ज कराया गया। हालांकि, तीनों आरोपियों ने न्यायालय से गिरफ्तारी पर स्थगन आदेश ले लिया। आरोप है कि इसी स्थगन आदेश को आधार बनाकर उच्च अधिकारियों को गुमराह किया गया और विभागीय कार्रवाई रोक दी गई। बताया जा रहा है कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद ग्राम रोजगार सेवक के खिलाफ सेवा से हटाने की कार्रवाई नहीं की गई। वहीं जिला पंचायत राज विभाग द्वारा भी ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर अब तक कोई विभागीय कार्रवाई नहीं की गई है। आरोप है कि संबंधित पत्रावली दबा दी गई है और मामले को ठंडे बस्ते में डालने का प्रयास किया जा रहा है।

**क्या बोले जिम्मेदार अधिकारी**

इस संदर्भ में जब डीसी मनरेगा चंदन देव पांडे से मामले पर बातचीत की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि मामला संज्ञान में आया है मामले पर कार्यवाही के लिए खंड विकास अधिकारी को कार्यवाही हेतु भेज दिया गया है।

इस संदर्भ में खंड विकास अधिकारी बेहटा से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो खंड विकास अधिकारी का फोन बजता रहा परंतु फोन रिसीव नहीं किया गया।

# एकमुश्त कर व्यवस्था से वाहन स्वामियों को बड़ी राहत : एआरटीओ

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी महेंद्र बाबू गुप्ता ने बताया कि परिवहन कार्यालय में ट्रक प्रवर्तन के पदाधिकारियों एवं वाहन स्वामियों के साथ बैठक आयोजित की गई। एआरटीओ ने अवगत कराया कि प्रदेश में परिवहन सेवाओं को अधिक पारदर्शी और सुविधाजनक बनाने के लिए तकनीकी सुधार किए जा रहे हैं। जिससे वाहन स्वामियों को बार-बार कार्यालय आने की आवश्यकता कम होगी और कर भुगतान की प्रक्रिया सरल बनेगी। उन्होंने बताया कि शासन की अधिसूचना संख्या-2/2026/ 86/ तीन-4-2026-8(19)/2009 दिनांक 30 जनवरी 2026 के अनुसार परिवहन यानों पर एक बार देय कर की दरें पुनर्निर्धारित की गई हैं।

# सातों तहसीलों में मनाया गया संपूर्ण तहसील समाधान दिवस



**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।** जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील महोली में विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी महोली, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील महोली में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 83 शिकायतों में से 07 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

# हर वर्ग के लिए राहत और विकास की गारंटी है बजट : अर्चना पांडेय

- विधायक ने मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री की भरपूर सराहना की



**छिबरामऊ (कन्नौज), समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार के हालिया बजट को सराहते हुए स्थानीय विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने इसे समाज के हर तबके के लिए राहत देने वाला बताया। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री की भरपूर सराहना की। पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि यह बजट पंडित दीनदयाल उपाध्याय के संकल्प को साकार करता है, जिसमें अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सुविधाएँ और बराबरी के अवसर पहुँचें। बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष जोर दिया गया है। किसानों को नलकूपों पर मुफ्त बिजली, 15 लाख से अधिक किसानों को फसली ऋण, पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से किसानों को मजबूती मिलेगी। बेसहारा गोवंश सहभागिता के लिए 1500 मासिक सहायता और गौ वंश संरक्षण योजना शुरू की गई है। शिक्षा क्षेत्र में शिक्षामित्रों का मानदेय 10 हजार से बढ़ाकर 18 हजार और अनुदेशकों का 17 हजार किया गया। सभी 8000 न्याय पंचायतों में डिजिटल जमीन तैयार करने के लिए डिजिटल सूचना एजेंट बनाए जाएँगे, जिससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। महिला सशक्तिकरण के लिए 'शीमार्ट' केंद्र खोले जाएँगे, जहाँ स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बाजार मिलेगा। लखपति दीदी योजना का लक्ष्य 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ किया गया। कन्या सुमंगला योजना में सहायता 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार कर दी गई, जो बेटियों को जन्म से स्नातक तक मदद देगी। वृद्धावस्था, दिव्यांगजन और निराश्रित महिलाओं की पेंशन 1500 मासिक हो गई। सामूहिक विवाह के लिए धनराशि 51 हजार से बढ़ाकर 1 लाख की गई। रानी लक्ष्मीबाई योजना के तहत बेटियों को स्कूटी और दिव्यांग बेटियों के लिए बैटरी स्कूटी की व्यवस्था की गई है। पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के तहत 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली और छिबरामऊ विधानसभा में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत शानदार विद्यालय बनेगा। कानून-व्यवस्था के लिए सीसीटीवी नेटवर्क मजबूत किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जीतू शाक्य, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रामानंद वर्मा, नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, सभासद पंकज दुबे व नगर महामंत्री अंकित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# नवनिर्वाचित बार पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण, चित्र भेंट और मिठाई वितरण कर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, महासचिव पंकज मिश्रा, उपाध्यक्ष विनीत त्रिपाठी तथा प्रशासनिक सदस्य ललित दुबे को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव (जीतू श्रीवास्तव) ने कहा स्वागत के लिए हृदय से आभार। आप लोगों ने जो परंपरा डाली है, वह एक-दूसरे के प्रति सामंजस्य और प्रेम बढ़ाने वाली है। इससे समाज में सार्थक संदेश जाएगा। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजीव दुबे ने कहा कि व्यापार मंडल और बार एसोसिएशन के बीच यह सहयोग सामाजिक सद्भावना को मजबूत करता है। हम दोनों संगठन मिलकर स्थानीय समस्याओं के समाधान और समाज कल्याण के लिए आगे बढ़ेंगे।कार्यक्रम के आयोजक जिला उपाध्यक्ष रामानंद वर्मा ने कहा कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का यह सम्मान उनकी नई जिम्मेदारियों के प्रति प्रेरणा देगा। हम सभी मिलकर छिबरामऊ के विकास और न्याय व्यवस्था को बेहतर बनाने में योगदान देंगे। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव सुशील पांडेय, वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्णतीर्थ मिश्रा, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष सुरेश वर्मा, नगर महामंत्री विनीत वर्मा सिंपल, कमल किशोर वर्मा, हिमांशु वर्मा, शिवम वर्मा एवं महावीर चौहान आदि उपस्थित रहे।

# मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत तहसील प्रशासन ने निकाली जागरूकता रैली

**कन्नौज।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शनिवार को तिर्वा तहसील मुख्यालय से तिर्वा नगर तक मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली में अधिकारी और छात्र भी शामिल रहे।

शनिवार को तहसील मुख्यालय से शुरू हुई रैली का शुभारम्भ एडीएम देवेंद्र सिंह ने किया। तहसील गेट से शुरू होकर तिर्वा नगर तक रैली भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किए गया। रैली में शामिल अधिकारी और छात्र नगर भ्रमण के दौरान मतदाताओं को जागरूक करते हुए नजर आए कि, मतदान के दिन मतदाता अपने सभी कार्य छोड़कर पहले अपने मताधिकार का प्रयोग करें। रैली में शामिल तहसीलदार अवनीश कुमार, नायब तहसीलदार अमित पाठक ने मतदाताओं से अपील की।

# रमज़ान के महीने में नेक काम की तरफ तवज्जो दें मुसलमान : मुफ्ती रिजवान




**समधन, समृद्धि न्यूज।** रमज़ान महीने के पहले 10 दिन रहमत का अशरा कहलाते हैं इसलिए इन दिनों के अंदर अल्लाह की रहमत हासिल करने के लिए नेकियां और अच्छाइयां करने की तरफ खूब तवज्जो दी जाती है। और रहमतों को हासिल किया जाता है हदीस में है कि यह ऐसा महीना है जिसका पहला अशरा रहमत और बीच वाला अशरह मगफिरत और आखिरी वाला अशराह जहन्नम से आजादी का है। शनिवार को यह बातें समधन नगर के मोहल्ला सौरखी तरफ के मौलाना मुफ्ती रिजवान ने बताई इस महीने में एक ऐसी रात है जो एक हजार महीनो से बढ़कर हैं यानी इस एक रात में इबादत का सवाब एक हजार महीनो की इबादत से ज्यादा मिलता है इस महीने में नेक अमल का सवाब बढ़ा दिया जाता है और नफिल का सवाब फर्ज के दर्जे में पहुंच जाता है , और फर्ज का सवाब 70 फर्ज के बराबर हासिल होता है यह महीना सब्र का है और लोगों के साथ हमदर्दी और खैर ख्वाही का महीना है। इसी तरह जो शख्स किसी रोजेदार को रोज़ा इफ्तार कराता है उसको रोजेदार के रोजा रखने के बराबर इफ्तार कराने पर सवाब हासिल होता है। इफ्तार करने पर गुनाहों की बख्शिश होती है और यह इनाम अल्लाह की जानिब से हर उस शख्स को हासिल होता है जो किसी भी रोजेदार को एक घूंट दूध या एक खजूर या एक घूंट पानी पिलाकर भी इफ्तार करा दे , हां अगर कोई शख्स रोजेदार को पेट भर के खिलाए तो अल्लाह तआला उसे क़यामत के दिन अपने नबी के हौज ए कौसर से ऐसा पानी पिलाएंगे जिस के बाद कभी प्यास नहीं लगेगी यहां तक कि वह जन्नत में हमेशा के लिए दाखिल हो जाएगा। आगे उन्होंने बताया कि तरावीह के अंदर इस बात का ख्याल रखना जरूरी है की कुरान को बड़े अदब के साथ सुना जाए और इमाम के साथ पहले अल्लाहु अकबर के साथ शामिल हुआ जाए।

# 41 गरीब महिलाओं को मिला मुर्गी पालन का सहारा

## शुरू हुई स्वरोजगार की नई उड़ान



**छिबरामऊ, कन्नौज।** राजकीय पशु चिकित्सालय में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नेम कुमार ने बैक यार्ड पोल्ट्री स्वरोजगार योजना के तहत 41 लाभार्थियों को मुर्गियों के चूजे वितरित किए। ये सभी लाभार्थी अनुसूचित जाति की निर्धन महिलाएं हैं, जिन्होंने कुक्कुट पालन में रुचि दिखाई है। प्रत्येक लाभार्थी को 50-50 चूजे दिए गए हैं। साथ ही, शेड (छप्पर) निर्माण के लिए धनराशि उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी। चूजों के लिए पौष्टिक आहार और आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई हैं। लाभार्थियों का चयन ग्राम प्रधान, पशु चिकित्सा अधिकारी और खंड विकास अधिकारी की संस्तुति पर विभिन्न विकासखंडों से किया गया। योजना का मुख्य लक्ष्य कुक्कुट पालन के जरिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार सृजन करना तथा गरीब परिवारों की आय को दोगुना करना है। यह कदम ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है।

# प्रदेश का बजट ऐतिहासिक, विकसित भारत में यूपी की होगी अहम भूमिका : मंत्री

- सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान असीम अरुण ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां



**कन्नौज।** सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने उत्तर प्रदेश सरकार के बजट को ऐतिहासिक करार दिया। उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में उत्तर प्रदेश की मजबूत और प्रभावी भूमिका तय करेगा। प्रदेश के सर्वांगीण विकास, गरीब कल्याण और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को ध्यान में रखकर बजट तैयार किया गया है।

मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों और आशा बहुओं के मानदेय में बढ़ोतरी का निर्णय लिया गया है। इससे लाखों कर्मियों को सीधा लाभ मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। साथ ही विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन और दिव्यांग पेंशन में वृद्धि की दिशा में भी सरकार योजना बना रही है। समाज कल्याण विभाग को इस बार बेहतर बजट आवंटित हुआ है। आलू भंडारण शुल्क में वृद्धि से किसानों को आ रही समस्याओं पर उन्होंने कहा कि कोल्ड स्टोरेज मालिकों और किसानों के बीच संतुलित समाधान निकालने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि दोनों पक्षों को राहत मिल सके। इत्र उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कई नई परियोजनाओं का प्रस्ताव तैयार है, जिससे कन्नौज की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मंत्री ने बताया कि जिले के ऐतिहासिक स्थलों का ड्रोन सर्वे कराया जाएगा। साथ ही डॉ. भीमराव आंबेडकर और लोकनायक की प्रतिमाओं पर छतरी व प्रकाश व्यवस्था कराई जाएगी। पत्रकारों के लिए मीडिया सेंटर स्थापना पर भी सरकार स्तर पर चर्चा जारी है।

## खबरें एक नजर में

### विहिप ने किया 'श्री रामायण संस्कार परीक्षा' का आयोजन

#### सैकड़ों विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा



**छिबरामऊ, कन्नौज।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के स्थानीय प्रभाग द्वारा 'श्री रामायण संस्कार परीक्षा' का आयोजन गैलेक्सी पब्लिक स्कूल , टैगोर पब्लिक स्कूल, दिल्ली कॉन्वेंट स्कूल सहित विभिन्न विद्यालयों में किया गया। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों, जीवन मूल्यों और रामायण के महान संदेशों से परिचित कराना है। मुख्य अतिथि रामचरित मानस मर्मज्ञ भानुप्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलित कर परीक्षा का शुभारंभ करते हुए कहा आज के आधुनिक युग में बच्चों को अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। रामायण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। इस प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न स्कूलों के लगभग 400 छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। परीक्षा में रामायण की प्रमुख घटनाओं, पात्रों और नैतिक शिक्षाओं पर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए थे। बच्चों ने न केवल अपनी तार्किक क्षमता का प्रदर्शन किया, बल्कि प्रभु राम के जीवन प्रसंगों के प्रति अपनी गहरी रुचि भी दिखाई। विहिप के जिला संस्कार प्रमुख विजय चौहान ने बताया कि परीक्षा के परिणामों की घोषणा आगामी 25 फरवरी को की जाएगी। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को विशेष पुरस्कार और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, सभी प्रतिभागियों को सहभागिता पत्र दिए जाएंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अनुभव, ओम शिव, अभिषेक तोमर, आशुतोष,अजय चौहान, अजय शुक्ला,विनीत गुप्ता, संजू बॉथम, गोपाल मिश्रा, संजय शर्मा, सुरेश दुबे, सलोनी, पूजा, अलका, अंशिका और स्थानीय विद्यालय के शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा। परीक्षा का निरीक्षण जिलाध्यक्ष संजय भदौरिया एवं जिला सह मंत्री दीपक ने किया।

### घर में घुसकर नाबालिग को बदनीयती से दबोचा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के एक गांव में दबंग ने घर में घुसकर नाबालिग को अकेला पाकर उसे बदनीयती से दबोच लिया। उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर जान माल की धमकी दी। दूसरे दिन पुनः उसका रास्ता रोककर धमकाया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसके पति बीमार चल रहे हैं। इस समय वह हैलट अस्पताल कानपुर में भर्ती हैं। 19 फरवरी को वह अपने पति को देखने कानपुर अस्पताल गई थी। घर पर उसकी 13 वर्षीय नाबालिग बेटी अकेली थी। उसी दिन शाम को करीब 5 बजे गांव का ही एक दबंग युवक सिकंदरपुर के मोहल्ला भगतसिंह नगर निवासी घर में घुस गया और उसकी बेटी को बदनियती से दबोच लिया। उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। उसने उसे धमकाया कि जैसा हम करें वैसा करने दो, तो वह उसके पिता के इलाज का पूरा खर्चा देगा। उसकी मम्मी अगर इलाज के पैसे मांगेगी, तो एक पैसा नहीं देगा। सिर्फ तुम कहोगी तभी सारा इलाज कराएगा। उसकी इन हरकतों से भयभीत होकर उसकी पुत्री ने चीख-पुकार मचाई तो आस पड़ोस के लोग आ गए तब वह उसे जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया।

# बीटेक छात्र और प्रोफेसर द्वारा ड्रोन पर शोध को अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका में प्रकाशन

**कन्नौज।** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज तिर्वा के प्रोफेसर और बीटेक छात्र द्वारा ड्रोन पर किए गए शोध (अत्याधुनिक मॉडल) को एक अंतराष्ट्रीय पत्रिका जर्नल में प्रकाशन की उपलब्धि हांसिल हुई है। इस शोध में छात्र और प्रोफेसर द्वारा जिस आधुनिक ड्रोन मॉडल को तैयार किया है, वह वर्तमान मैनुअल ड्रोनों से अधिक उन्नत है। बताते चलें कि, उपरोक्त विषय में तिर्वा इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रोफेसर अभिषेक वाजपेई और बीटेक छात्र आदित्य ने बताया कि, जहां मौजूदा ड्रोन मैनुअल तरीके से संचालित होते हैं वहीं इस बार जो ड्रोन मॉडल विकसित किया गया है वह पहले से विपरीत है। उनके द्वारा विकसित मॉडल एक बार दूरी निर्धारण करने के बाद उसी दूरी तक स्वायत्त रूप से कार्य कर सकता है।

# सपा प्रवक्ता को एसआईआर नोटिस कन्नौज में सियासी घमासान

- राजनीति से प्रेरित होकर दिए जा रहे विपक्षी पार्टियों को नोटिस : विजय द्विवेदी
- मंत्री असीम अरुण की मौजूदगी में डीएम से शिकायत



**कन्नौज।** जिले में चल रही एसआईआर प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता विजय द्विवेदी को नोटिस जारी होने के बाद सपा ने इसे राजनीतिक द्वेष से प्रेरित कार्रवाई करार दिया है। पार्टी का आरोप है कि विपक्ष से जुड़े लोगों और मतदाताओं को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मंत्री असीम अरुण की मौजूदगी में विजय द्विवेदी ने जिलाधिकारी के सामने अपनी आपत्ति दर्ज कराई। उनका कहना है कि उन्हें, उनके दोनों बेटों और उनके भाई की पत्नी को एसआईआर के तहत नोटिस भेजा गया है। उन्होंने इसे सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया के बजाय एकतरफा कदम बताया। सपा का आरोप है कि समर्थकों से अतिरिक्त दस्तावेज मांगकर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है, जिससे मतदाताओं में असमंजस की स्थिति है। वहीं जिलाधिकारी ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि एसआईआर प्रक्रिया पूरी तरह नियमों और दिशा-निर्देशों के तहत संचालित की जा रही है।

किसी भी पात्र मतदाता का नाम बिना उचित जांच के सूची से नहीं हटाया जाएगा। विवाद के बाद जिले की सियासत और तेज हो गई है।

# देशभक्ति की भावना को जाति धर्म से ऊपर रखें : इंदिरा दुबे

## नेहरू कॉलेज के एनएसएस शिविर का हुआ शुभारंभ



**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम पंचायत भवन कमालपुर में नेहरू कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ करते हुए कॉलेज की सचिव मुख्य अतिथि इंदिरा दुबे ने स्वयंसेवकों को देशभक्ति की भावना को जाति-धर्म से ऊपर रखने की सलाह दी। उन्होंने धर्म के दस लक्षणों धैर्य, बुद्धि, विद्या, शौर्य, सत्य, अहिंसा, पवित्रता, इंद्रिय-संयम, क्षमा एवं अनुशासन का उल्लेख करते हुए अंधविश्वास दूर करने एवं बीमारियों से बचाव के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने की अपील की। ग्राम प्रधान सितारा बेगम ने शिविर में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। प्रो. उदय पाल सिंह ने सामुदायिक सेवा के महत्व एवं निस्वार्थ भावना पर जोर दिया। डॉ. कृष्ण कुमार यादव ने एनएसएस के इतिहास, उद्देश्यों एवं शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। अन्य वक्ताओं डॉ धर्मवीर सिंह, डॉ राजीव कुमार सिंह, डॉ रवि प्रताप सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं मो. साबिर ने व्यक्तित्व विकास, सामाजिक उत्तरदायित्व, कुरीतियों के उन्मूलन एवं अनुशासन पर बल दिया। एनएसएस के प्रभारी डॉ आशीष कुमार गुप्ता ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। शिविर का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ।

# मंत्री के दरबार पहुंचे नेत्रहीन दिव्यांग बोले न्याय ना मिला तो कर लेंगे आत्महत्या



**कन्नौज।** गरीबी का दंश झेलने को मजबूर एक परिवार के सदस्य जहां अपनी नेत्रहीनता और दिव्यांगता की मार झेलने को विवश हैं, वहीं गांव के ग्रामीणों का सितम भी अब उनके लिए नागवार सा हो चुका है। ग्रामीणों के रोज रोज के तानों और अपमान से आहत पीड़ित अब न्याय की आस में भटक रहे हैं। पीड़ितों का कहना है कि, अगर उनको न्याय नहीं मिलता है तो वह आत्महत्या करने को विवश होंगे। बताते चलें कि, जिले के थाना ठठिया के गांव उमरायपुर्वा गांव निवासी एक परिवार में पिता पुत्र और भतीजा जन्मजात नेत्रहीनता और दिव्यांगता का दंश झेलने को विवश होने के अलावा अपनी जीविका चलाने को गरीबी की भी दोहरी मार झेलने को विवश हैं। पीड़ित परिवार के दिव्यांग/नेत्रहीन परिवार के मुखिया का कहना है कि, उनका गांव में रहना दिनों दिन दुश्वार होता जा रहा है। जब भी वह और उनके परिवार के सदस्य (पुत्र/भतीजा) गांव में घर से बाहर निकलते हैं तो उन्हें गांव के ग्रामीणों के तानों की मार झेलनी पड़ती है। यह सिलसिला एक दिन नहीं बल्कि हर रोज का हो चुका है। ग्रामीणों द्वारा पीड़ित परिवार को तरह तरह की छीटाकसी और तानों जैसे 'सुबह सुबह किसका मुख देखा लिया, गांव से चले क्यों नहीं जाते, मर क्यों नहीं जाते, दोबारा दिखाई मत देना वरना अंजाम अच्छा नहीं होगा, जैसे अमर्यादित शब्दों आदि तमाम प्रकार से प्रताड़ित और शर्मिंदा होना पड़ रहा है। इतना ही नहीं उनके साथ मारपीट की जाती है, इसके अलावा मानसिक प्रताड़ना दिया जाता तो जैसे गांव में आम बात हो चुकी है। पीड़ित दिव्यांग/नेत्रहीन परिवार बीते समय से लगातार अब गांव में अपना जीवन जीने तक को विवश हो चुका है। पीड़ित परिवार जहां ईश्वर से अपने लिए मौत की गुहार लगा रहा है, वहीं परिवार के पीड़ित सदस्यों कहना है कि, उन्होंने कई बार स्थानीय पुलिस से भी मदद की गुहार लगाई लेकिन इसके बाद भी उनको केबल तिरस्कार ही मिला।

# बिजली विभाग के संविदा कर्मी का घर के बाथरूम में फांसी के फंदे से लटका मिला शव, कोहराम

- मामला कन्नौज जिले के इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के नादेमऊ का
- घटना के दौरान घर पर अकेला था मृतक, परिवार के सदस्य शादी समारोह में गए थे शामिल होने

**कन्नौज।** एक दर्दनाक मंजर सामने आया तो परिवार के सदस्यों में जानकारी के बाद कोहराम मच गया। घर लौटे परिजनों को घर के अंदर बने बाथरूम में 34 वर्षीय युवक का शव फंसे से लटकता हुआ मिला। मृतक बिजली विभाग में संविदा कर्मी के रूप मे कार्यरत था। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के नादेमऊ के छतनेपुर गांव निवासी विजय शंकर शास्त्री नादेमऊ में बीते कई वर्षो से मकान बनाकर रह रहे हैं। आचार्य का कार्य करके परिवार की जीविका चलाने वाले वाले विजयशंकर के इकलौता पुत्र 34 वर्षीय प्रबल और दो बेटियां हैं। तीनों बच्चों की शादी भी हो चुकी है। प्रबल बिजली विभाग में संविदा कर्मी के रूप में कार्यरत था। प्रबल की शादी भी करीब 11 वर्ष पूर्व पूजा से हो चुकी है। प्रबल के दो पुत्र जिनमें 10 वर्षीय आर्यन जो श्री देव पब्लिक स्कूल सौरिख में कक्षा 6 का छात्र है, जबकि दूसरा पुत्र 5 वर्षीय मनु एसबीएस स्कूल नादेमऊ में कक्षा एक में पढ़ता है। घटनाक्रम की जानकारी में पता चला है कि, बीते दिन परिवार के सदस्य एक शादी समारोह में बैगमा सकरावा गये हुए थे,वहीं पिता विजय शंकर विशुनगढ़ के हिंदूपुर गांव में आयोजित भागवत कथा में गए थे। घर पर बीती रात प्रबल घर पर अकेला ही मौजूद था। यह भी पता चला है कि, प्रबल ने बीते शुक्रवार की रात अपनी पत्नी पूजा को फोन से वीडियो कॉल भी की थी और किसी बात से आहत होकर फांसी लगाने की बात कही थी, लेकिन पत्नी पूजा द्वारा इस बात को गंभीरता से नहीं लिया गया। पूरी रात किसी को मामले की जानकारी नहीं हो सकी कि, क्या हुआ। प्रबल के घर से गांव की दूध डेरी पर दूध पहुंचता है, शनिवार को काफी समय तक जब डेरी पर दूध नहीं पहुंचा तो घर पर फोन किया गया।

# सीडीओ ने की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा

- विकासखंड कार्यालय में निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश



**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज कन्नौज।** मुख्य विकास अधिकारी ने तालग्राम विकास खण्ड का पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखों की गहन समीक्षा की, जिसमें कई महत्वपूर्ण रजिस्टर और अभिलेख अधूरे पाए गए। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सेवा पुस्तिका में कर्मचारियों के प्रमाण-पत्र अधूरे मिले। साथ ही, सामान्य जीपीएफ का अभिलेख पिछले तीन वर्षो से पूर्ण नहीं किया गया था। स्थापना रजिस्टर अधूरा पाया गया और आदेश रजिस्टर का निर्माण ही नहीं किया गया था। इसके अतिरिक्त आकस्मिक अवकाश रजिस्टर भी अद्यतन नहीं मिला। इन कमियों पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी जताते हुए संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों को तत्काल अभिलेख पूर्ण करने के निर्देश दिए। क्षेत्र पंचायत के पार्ट- तीन के अंतर्गत विकास कार्यों के लिए स्वीकृत धनराशि के संबंध में भी समीक्षा की गई। सीडीओ ने खण्ड विकास अधिकारी उमाशंकर शाहू को निर्देश दिए कि टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर स्वीकृत धनराशि को गांवों में विकास कार्यों पर नियमानुसार खर्च किया जाए। उन्होंने ब्लाक परिसर का निरीक्षण करते हुए कार्यालय के सामने बनी छोटी बाउंड्री को हटाकर वहां वाहनों के लिए व्यवस्थित पार्किंग जोन विकसित करने के लिए जेई आरईएस को निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मिशन के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों से 24,823 महिलाओं को जोड़ने के लक्ष्य के सापेक्ष 10,637 महिलाओं की कमी पाई गई। इसी प्रकार 'लखपति दीदी' योजना में तीन वर्षों के लिए निर्धारित 2,443 के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 963 महिलाओं को ही जोड़ा जा सका है, जबकि योजना का दूसरा वर्ष चल रहा है। इस पर सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को तेजी से कार्य करते हुए लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्यालय पटल पर कर्मचारियों के नाम और पदनाम की पट्टिका अनिवार्य रूप से लगाने को भी कहा, ताकि कार्य में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। हालांकि, मुख्य विकास अधिकारी ने ब्लाक परिसर में साफ-सफाई और भवन की पुताई व्यवस्था को संतोषजनक बताते हुए कर्मचारियों की सराहना भी की। इस अवसर पर एडीओ आईएसबी प्रवेश राजपूत, जेई आरईएस अरुणेश रावत सहित विकास खण्ड के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# होली पर्व के अवसर पर चलेगी विशेष साप्ताहिक गाड़ी

## पूर्वोत्तर रेलवे इज्जत नगर मंडल में जारी की प्रेस विज्ञप्ति

**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज कन्नौज।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी होली पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा हेतु 09185/09186 मुम्बई सेण्ट्रल-कानपुर अनवरगंज-मुम्बई सेण्ट्रल साप्ताहिक विशेष गाड़ी 09185 मुम्बई सेण्ट्रल से 22 फरवरी तथा 01, 08, 15, 22 एवं 29 मार्च 2026 तक प्रत्येक रविवार को तथा 09186 कानपुर अनवरगंज-मुम्बई सेण्ट्रल साप्ताहिक विशेष गाड़ी कानपुर अनवरगंज से 23 फरवरी तथा 02, 09, 16, 23 एवं 30 मार्च 2026 तक प्रत्येक सोमवार को छः फेरों के लिए संचलन किया जायेगा। यह जानकारी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक इज्जत नगर संजीव शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि 09185 मुम्बई सेण्ट्रल-कानपुर अनवरगंज साप्ताहिक विशेष गाड़ी प्रत्येक रविवार को मुम्बई सेण्ट्रल से 10.55 बजे प्रस्थान कर बोरीवली 11.25 बजे, वापी से 13.02 बजे, बलसाड़ से 13.24 बजे, सूरत से 14.17 बजे, बड़ोदरा से 16.15 बजे, गोधरा से 17.30 बजे, रतलाम से 20.25 बजे, नागदा से 22.05 बजे तथा दूसरे दिन कोटा से 01.00 बजे, गंगापुर सिटी से 03.10 बजे, भरतपुर से 05.10 बजे, मथुरा से 07.35 बजे, मथुरा छावनी से 07.50 बजे, हाथरस सिटी 08.27 बजे, कासगंज से 09.50 बजे, फर्रुखाबाद से 11.30 बजे, कन्नौज से 13.05 बजे, बिल्हौर से 13.27 बजे प्रस्थान कर कानपुर अनवरगंज 15.35 बजे पहुंचेगी। वापसी में 09186 कानपुर अनवरगंज-मुम्बई सेण्ट्रल साप्ताहिक विशेष गाड़ी प्रत्येक सोमवार को कानपुर अनवरगंज से 18.25 बजे, बिल्हौर से 19.04 बजे, कन्नौज से 19.28 बजे, फर्रुखाबाद से 21.20 बजे, कासगंज से 23.00 बजे, हाथरस सिटी से 23.50 बजे तथा दूसरे दिन मथुरा छावनी से 01.00 बजे, मथुरा से 01.25 बजे, भरतपुर से 03.10 बजे, गंगापुर सिटी से 04.35 बजे, कोटा से 06.40 बजे, नागदा से 09.55 बजे, रतलाम से 10.40 बजे, गोधरा से 13.35 बजे, बड़ोदरा से 14.50 बजे, सूरत से 16.30 बजे, बलसाड़ से 17.29 बजे, वापी से 17.54 बजे, बोरीवली 21.40 बजे प्रस्थान कर मुम्बई सेण्ट्रल 22.30 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी की संरचना में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 05, शयनयान श्रेणी के 08, साधारण द्वितीय श्रेणी के 02 तथा जीएसएलआरडी के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में एडीएम ने सुनीं शिकायतें

**56 शिकायतों में पांच का हुआ मौके पर निस्तारण**



सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते एडीएम व अन्य

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने शिकायतों का गुणवत्तापरक समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए।

शनिवार को अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील कायमगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में अपर जिलाधिकारी ने आये हुए फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जन शिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्ध गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से अच्छादित कर मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमली जामा पहनाया जाये। एडीएम ने कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है। इसलिए सभी अधिकारी रुचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करें। इस कार्य मे किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। भूमि सम्बन्धी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। सुनवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी ने न केवल शिकायत लेकर आए फरियादियों की समस्या सुनकर निदान कराया, बल्कि योजनाओं को सौगातें भी दीं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 56 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, विद्युत विभाग, विकास विभाग, आपूर्ति विभाग से संबंधित प्रार्थना पत्र आये। जिन्हें पृष्ठांकित कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार, उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह, तहसीलदार विक्रम सिंह, क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी, वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश पाल, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी डॉ0 लव कुमार मिश्रा, बीडीओ राजेन्द्र सिंह, चिकित्सा प्रभारी विपिन कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी सहित अन्य विभागों के लोग मौजूद रहे।

## शादी रोकने के लिए युवती की आपत्तिजनक फोटो वायरल करने की धमकी

### परिवार ने लगाया मारपीट करने का आरोप

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** जहानगंज थाना क्षेत्र में एक युवती की शादी तय होने के बाद विवाद सामने आया है। आरोप है कि कुछ दबंगों ने युवती की आपत्तिजनक तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल कर शादी रुकवाने का दबाव बनाया। विरोध करने पर परिवार के साथ मारपीट और धमकी देने का भी आरोप है। पीड़ित परिवार के अनुसार युवती की शादी दूसरे गांव में तय हुई थी। इसकी जानकारी मिलने पर आरोपी पक्ष नाराज हो गया। उन्होंने युवती की आपत्तिजनक तस्वीरें सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दीं। जिससे परिवार की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा और शादी में बाधा डालने का प्रयास किया गया। आरोप है कि इसके बाद आरोपी युवती के घर में घुस गए। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए परिवार को धमकी दी कि यदि शादी कहीं और की गई तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। जब परिवार ने इसका विरोध किया, तो उनके साथ मारपीट की गई। आसपास के लोग शोर सुनकर मौके पर जमा होने लगे। जिसके बाद आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित पक्ष का कहना है कि उन्होंने घटना की शिकायत स्थानीय थाने में की थी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है। पीड़ित परिवार ने पूरे मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में सीओ अजय वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जांच के आधार पर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## टेंट का सामान उतारते समय लोहे का पोल एचटी लाइन से छुआ, चार झुलसे



लोहिया अस्पताल की में भर्ती घायल

**फर्रुखाबाद/नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** टेंट का सामान उतारते समय लोहे का पोल ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन से छू गया। जिससे चार लोग झुलस गये। जिन्हें पहले सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के राजा रामपुर मेई गांव में शनिवार को स्व0 दयाराम वाल्मीकि की बेटी रेशमा की बारात आनी थी। शादी की तैयारियों के दौरान टेंट का सामान उतारते समय लोहे का एक पाइप ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से छू गया। जिससे पाइप में करंट दौड़ गया। इस घटना में दीपक, लड़की का 9 वर्षीय भतीजा देव पुत्र दीपक, 7 वर्षीय युवराज पुत्र जगराम निवासीगण राजारामपुर मेई झुलस गये। इसके अलावा राजपाल पुत्र होतीलाल निवासी दनिया मानपुर थाना नवाबगंज भी झुलस गये। सभी घायलों को लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां इमरजेंसी में भर्ती कर सभी का उपचार शुरु किया गया। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गयी। परिवार के सदस्यों ने बताया कि गनीमत रही कि करंट लगने के बाद पाइप तुरंत विद्युत लाइन से अलग हो गया। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। इमरजेंसी में ड्यूटी कर रहे चिकित्सक ने बताया करंट की चपेट में आए एक युवक सहित तीन बालक आए हुए हैं। सभी को भर्ती कर उपचार शुरु कर दिया गया है।

# नातिन की उठी डोली और नानी की अर्थी

**शादी की खुशियां मातम में बदलीं**



मृतका का फाइल फोटो व दूसरी ओर नातिम की उठ रही डोली

**फर्रुखाबाद/नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** शनिवार सुबह एक शादी की खुशियां मातम में बदल गई। एक ओर नातिन की विदाई की तैयारियां चल रही थी, वहीं दूसरी ओर नानी ने गेस्ट हाउस में दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। हालांकि घटना की जानकारी दुल्हन को नहीं दी गई।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज के घमुइया रसूलपुर निवासी राजीव कुमार सक्सेना ने अपनी बेटी लक्ष्मी (22) की शादी माया गेस्ट हाउस में आयोजित की थी। शुक्रवार शाम को धूमधाम से बारात का स्वागत किया गया। उसके बाद शादी की सभी रस्में की पूरी हुईं। परिवार में बेटी की शादी को लेकर खुशी का माहौल था। सुबह करीब 5 बजे रीतिरिवाजों के साथ लक्ष्मी की विदाई की गई। लक्ष्मी की विदाई के कुछ ही मिनट बाद नानी गोमती की तबियत अचानक बिगड़ गई। उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी। जिसके बाद परिजन आनन-फानन में अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की जानकारी लक्ष्मी के ससुरालवालों को भी दी गई। हालांकि लक्ष्मी से यह बात परिजनों ने छिपाए रखी। मृतका हरदोई के चांदपुर गांव निवासी 60 वर्षीय गोमती देवी लंबे समय से बीमार चल रही थी। अपनी छोटी बेटी के साथ नातिन की शादी में शामिल होने की इच्छा से वह बीमार हालत में ही हरदोई से फर्रुखाबाद आई थीं। लक्ष्मी के नाना की 9 साल पहले ही मौत हो गई थी। एक रात पहले उन्होंने अकेले ही लक्ष्मी का कन्यादान भी किया था। लक्ष्मी के पिता राजीव सक्सेना गांव में ही काम करते हैं, जबकि लक्ष्मी का भाई मनीष दिल्ली में प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। राजीव के दो बेटे और दो बेटियां है। जिनमें लक्ष्मी दूसरे नंबर की बेटी थी।

## खबरें एक नजर में

### कार चेकिंग के दौरान अभद्रता करने के मामले में चौकी इंचार्ज के विरुद्ध याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना कम्पिल क्षेत्र के ग्राम रसीदपुर निवासी रितिक कुमार द्विवेदी पुत्र अरविंद ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष बजरिया चौकी इंचार्ज लक्ष्मण सिंह थाना मऊदरवाजा के विरुद्ध दायर की। जिसमें बताया कि मैं अपनी कार एर्टिगा यूपी76ए7742, जो कि मेरी मां मंजूरानी के नाम है, को लेकर 10 फरवरी को जा रहा था। गाड़ी को ड्राइवर विवेक उर्फ विमल चला रहा था। बाईपास जसमई रोड पर एसआई लक्ष्मण सिंह द्वारा मेरी उक्त गड़ी को रोककर गाड़ी के पेपर चेक किए गये। पेपर पूर्ण होने के बाद बाबजूद भी गाड़ी का चालन करने की बात करने लगे। ड्राइवर ने गाड़ी से उतरकर पुलिस से बात की, तो पांच हजार रुपए की मांग कीं। मैंने पैसे देने से मना कर दिया, तो अपशब्द बोलने लगे। जब गाड़ी लेकर चला, तो पीछे से चालान कर दिया। जिसमें शीट बेल्ट न लगाने का कारण एक हजार रुपए का जुर्माना कर दिया। चौकी इंचार्ज लक्ष्मण सिंह व हमराह सिपाही ने अभद्रता की। जिसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड डाक से की गयी। कोई कार्यवाही न होने पर न्यायलय में याचिका दायर की।

### बोलेरो ने स्कूटी में मारी टक्कर, युवक घायल पुलिस ने भिजवाया अस्पताल



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कार चालक ने स्कूटी सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार दूर जा गिरा और घायल हो गया। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पहुंचकर घायल को लोहिया अस्पताल भिजवाया।

जानकारी के अनुसार शनिवार को कोतवाली फतेहगढ़ के अंतर्गत याकूतगंज एस.एन.कोल्ड के सामने एक बोलेरो चालक ने स्कूटी सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार दूर जा गिरा और घायल हो गया। स्कूटी सवार दलजीत निवासी वनखड़िया का बताया गया है। वहीं बोलेरो चालक प्रांशु शर्मा पुत्र राम खेलावन निवासी नजरापुर पटिया तिर्वा जिला कन्नौज का बताया जा रहा है। वह कानपुर की तरफ से आ रहा था। घटना की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। सूचना पाकर याकूतगंज चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को लोहिया अस्पताल भिजवाया। वहीं पुलिस ने स्कूटी को चौकी लाकर खड़ा करा दिया है।

## बेखौफ चोरों ने खेत से ट्रांसफार्मर का कीमती सामान और तेल साफ किया



चोरों द्वारा तोड़ा गया ट्रांसफार्मर व मौजूद ग्रामीण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिरोली में चोरों के हौसले बुलंद हैं। बीती शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने गाँव के बाहर स्थित एक खेत में घुसकर सिंचाई के लिए लगे निजी ट्रांसफार्मर को अपना निशाना बनाया। इस घटना से किसान को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। गाँव सिरोली निवासी ओमपाल ने बताया कि उनके खेत पर सिंचाई के लिए समरसेबिल पंप लगा हुआ है। जिसे चलाने के लिए बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया था। शुक्रवार की रात जब सब सो रहे थे, तब चोरों ने सूनेपन का फायदा उठाकर ट्रांसफार्मर को खंभे से नीचे उतार लिया। चोरों ने बड़ी ही सफाई से ट्रांसफार्मर को खोलकर उसके भीतर मौजूद महंगा तांबे का तार कीमती उपकरण और सारा तेल निकाल लिया और मौके से फरार हो गए। शनिवार सुबह जब किसान ओमपाल अपने खेत पर पहुँचे, तो ट्रांसफार्मर के पुर्जे जमीन पर बिखरे देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों को दी और शनिवार दोपहर नवाबगंज थाने पहुँचकर पुलिस को लिखित तहरीर दी है।

# हाईस्कूल गृह विज्ञान की परीक्षा में 530 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**इंटरमीडिएट की ट्रेड में 9 तथा इतिहास की परीक्षा में 34 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित**



बोर्ड परीक्षा की कंट्रोल रुम से निगरानी करते प्रभारी राम लखन पाल व नवनीत भारद्वाज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद में बोर्ड परीक्षा के चौथे दिन प्रथम पाली में हाईस्कूल में गृह विज्ञान की परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें पंजीकृत 7684 परीक्षार्थियों में से 7154 ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 530 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की ट्रेड में 255 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 246 ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 9 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार इतिहास की परीक्षा में कुल पंजीकृत 1013 परीक्षार्थियों में 979 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 34 परीक्षार्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी सभी परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहा। सभी परीक्षाएं सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। जिसकी मॉनिटरिंग डीआईओएस कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से की जा रही है। वही केंद्रों पर सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात रहे।

इसके अलाला पुलिस बल भी तैनात रहा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रथम पाली में कमालगंज, जहानगंज क्षेत्र में स्थित कई विद्यालयों का निरीक्षण किया। जिसमें पुत्तूलाल गोमती इंटर कालेज, मैकूलाल इंटर कालेज सिरौंज, लल्लूवंशी इंटर कालेज, दयाराम इंटर कालेज कुंदन गनेशपुर, डीपीएस इंटर कालेज मूसाखिरिया, फिरोजगांधी इंटर कालेज कमालगंज आदि का निरीक्षण किया।

## शिक्षक संगठनों ने बैठक कर टीईटी का किया विरोध



विरोध प्रदर्शन करते शिक्षकगण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** खंड शिक्षा कार्यालय पर टीईटी के विरोध में शिक्षक संगठनों ने प्रदर्शन किया। साथ ही सरकार के इस कदम पर नाराजगी जाहिर की।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय परिसर में स्थिथ खंड शिक्षा कार्यालय पर शनिवार को जिले के शिक्षक नेताओं ने टीईटी के विरोध में प्रदर्शन कर रणनीति बनायी। जिसमें कहा गया कि 23 फरवरी 2026 से 25 फरवरी 2026 तक सभी शिक्षक संगठन एकत्र होकर अपने-अपने विद्यालय में सरकार के द्वारा लाई गई टीईडी के विरोध में काली पट्टी बांधकर विरोध करेंगे। विरोध के बाद यदि मांगें न मानी गयीं, तो 26 फरवरी को सभी शिक्षक नेता अपने समस्त शिक्षक साथियों के साथ नवाबगंज खंड शिक्षा कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करेंगे तथा यहां से बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय फतेहगढ़ में भी जाकर उसी दिन विरोध प्रदर्शन करेंगे। विरोध प्रदर्शन उपरांत सभी शिक्षक पैदल मार्च करते हुए जिला अधिकारी कार्यालय पर जाकर प्रधानमंत्री को संबोधित अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपेंगे। विरोध प्रदर्शन के दौरान खंड शिक्षा कार्यालय पर उपस्थित शिक्षक नेता जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ अवनीश चौहान, प्रताप नारायण, राजवीर सिंह यादव, शालिग्राम गंगवार, अमन कुमार, पंकज यादव, सुभाष यादव, प्रमोद प्रजापति, संतोष यादव, राम मनोहर यादव, राजीव राजपूत, संजीव कुमार, बालकिशन राजपूत. प्रशांत कटियार, संजीव रंजन सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

### बहन के साथ मारपीट की भाई ने पुलिस को दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** एक पति पर अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने का आरोप लगा है। पीड़िता के भाई की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कानपुर के सचेंडी निवासी गोविंद ने अपनी बहन पूजा की शादी नगला झब्बू सिंह के एक युवक से कराई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही युवक किसी न किसी बात पर पूजा के साथ मारपीट करता था। पूजा ने अपने भाई गोविंद को मारपीट की जानकारी दी। सूचना मिलने पर गोविंद अपनी बहन के घर पहुंचे और पति को समझाने का प्रयास किया। जब पति नहीं माना, तो गोविंद ने पूजा को अपने साथ घर चलने को कहा। इसी बात पर दोनों पक्षों में गाली-गलौज शुरू हो गई। मामला बढ़ने पर गोविंद ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी।

### खेत की पैमाइश को लेकर लेखपाल, कानूनगो सहित छः के विरुद्ध याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम शरीफपुर छिछनी जैतपुर ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से राममूर्ति पुत्र लालाराम, इंद्रवीर पुत्र हृदयराम, धर्मवीर पुत्र हृदयराम, अर्जुन पुत्र हरिनाथ समस्त निवासीगण शरीफपुर छिछनी, क्षेत्रीय लेखपाल अमित कुमार, कानूनगो रामेंद्र लाल के खिलाफ न्यायालय में याचिका दायर की। जिसमें बताया कि मेरी भूमि खसरा नंबर 968 है। मेरी प्रश्नगत भूमि राममूर्ति, इंद्रवीर, अर्जुन, हृदयराम उक्त लोग लेखपाल व कानूनगो से मिलकर अनैतिक व फर्जी पैमाईश करके मेरे खेत में कब्जा कराने की कोशिश करते हैं। पीड़ित ने कहा कि उक्त लोगों की पैमाईश पहले हो चुकी हैं और उनका रकवा पूरा है। जिस पर वह लोग अपना मकान बनाए हुए हैं। लेखपाल ने कहा मकान ग्राम समाज की भूमि पर बना हुआ है। लेखपाल ने कहा तुम्हारे खेत में आठ डिसमिल खेत निकल रहा है। जिसके संबंध में तहसीलदार, जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देखकर सूचित किया। लेखपाल, कानूनगो से रामेंद्र लाल मिलकर जबरिया मेरा खेत कब्जा करना चाहते हैं। दिनांक 19 फरवरी को सुबह नौ बजे उक्त लोग एक षड्यंत्र के तहत मौके पर पहुंच गए और जबरिया कब्जा करवाने लगे। मेरे विरोध करने पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। उक्त लोगों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजा गया। कार्यवाही न होने पर माननीय न्यायलय के समक्ष याचिका दायर की।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



गुमशुम बैठे मृतक के परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शमशाबाद के मोहल्ला दरुद गिराह निवासी 35 वर्षीय सत्यवीर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने के बाद घर में कोहराम मच गया। शनिवार सुबह जब उसका छोटा भाई जसवीर सिंह उसे बुलाने पहुंचा, तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। कोई जवाब न मिलने पर जसवीर को आशंका हुई। उसने खिड़की से झांककर देखा तो सत्यवीर का शव फंदे से झूल रहा था। जसवीर की चीख सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। लोगों की मदद से खिड़की तोड़कर दरवाजा खोला गया और शव को नीचे उतारा गया। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। मृतक सत्यवीर शहर की एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। लगभग आठ महीने पहले उसके बड़े भाई सहवीर सिंह यादव जो एक ट्रक चालक थे, की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। बड़े भाई की मौत के बाद से सत्यवीर गहरे सदमे में था। होली के त्योहार पर रिश्तेदारों का घर आना-जाना शुरू होने पर वह भी अपने घर आया था। सत्यवीर तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था और अविवाहित था। उसके पिता स्वर्गीय खुशीराम का पहले ही निधन हो चुका था। एक मकान में उसकी भाभी, मां राम बेटी और छोटा भाई जसवीर रहते थे, जबकि सत्यवीर दूसरे मकान में रहता था। परिजनों के जाने के बाद वह अपने दूसरे मकान में सोने चला गया था। शमशाबाद थाना पुलिस ने मृतक के छोटे भाई जसवीर सिंह की तहरीर पर शव को कब्जे में लिया।

थानाअध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि पंचनामे की कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।

## चलते ई-रिक्शा से गिरकर युवक घायल



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र के गाँव कादरदादपुर सराय निवासी प्रवेश राठौर उम्र 38 वर्षीय पुत्र नत्थूलाल राठौर दिल्ली जाने के लिए वह घर से ई-रिक्शे पर बैठकर कायमगंज ट्रान्सपोर्ट जा रहा था। जैसे ही वह कायमगंज दुर्गा टाकीज के निकट पहुँचा, तभी चलते ई-रिक्शे से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल युवक को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ उसका उपचार जारी है।

### कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, बालक की मौत, चालक घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कार की टक्कर से पलटे ई-रिक्शा में सवार बालक की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली के मोहल्ला साहबगंज नरायनदास निवासी शिक्षक राजीव त्रिवेदी की बेटी की बीती रात आवास विकास स्थित एक गेस्ट हाउस में शादी हुई थी। मोहल्ले के अभिजीत तिवारी पत्नी पूजा व तीन वर्ष के बेटे तेजांश , बड़े बेटे कृष्णा एवं छोटे भाई की पत्नी बंटी के साथ शादी समारोह से दाव खाकर ई-रिक्शा से घर वापस लौट रहे थे। रात करीब डेढ़ बजे ई-रिक्शा क्रिश्चियन इंटर कालेज के सामने से गुजर रहा था। उसी समय सामने से तेजी से आया कार चालक ने ई-रिक्शा में टक्कर मारता हुआ भाग गया।

## किसानों को सरकार द्वारा चलायी जा रहीं योजनाओं की दी गयी जानकारी



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड कार्यालय सभागार में खंड विकास अधिकारी के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें किसानों को सरकार द्वारा चलायी जा रहीं योजनाओं की जानकारी दी गयी।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय सभागार में विकास खंड विकास अधिकारी के निर्देशन में मुख्यमंत्री द्वारा कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही फसल बीमा योजना, राजस्व तथा आपदा विभाग से संचालित सभी किसानों को बीमा योजनाओं की डीबीटी के माध्यम से वन क्लिक माध्यम से क्षतिपूर्ति वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसका सीधा प्रसारण मुख्यमंत्री का उद्बोष सीधे टेलीविजन के माध्यम से दिखाया गया। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, एडीओ एग्रीकल्चर तथा कृषि विभाग के समस्त कर्मचारी पंकज कुमार आदि लोग मौजूद रहे। वहीं एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ ग्राम विकास सुखदेव सिंह साहित विकास खंड क्षेत्र के समस्त कर्मचारी तथा क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

# शिक्षिका पूनम शुक्ला को मिला मातृभाषा रत्न अंतर्राष्ट्रीय मानद उपाधि सम्मान


प्रधानाचार्य के साथ शिक्षिका पूनम शुक्ला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर नेपाल की प्रसिद्ध संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा शिक्षिका पूनम शुक्ला को मातृभाषा रत्न मानद उपाधि सम्मान से सम्मानित किया गया है। नेपाल भारत मैत्री विकास, देवनागरी लिपि के संरक्षण संवर्द्धन, नेपाल भारत की मैत्री भाषा हिंदी/नेपाली के वैश्विक प्रचार प्रसार तथा देश विदेश के कवि, लेखक, साहित्यकार और शिक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आज अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर नेपाल, भारत सहित 5 देश के एक हजार प्रतिभाओं को मातृभाषा रत्न मानद उपाधि सम्मान तथा मातृभाषा गौरव सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया। कवयित्री व शिक्षिका पूनम शुक्ला को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनकी कई एकल कृतियां प्रकाशित है, अभी दो साहित्यिक पत्रिकाओं का लेखन कर रही है। विभिन्न साहित्यिक तथा सामाजिक संस्थाओं से आबद्ध आपको दर्जनों प्रतिष्ठित सम्मान भी मिल चुके हैं। पूनम शुक्ला को सम्मान की बधाई देते हुए संस्था के अध्यक्ष आनन्द गिरि मायालु ने कहा कि शब्द प्रतिभा का उद्देश्य है, प्रतिभाओं का प्रोत्साहन कर उनमें नव ऊर्जा का विकास करना। फर्रुखाबाद की लोकप्रिय शिक्षिका एवं कवयित्री पूनम का अंतराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित होना गौरव का विषय है। ज्ञात हो कि पूनम शुक्ला एक कर्मठ शिक्षिका के साथ ही एक कुशल लेखिका है, इनकी लिखी कविताएं समाज को सकारात्मक संदेश देती है। पूनम शुक्ला जैसी प्रतिभाशाली रचनाकारों को राज्य की ओर से सम्मान प्रदान कर प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। पूनम शुक्ला के सम्मान की खबर पाकर उनके परिवार, विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी, प्रबंध समिति, परिचित तथा मित्रों ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

## इटावा-बरेली हाइवे पर मानकों को दुरुस्त करने की उठायी गई मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने परियोजना निदेशक एनएच-730सी को प्रार्थना पत्र भेजकर मार्ग में सावधानी हेतु समस्या व दुर्घटनाओं का समाधान करने की मांग की है। डिवाइडर पर रेलिंग एवं साइड पर रेलिंग मजबूती से फिक्स नहीं की गई है, जो सड़क पर झुकी हुई है। पुनः मजबूती से सीमेंट से रेलिंग फिक्स करायी जाये। हाइवे के दोनों तरफ सर्विस लेन न बनने से हर घर के सामने वाहन अचानक हाइवे पर आने से दुर्घटनायें बढ़ रही है। सर्विस लेन निर्माण कराया जाये। मसेनी चौराहा पर हाइवे पर जाने वाले रोड ब्रेकर बनाये जाये, जो अमानक रुप से बनाये गये है।

# सेंट पॉल्स ब्राइटन अकादमी में विजेताओं को किया गया सम्मानित




ट्रॉफी के साथ विजेता विद्यार्थी मौजूद शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेंट पॉल्स ब्राइटन अकादमी बंधुआ नेकपुर के विद्यालय परिसर में आयोजित विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के परिणाम घोषित किए गए। निदेशक रोजीशन विश्वासी, प्रबंधिका रोहतानी विश्वासी, प्रधानाचार्य डॉ0 अवधेश कुमार यादव, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पूरे वर्ष आयोजित खेलकूद, वाद-विवाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, चित्रकला, ओलंपियाड, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी तथा अन्य प्रतियोगिताओं के अंकों के आधार पर हाउस येलो, ग्रीन, रेड, ब्लू हाउस प्रतियोगिता का अंतिम परिणाम घोषित किया गया। साथ ही साथ स्टूडेंट ऑफ द ईयर की ट्रॉफी भी मास्टर ऋषभ कक्षा 11 को प्रदान की गई। इस वर्ष कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद येलो हाउस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और प्रतिष्ठित बेस्ट हाउस ट्रॉफी अपने नाम की। येलो हाउस के इंचार्ज उज्जवल अग्निहोत्री, सह संचालकों एवं छात्रों ने खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में शानदार भागीदारी निभाई। द्वितीय स्थान पर ग्रीन हाउस तथा तृतीय स्थान पर रेड हाउस रहे। विजेता हाउस को निदेशक एवं प्रधानाचार्य द्वारा ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

निदेशक रोजीशन विश्वासी ने सभी विद्यार्थियों की मेहनत और अनुशासन की सराहना की तथा भविष्य में भी इसी उत्साह से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। समारोह को सफल बनाने में बिंदु द्विवेदी, अभिषेक सिंह, पीटीआई संजीव कुमार सिंह, एकता मसीह, वैशाली पीटर, समस्त शिक्षकगण एवं ऑफिस स्टाफ रहा।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम व सांसद ने सुनी समस्यायें


शिकायतें सुनते सांसद व डीएम

**68 शिकायतों में से दो का मौके पर हुआ निस्तारण**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता व सांसद मुकेश राजपूत की उपस्थिति में तहसील सदर का सम्पूर्ण समाधान दिवस ऑफीसर्स क्लब फतेहगढ़ में आयोजित किया गया। तहसील दिवस में राजस्व विभाग की 38, पुलिस विभाग की 10, विद्युत विभाग की 05, विकास विभाग की 04 व अन्य विभागों की 11 कुल 68 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण हुआ।

डीएम ने प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये।

इस अवसर पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आफीसर्स क्लब में विधिक सेवा प्राधिकरण का शिविर आज


तैयारियों का जायजा लेते जनपद न्यायाधीश आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में मेगा/वृहद विधिक सहायता सेवा शिविर का आयोजन 22 फरवरी रविवार को आफीसर्स क्लब फतेहगढ़ में आयोजित होगा। जिसमें जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार एवं नोडल अधिकारी अपर जिला जज संजय कुमार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव प्रियंका गांधी आदि अधिकारीगण समस्यायें सुनेंगे। शिविर में लोगों को सहायता पहुंचाने हेतु एवं विभिन्न विभागों की जन कल्याणकारी योजना का लाभ एक ही छत के नीचे आयोजन होगा।

जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी समस्यायें सुनेंगे। रविवार को आयोजित होने वाले विधिक सहायता शिविर की तैयारियों का जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव प्रियंका गांधी आदि ने निरीक्षण कर तैयारी के संदर्भ में जानकारी ली।

# छात्र-छात्राओं ने पोस्टर के जरिए डायरिया रोकथाम का दिया संदेश

**डायरिया किसी भी मौसम में हो सकता : पिंकी दास**


प्रतियोगिता में मौजूद छात्र-छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संविलियन विद्यालय अमेठी जदीद में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत पोस्टर, रोल प्ले और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने अपने-अपने घर में एक प्रहरी के रूप में कार्य करने का भी आश्वासन दिया। प्रतियोगिता में 45 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। कक्षा-आठ के राहिब पहले, कक्षा-सात की स्वालिया दूसरे और कक्षा-छः की आफिया तीसरे स्थान पर रहीं। कक्षा-6 की आहिबा व कक्षा-7 के प्रियांशु को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं को डायरिया रोकथाम और प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी पिंकी दास ने बताया कि बच्चे को दिन में तीन बार से अधिक पतली दस्त हो, प्यास ज्यादा लगे और आँखें धंस गयी हों तो यह डायरिया के लक्षण हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में बच्चे को जल्दी से जल्दी ओआरएस का घोल देना शुरू करें और तब तक इस घोल को देते रहें जब तक की दस्त ठीक न हो जाए। इस मौके पर प्रधानाचार्य मनोज कुमार मिश्रा, अध्यापिका आकांक्षा मिश्रा, अंशिका मिश्रा, देवेश कुमार व अमरीश कुमार पाण्डेय, अनुपम मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने कृषक दुर्घटना बीमा क्लेम संबंधी प्रमाण पत्र किये वितरित

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं आपदा राहत के तहत हुआ कार्यक्रम**


किसान को क्षतिपूर्ति पत्र वितरित करते सांसद व डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं आपदा राहत वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विकास खंडों से बड़ी संख्या में आए प्रगतिशील किसानों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं आपदा विभाग के अंतर्गत लाभार्थी किसानों को एक क्लिक डीबीटी के माध्यम से क्षतिपूर्ति वितरण की। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया।

जनपद स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद मुकेश राजपूत रहे। मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि0एवं रा0), जिला विकास अधिकारी, तहसीलदार सदर, उप कृषि निदेशक एवं अन्य विभागीय अधिकारीगण एवम विभिन्न विकास खण्ड के किसान भी मौजूद रहे। सांसद ने खरीफ 2025 के दौरान फसल क्षति का सामना करने वाले 08 किसानों को क्लेम वितरण प्रमाण पत्र एवं 10 किसानों के आश्रितों को 05 लाख रु का कृषक दुर्घटना बीमा क्लेम संबंधी प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

इसके साथ ही पात्र कृषकों को मूंग और उर्द के मिनीकिट भी प्रदान किए गए।

डीएम ने सभी किसानों से फार्मर आईडी बनवाने का अनुरोध किया, ताकि भविष्य में सभी सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान से मिल सके।

जिन किसानों का वोट नहीं बना है, उन्हें रविवार आयोजित होने वाले विशेष अभियान के तहत अपने बूथों पर जाकर पंजीकरण कराने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी और मुख्य अतिथि ने किसानों से अपना श्विशेष प्रागाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य समय से पूर्ण कराने की अपील की।

# डीएम नगर पालिका परिषद कार्यालय का किया निरीक्षण

**कर वसूली की प्रगति की समीक्षा, सापेक्ष वसूली बढ़ाने के दिये निर्देश**


निरीक्षण करते डीएम, मौजूद अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ0 आशुतोष कुमार द्विवेदी ने नगर पालिका कार्यालय फर्रुखाबाद का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कार्यालय अभिलेखों के रख-रखाव, कर वसूली की स्थिति, जन्मदमृत्यु पंजीकरण, निर्माण कार्यों की प्रगति, स्वच्छता व्यवस्था तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। डीएम ने कार्यालय में संचालित जनसुनवाई व्यवस्था का अवलोकन करते हुए निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कर वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए तथा लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने को कहा। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने, अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने, निष्प्रयोज्य वाहनों का मूल्यांकन कराकर नीलामी कराने, टाइड व अनटाइड ग्रांट का शत-प्रतिशत उपभोग करने तथा कार्यालय परिसर में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुँचना चाहिए, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। डीएम ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### ओवरलोड माल ढोने के अभियोग में 3 ट्रक सीज

**स्कूली बच्चे ढोते हुये 2 वैन सीज**



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में 21 फरवरी को एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान ओवरलोड माल ढोते हुये 3 ट्रक सीज किये गये व उन पर रू0 95 हजार का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार स्कूली बच्चे ढोते हुये 1 मारूति वैन तथा 1 बोलेरो सीज की गई व इन पर रू0 61 हजार जुर्माना लगाया गया। की गई कार्यवाही में परिवहन विभाग द्वारा रू0 1.56 लाख जुर्माना लगाया गया।

# एआरटीओ कार्यालय में परिवहन मेले का हुआ आयोजन


सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते एआरटीओ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा एआरटीओ-प्रशासन श्री कृष्ण कुमार यादव ने एआरटीओ कार्यालय में परिवहन मेले का आयोजन किया गया। जिसमें टाटा मैजिक एवं ऑटो रिक्शा तथा हल्के भार वाहनों के स्वामी एवं संचालक उपस्थित रहे। बताया कि 30 जनवरी से भाड़े या पारिश्रमिक पर संचालित दोपहिया मोटर साइकिल, तिपहिया मोटर कैब एवं मैक्सी कैब, माल वाहन आदि के सम्बन्ध में उ0प्र0 मोटरयान कराधान अधिनियम में संशोधन करते हुये उ0प्र0 सरकार द्वारा परिवहन कर प्रणाली में व्यापक सुधार करते हुए एकबारीय कर की व्यवस्था को लागू किया गया है। तिपहिया मोटर कैब पर एकबारीय कर की दर यान के मूल्य का 7 प्रतिशत निर्धारित की गयी है। तिपहिया मोटर कैब को छोड़कर 10 लाख रूपये तक के मूल्य वाली मोटर कैब तथा मैक्सी कैब पर एकबारीय कर की दर यान के मूल्य का 10.50 प्रतिशत निर्धारित की गयी है। तिपहिया मोटर कैब को छोड़कर 10 लाख रूपये से अधिक मूल्य वाली मोटर कैब तथा मैक्सी कैब पर एकबारीय कर की दर यान के मूल्य का 12.50 प्रतिशत निर्धारित की गयी है। 4.3000 किलोग्राम तक सकल यान भार वाले माल वाहनों पर एकबारीय कर की दर यान के मूल्य का 3 प्रतिशत निर्धारित की गयी है।

5.3000 किलोग्राम से अधिक किन्तु 7500 किलोग्राम से अनधिक सकल यान भार के वाहन मिनी ट्रक आदि पर एकबारीय कर की दर यान के मूल्य का 6 प्रतिशत निर्धारित की गयी है। मेले में उपस्थित सभी 46 लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया एवं सड़क सुरक्षा शपथ दिलाते हुये साहित्य का वितरण किया गया।

# डीएम ने तहसील सदर का निरीक्षण कर विभिन्न पटलों के कार्यों की समीक्षा


तहसील का निरीक्षण करते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ0 आशुतोष कुमार द्विवेदी ने तहसील सदर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसील परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के संधारण, राजस्व वादों की प्रगति, जनसुनवाई व्यवस्था, फार्मर रजिस्ट्री एवं विभिन्न पटलों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

डीएम ने न्यायालयों में लंबित राजस्व वादों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि वादों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा अनावश्यक लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ किया जाए। राजस्व अभिलेखों के रख-रखाव, खतौनी अद्यतन, नामांतरण एवं वरासत प्रकरणों की प्रगति की भी समीक्षा की। डीएम ने कहा कि आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए कार्यप्रणाली को सरल एवं जवाबदेह बनाया जाए।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। डीएम ने तहसील परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने, शौचालयों की सफाई का विशेष ख्याल रखने तथा कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# रमजान में नेकी करने वालों को 70 गुना मिलता है सबाव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अल्लाह और उसके रसूल मोहम्मद-ए-मुस्तफा ने फरमाया कि माहे रमजान को तमाम महीनों पर फजीलत हासिल है और इन महीने में वह एक रात भी शामिल है जिससे की गयी इबादत हजार महीनों से अफजल है। रमजान में गुनाहे कबीरा से बचें। रमजान का




एहतराम करें यानी झूठ न बोले, गोहतान न लगायें, किसी की गीबत न करेंए हराम से बचें। समाजसेवी **राजा शमसी** का कहना है कि रसूले खुदा ने फरमाया कि मेरी उम्मत अगर माहे रमजान का एहतराम करेगी तो कभी रुसवा न होगी। नवी करीम ने फरमाया कि माहे रमजान में नेकी करने वाले को 70 नेकियों का सबाब मिलता है।


राजा शमसी


इदरीश खान


आकिब खान

रमजान का पहला असरा रहमत, दूसरा असरा मगफिरत, तीसरा असरा जाहन्नुम से आजादी दिलवाता है। **इदरीश खान** ने बताया अल्लाह की रहमत होगी तो रिज्क इजाफा होगा। तंग दस्ती खत्म होगी, मगफिरत होगी तो कब्र में सब जवाब में आसानी होगी।

अल्लाह को राजी कर लो तो जाहन्नुम की आजादी मिल जायेगी। स्मजान का पहला असरा मुकम्मल हुआ। रोजे का असल मकसद है कि हैसियतदार भी भूख प्यास की तकलीफ को समझे और साल के बाकी 11 महीनों में गरीब और बेसहारा लोगों की भूख और प्यास की तकलीफको समझ है। सकें। वहीं गेजा सिर्फखाना पीना छोड़ देने का काम नहीं, बल्कि इस दौरान बुराइयों से दूर रहने का भी नाम है। **आकिब खान** का कहना है कि खजानुल मुबारक में रोजदारों ने अल्लाह के रसूल पैगम्बर मो0 सल्लाहअलैह वसल्लम ने रमजान शहरुल मुआसल कहा है, क्योंकि मजान के महीने में निजात ही निजात है। इस मुबारक महीने में खुदा को रहमत की वर्षा होती है। स्मजान के रोजे का मेकसद दरअसल गुनाहों से बचना है। रोजा ऐसी रुहानी इबादत है जो इंसान को बहुत ऊंचे स्थान पर पहुंचाता है। रमजान का वह मुकद्दस महीना है जिसके लिए दुनिया भर के करोड़ों लोग प्रतीक्षा करते हैं। सभी मुसलमान रोजा, नमाज और अन्य इबादतों में व्यस्त हो जाते हैं। रमजान अत्यधिक बरकतों वाला महीना है।

# थाना मऊदरवाजा का डीएम ने किया निरीक्षण

**डीएम ने की प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा**


थाना मऊदरवाजा का निरीक्षण करते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ0 आशुतोष कुमार द्विवेदी ने थाना मऊदरवाजा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों का संधारण, आगंतुक रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क, शस्त्रागार, मालखाना तथा बंदी गृह का गहन निरीक्षण किया। डीएम ने थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लंबित विवेचनाओं की प्रगति की जानकारी ली तथा गंभीर प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम ने महिला संबंधित प्रकरणों में संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा, साथ ही सीसीटीएनएस प्रणाली, बीट पुलिसिंग एवं अपराध नियंत्रण की स्थिति की भी समीक्षा की। डीएम ने थाना परिसर में अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ रखने तथा आमजन के साथ शिष्ट एवं उत्तरदायी व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


## कार्यालय ग्रा0पं0 आसमपुर वि0ख0 राजेपुर, फर्रुखाबाद

पत्रांक:मीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2025-26 दिनांक 21/02/2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत आसमपुर वि0ख0 राजेपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 22/02/2026 से 28/02/2026 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 28/02/2026 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान व सचिव व निविदादाताओं की मौजूदगी में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | शिवम के घर से कलटर के घर तक मिट्टी, नाली व साइड वाल तथा इंटरलाकिंग कार्य | मनरेगा राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 3,21,014 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें:**- निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

**प्रधान-(रमाकांत राजपूत) ग्रा0पं0 आसमपुर, वि0ख0 राजेपुर सचिव- (मानेन्द्र प्रताप सिंह)**

# दो बाइकों की धागंडे से टक्कर, तीन युवकों की मौत, तीन घायल



**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

निघासन कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बारात से लौट रहे चार युवकों की बाइक और दूसरी बाइक सेमल से लदे धागंडे से टकरा गई। हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, निघासन कोतवाली क्षेत्र के बरोठा गांव से सिंगाही थाना क्षेत्र के नौरंगाबाद गई बारात से चार युवक एक ही राइडर बाइक पर सवार होकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान निघासन-सिंगाही रोड पर मोटे बाबा सरजू पुल से पहले सिंगाही की ओर से निघासन आ रहे सेमल से लदे धागंडे में पीछे से उनकी बाइक जा टकराई। उसी समय सिंगाही के भिड़ौरा वार्ड नंबर चार के युवक अपने बाहर से आ रहे रिश्तेदार को लेने निघासन आ रहे थे, उनकी बाइक भी धागंडे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकों पर सवार सभी छह लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलते ही निघासन कोतवाल महेशचंद्र पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन भिजवाया। वहां चिकित्सकों ने तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल बिरजू (25) पुत्र जगदीश गौतम निवासी पचपेड़ी को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना पर एसडीएम राजीव निगम, सीओ शिवम कुमार सहित सिंगाही इंस्पेक्टर मनीष कुमार सिंह और तिकुनिया इंस्पेक्टर पुष्पराज कुशवाहा भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल सेमल से लदे धागंडे और दोनों बाइकों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतकों में विकास (23) पुत्र सीताराम निवासी बरोठा, सुरेश (20) पुत्र रमेश निवासी वार्ड नंबर चार कस्बा सिंगाही और छोटू (22) पुत्र पुत्तूलाल निवासी सिंगाही शामिल हैं। वहीं बिरजू 20 पुत्र जगदीश निवासी पचपेड़ी, हीरालाल 60 पुत्र शिवचरन और सुंदरेश 40 पुत्र हीरालाल गंभीर रूप से घायल बताए गए हैं।

# बांकेगंज में सोलर मोटर चोरी, किसानों में आक्रोश



**बाँकेगंज खीरी।** थाना मैलानी क्षेत्र के बांकेगंज इलाके में चोरों ने एक बार फिर किसानों की नींद उड़ा दी है। ग्राम टिकापुर निवासी किसान विमल कुमार के खेत से चोरों ने 2 हॉर्सपावर का सोलर मोटर पार कर दिया। पीड़ित ने इस मामले में स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित किसान विमल कुमार पुत्र स्वर्गीय छोटेलाल ने बताया कि उनका खेत बांकेगंज के ग्राम पूरनपुर के पास स्थित है। उन्होंने सरकार की पीएम कुसुम योजना के तहत सिंचाई के लिए 2 हॉर्सपावर का सोलर पंप लगवाया था। सुबह करीब 9 बजे जब वे खेत पर सिंचाई के लिए पहुंचे, तो वहां से मोटर गायब था। विमल कुमार ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। पिछले 7-8 महीनों से क्षेत्र के कई किसानों के खेतों से मोटर चोरी हो चुके हैं। हालांकि पुलिस ने पूर्व में कुछ मोटर बरामद भी किए थे, लेकिन चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक सोलर मोटर की अनुमानित कीमत करीब 40 हजार रुपए है, जिससे गरीब किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। क्षेत्र के किसानों ने पुलिस से चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए मोटर बरामदगी की मांग की है। इस संबंध में मैलानी थाना प्रभारी बृजेश कुमार मौर्य ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। पीड़ित की शिकायत पर चोरों की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है, जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## गोला में फायरिंग कांड का खुलासा, दो आरोपी तमंचे सहित गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



कोतवाली क्षेत्र के नई बाईपास अंधेरी बाग के पास 20 फरवरी को हुई दिनदहाड़े फायरिंग की घटना का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने प्रशान्त वर्मा व प्रशान्त कमल को अवैध असलहों के साथ पकड़ा। उनके कब्जे से 2 तमंचे (315 बोर), 3 जिंदा कारतूस व 1 खोखा कारतूस बरामद किया गया। दोनों को न्यायालय भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में करीब एक लाख रुपये के लेन-देन का विवाद सामने आया था। 47 हजार रुपये ऑनलाइन भुगतान किए जा चुके थे, जबकि 53 हजार रुपये बकाया थे। विवाद के दौरान हुई फायरिंग में लईक नामक युवक के सीने में गोली लगी, जिसे गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया है। गिरफ्तारी टीम में उ.नि. योगेश कुमार, उ.नि. युवराज बाल्यान सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस के अनुसार मामले की विवेचना जारी है।

# एडीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित, 54 शिकायतें आयीं




**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

निघासन तहसील सभागार में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। दूर-दराज से पहुंचे फरियादियों की शिकायतें सुनकर एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। कुल 54 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें सर्वाधिक 38 शिकायतें राजस्व विभाग की रहीं। मौके पर ही राजस्व विभाग की 7 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में एसडीएम राजीव निगम, तहसीलदार दिव्यांशु शाही, बीडीओ जयेश कुमार सिंह, बीडीओ श्रद्धा गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### संपूर्ण समाधान दिवस में 15 शिकायतें प्राप्त, राजस्व विभाग के सर्वाधिक मामले, कई मामलों का मौके पर निस्तारण

**मितौली खीरी।** तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस उप जिलाधिकारी मधुसूदन गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुईं। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा त्वरित निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग से सर्वाधिक 6 प्रार्थना पत्र दर्ज किए गए। पुलिस विभाग से 3, विकास विभाग से 3 तथा विद्युत विभाग से 1 शिकायत प्राप्त हुई। वहीं राजस्व विभाग से संबंधित 2 प्रकरणों का निस्तारण भी कर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान कुछ मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरणों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

# यथास्थिति आदेश के बावजूद खेत जोतने का आरोप, किसान ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिया ज्ञापन

**लखीमपुर (खीरी)।** लखीमपुर खीरी के तहसील गोला गोकर्णनाथ में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान एक किसान ने अपनी जमीन पर जबरन कब्जा और खेत जोतने का गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। किसान का कहना है कि मंडलायुक्त के यथास्थिति आदेश के बावजूद विपक्षियों ने ट्रैक्टर से खेत जोत दिया और विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो गए। ग्राम हजरतपुर, परगना कुकरा, तहसील गोला निवासी पूरनलाल पुत्र बाराती ने उपजिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में बताया कि उसके नाम गाटा संख्या 1854 दर्ज है। उक्त भूमि के संबंध में लखनऊ मंडल के आयुक्त द्वारा 13 जनवरी 2026 को यथास्थिति बनाए रखने का आदेश पारित किया गया था। इसके बावजूद 18 फरवरी 2026 को गांव के ही रामचन्द्र पुत्र तौले, अंकुल कुमार पुत्र रामचन्द्र और सुनीता पत्नी रामचन्द्र ने कथित रूप से लल्लू पुत्र सैमू का ट्रैक्टर लेकर उसके खेत को जबरन जोत दिया। पीड़ित किसान ने आरोप लगाया कि यह पहली घटना नहीं है। उसके अनुसार, गत वर्ष भी आरोपियों ने उसकी लाही की फसल जबरन काट ली थी। उस समय थाना समेत उच्च अधिकारियों से शिकायत की गई थी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। अब दोबारा खेत जोतकर कब्जा करने की कोशिश की गई है। पूरनलाल का कहना है कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और विरोध करने पर गाली-गलौज व मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। इससे उसे अपनी जान-माल का खतरा महसूस हो रहा है। किसान ने आशंका जताई कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कोई अप्रिय घटना घट सकती है, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन में किसान ने चेतावनी दी है कि यदि मामले में जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की गई तो वह गरीब मजदूर किसान पार्टी के साथ तहसील परिसर में धरने पर बैठने को बाध्य होगा। सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिए गए इस प्रकरण को प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए जांच का आश्वासन दिया है।

> दबंगों पर फसल काटने और जान से मारने की धमकी का भी आरोप, कार्रवाई न होने पर धरने की चेतावनी



### आपदा मित्र प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



**लखीमपुर खीरी।** जिला स्तरीय आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो छात्र-छात्राओं को प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने आपदा प्रबंधन, राहत एवं बचाव कार्यों से जुड़ी व्यवहारिक जानकारियां प्राप्त कीं और अपनी दक्षता का प्रभावी प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल द्वारा साक्षात्कार लिया गया, जिसमें छात्र शोभित कुमार और छात्रा हाजरा फातिमा का चयन प्रदेश स्तर के लिए किया गया। दोनों छात्र-छात्राएं सी.जी.एन. पी.जी. कॉलेज, गोला गोकर्णनाथ से संबद्ध हैं और राष्ट्रीय सेवा योजना व स्काउट गाइड गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। प्रदेश स्तर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य छात्र-छात्राओं, विशेषकर छात्राओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है और भविष्य में भी वे ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता करें।

### शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस

**मिर्जापुर।** शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलो में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील मड़िहान में मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश, पुलिस महानिरीक्षक आरपी सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विजेता एवं तहसील चुनार में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने आए हुए फरियादियो की समस्याओ को सुना। तहसील मड़िहान में मण्डलायुक्त के समक्ष प्राप्त 51 प्रार्थना पत्रो में से मौके पर 05 का निस्तारण किया गया। मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतो का निस्तारण पूरी पारदर्शिता व गुणवत्तापूर्ण ढंग से करे ताकि फरियादी को बार-बार जिलाध्तहसील मुख्यालय के अनावश्यक चक्कर न लगाना पड़े। तहसील चुनार में जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त 79 प्रार्थना पत्रो में से मौके पर एक का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित अधिकारियो को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि पूरी पारदर्शिता व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निर्धारित समय सीमा के अन्दर पूरी पारदर्शिता व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करें। इसी प्रकार जनपद के अन्य तहसीलो में तहसील लालगंज में अपर जिलाधिकारी वि.ध्रा. अजय कुमार सिंह के समक्ष प्राप्त 93 प्रार्थना पत्रों में से 03 का निस्तारण एवं तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी भू.ध्रा. देवेन्द्र प्रताप सिंह के समक्ष प्राप्त 66 प्रार्थना पत्रो में से 11 का निस्तारण किया गया। तहसील चुनार में परियोजना निदेशक डीआरडीए धरमजीत सिंह, उप जिलाधिकारी चुनार राजेश वर्मा, क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सीएल वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद चुनार का किया निरीक्षण

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने नगर पालिका परिषद चुनार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा भवन मानचित्र, जन्म मृत्यु नामांतरण आटि पटलो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन मानचित्र व जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र रजिस्टर का अवलोकन किया। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका चुनार को निर्देशित किया कि भवन मानचित्र नियमानुसार लम्बित प्रार्थना पत्रो का निस्तारण किया जाए एवं जन्म मुत्यु प्रमाण पत्र कम बनाए जाने पर निर्देशित किया गया कि प्राप्त आवेदन पत्रो समय के अर्न्गत जन्म मुत्यु प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए। राजस्व निरीक्षक कक्ष में अभिलेखों के समुचित रखरखाव सही न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि रैक लगाकार दस्तावेजा व्यवस्थित ढंग से रखा जाए। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कक्ष का निरीक्षण किया गया बताया गया कि 85 सफाई कर्मी एवं कुल कर्मचारियो की संख्या 141 है। जिलाधिकारी ने नामांतरण रजिस्टर में अद्यतन स्थिति स्पष्ट करने के लिए आवश्यक संशोधन करने, नक्शा व नामांतरण की प्रक्रिया तय समय सीमा में पूर्ण कराने और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने में अनावश्यक परेशान न करने का निर्देश दिया। आदर्श नगर पालिका के अंतर्गत निर्मित दुकानों के आवंटन में पारदर्शिता बरतते हुए निर्धारित किराया व प्रीमियम तय कर नीलामी कराएं ताकि आय में वृद्धि हो सके। निरीक्षण के दौरान चकईपुर में निर्मित सीसी सड़क के निर्माण के लिए तैयार आगणन पर आपत्ति जताते हुए असंतोष प्रकट किया। मुहल्ले में एक अन्य सीसी सड़क के लगभग चालीस लाख रुपये के आगणन पर भी असंतोष जताया और निर्देशित किया कि कार्य के सापेक्ष ही नियमानुसार भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा पूरे प्रकरण का पुनरीक्षण कराया जाए। निरीक्षण के दौरान नगर में चल रहे विकास संबंधी निर्माण कार्यों के सम्बधं में जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद चुनार विजय कुमार यादव को निर्देशित किया कि शासन से प्राप्त धन का सदुपयोग करते हुए सभी परियोजनाएं गुणवत्तापूर्ण ढंग व समय से पूर्ण कराई जाएं तथा कार्य में विलंब करने वाले ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पूर्ण परियोजनाओ का उपयोगिता प्रमाण पत्र भेज दिया जाए। अमृत सरोवर, वंदन योजना के तहत घाट तथा उपवन निर्माण कार्य विलंब पर असंतोष जताया। जिलाधिकारी ने उपवन योजना के लिए प्रभागीय वनाधिकारी से वार्ता कर समन्वय स्थापित करते हुउ कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। 15वें वित्त के कार्य तत्काल शुरू कराने तथा नगर के विद्यालयों में एमडीएम शेड निर्माण कराने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आईजीआर व अन्य शिकायतो का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करे यदि आवश्यकता पड़े तो स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण करें। निरीक्षण के दौरान चेयरमैन नगर पालिका चुनार मंसूर अहमद, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद चुनार विजय यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

### 32 ट्रेटा पैकेट अवैध देशी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**राजगढ़ (मिर्जापुर )।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु राजगढ़ थाने से अवैध शराब में पकड़ा गया। उप-निरीक्षक पुरंजय चौबे मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना राजगढ़ क्षेत्र से 1 अभियुक्त नीरज पुत्र रामनाथ निवासी ग्राम धनसिरिया थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर को 32 ट्रेटा पैकेट (200एमएल/प्रत्येक पैकेट) अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना राजगढ़ पर मुअसं-31/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम में पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में शक्तिनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण बोर्ड की 51वीं बैठक सम्पन्न

> प्राधिकरण अन्तर्गत जन कल्याणकारी कार्यो की प्रदान की गई स्वीकृति, जन हित मे कराए जाए कार्य-किसी पुराने कार्य की न हो पुनरावृत्ति: मण्डलायुक्त

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़।**



मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल/अध्यक्ष शक्ति नगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) राजेश प्रकाश की 51वीं बैठक आयुक्त सभागार मीरजापुर में आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी सोनभद्र बीएन सिंह, वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से बैठक में प्रतिभाग किया तथा साडा बोर्ड की सचिवध्मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र जागृति अवस्थी ने पिछले बैठक में लिए गए निर्णयो के अनुपालन आख्या के बारे में जानकारी देते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 में स्वीकृत एवं प्रस्तावित निर्माणध्विकास कार्यो के बारे में बिन्दुवार जानकारी दी। बैठक में उप निदेशक अर्थ एवं संख्या के अलावा आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, राज्य विद्युत उत्पादन निगम, उत्तर प्रदेश जल निगम के नामित प्रतिनिधि के अलावा शासन द्वारा नामित गैर सरकारी सदस्यो में धर्मवीर तिवारी व केसी जैन उपस्थित रहें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारीध्सचिव साडा के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए स्वीकृत बजट के सापेक्ष दिनांक 31.12.2025 तक वास्तविक आय व्यय, अधिष्ठान एवं निर्माणध्विकास कार्यो पर व्यय के वास्तविक आकड़े तथा वित्तीय वर्ष 2026-26 का कार्य पूर्ति दिग्दर्शन आय व्ययक बजट का लेखा जोखा बोर्ड के सामने प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के अन्तर्गत साडा के वित्त पोषण से प्रस्तावित कुल 22 निर्माणध्विकास कार्यो के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत साडा के वित्त पोषण से साडा क्षेत्रान्तर्गत निर्माणध्विकास कार्य के लिए कुल 35 कार्य प्रस्तावित किए गए है जिसमें सम्पर्क मार्ग, नाला पर पुलिस निर्माण, रिटर्निंग वाल निर्माण, सीसी रोड निर्माण, कुछ सड़को का पुर्ननिर्माण, पिकनिक स्पाट सुन्दरीकरण के कार्य शामिल है। मण्डलायुक्त ने उपरोक्त कार्यो की बोर्ड द्वारा स्वीकृति प्रदान करते हुए निर्माण/विकास कार्य के सम्बंध में जनपद के साडा क्षेत्रान्तर्गत समस्त कार्यदायी संस्था से एनओसी प्राप्त होने के पश्चात ही साडा द्वारा कार्यादेश निर्गत किया गया। मण्डलायुक्त ने कहा कि जनहित विकास कार्य कराया जाए यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी कार्य की पुनरावृत्ति न होने पाए। उन्होंने सीडीओ/सचिव साडा को निर्देशित करते हुए कहा कि साडा बोर्ड की बैठक अपने स्तर से डीएम की अध्यक्षता में नियमित रूप से कराई जाए ताकि बोर्ड के सदस्य व जनप्रतिनिधिगण के द्वारा दिए गए प्रस्ताव की गहन समीक्षा कराते हुए स्टीमेट सहित मण्डल स्तर की बैठक में प्रस्तुत किया जाए।


## खबरें एक नजर में

### जागरूकता बाइक रैली निकाल कर उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की बुवाई पर दिया जोर



**बिजुआ खीरी।** यूनिट-गुलरिया द्वारा क्षेत्रीय किसानों को बसंतकालीन गन्ना बुवाई के लिए प्रोत्साहित करने तथा गन्ना प्रजाति परिवर्तन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 21 फरवरी 2026 (शनिवार) को एक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली को मुख्य महाप्रबंधक योगेश कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यालय से पी. संदीप (ग्रुप एचआर हेड), महाप्रबंधक (गन्ना) अनिल कुमार तथा गन्ना विकास परिषद गुलरिया के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर की उपस्थिति रही। रैली को सफल बनाने में तुषार अग्रवाल (कॉमर्शियल हेड), अखिल सिंह (एचआर हेड) एवं चीनी मिल के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने सहभागिता की। रैली का मुख्य उद्देश्य विभिन्न गांवों में पहुंचकर किसानों को उन्नतशील गन्ना प्रजातियों—को-15023, को-0118, को-लख-14201 एवं को-शा-13235—की अधिक से अधिक बुवाई के लिए प्रेरित करना रहा, ताकि क्षेत्रफल और उत्पादन में वृद्धि हो सके। अधिकारियों ने किसानों को गन्ना फसल को रोगमुक्त रखने के उपाय बताए। भूमि शोधन एवं बीज शोधन को अपनाने, बुवाई से पूर्व खेत की गहरी जुताई करने तथा वैज्ञानिक विधियों से खेती करने की सलाह दी गई। अभियान के दौरान चीनी मिल द्वारा संचालित प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी भी दी गई। को-15023 प्रजाति की बुवाई करने वाले किसानों को 3500 रुपये प्रति हेक्टेयर अनुदान प्रदान किया जाएगा। 25 मार्च 2026 के बाद को-15023 प्रजाति का बीज नर्सरी से मिल अथवा गन्ना विकास परिषद के माध्यम से वितरित करने पर 75 रुपये प्रति कुंतल अनुदान दिया जाएगा। ट्राइकोडर्मा 5 लीटर प्रति हेक्टेयर की दर से नि:शुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। पुराने पेयर्ड-रो ट्रेंच प्लांटर अथवा तीन फीट से कम दूरी वाले रेजर को तीन फीट रेजर में नि:शुल्क परिवर्तित करने की सुविधा भी दी जा रही है। मुख्य महाप्रबंधक ने किसानों से अपील की कि वे को-0238, को-शा-8436 एवं अस्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुवाई न करें तथा सरकार द्वारा स्वीकृत उन्नतशील प्रजातियों को अधिकाधिक क्षेत्र में अपनाएं। महाप्रबंधक (गन्ना) द्वारा उत्साहवर्धक नारा दिया गया-Co-15023 फिर लगाना है, मिल जल्दी चलाना है। जागरूकता रैली के माध्यम से प्रबंधन ने संदेश दिया कि उन्नतशील प्रजातियों को अपनाकर ही क्षेत्र में उत्पादन, आय और खुशहाली बढ़ाई जा सकती है।

### लाल्हापुर पंचायत भवन में लगा एकीकृत स्वास्थ्य शिविर, 106 मरीजों की हुई जांच



**गोला गोकर्णनाथ (खीरी)।** शनिवार को लाल्हापुर-हफीजपुर गांव में एकीकृत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान जनार्दन गिरी ने फीता काटकर किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और दिनभर स्वास्थ्य जांच व परामर्श का क्रम चलता रहा। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोला गोकर्णनाथ से डॉ. नरेंद्र कुमार ने मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। वहीं महिला अस्पताल, लखीमपुर खीरी से आईं परामर्शदाता सोनम सक्सेना व प्रियंका तिवारी ने महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। इसके अतिरिक्त कॉमन सर्विस सेंटर, गोला की टीम ने शिविर के संचालन में सहयोग किया। शिविर में कुल 106 मरीजों की जांच की गई। सामान्य बीमारियों, मौसमी संक्रमण, महिलाओं व बच्चों से जुड़ी समस्याओं का परीक्षण किया गया। जरूरतमंदों को नि:शुल्क दवाएं वितरित की गईं तथा गंभीर मरीजों को उच्च चिकित्सा केंद्र पर रेफर करने की सलाह दी गई। प्रधान जनार्दन गिरी ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना पंचायत की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गांव में स्वास्थ्य शिविर लगने से लोगों को दूर-दराज अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार जताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर कराने का आश्वासन दिया। डॉ. नरेंद्र कुमार ने कहा कि अधिकांश बीमारियां जागरूकता और समय पर जांच से रोकी जा सकती हैं। उन्होंने ग्रामीणों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने, साफ-सफाई रखने, संतुलित आहार लेने और मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के पोषण पर ध्यान देने की बात कही तथा बताया कि छोटी समस्याओं को नजरअंदाज न करें, समय पर परामर्श लेने से गंभीर स्थिति से बचा जा सकता है। डॉ. नरेंद्र ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की कोशिश है कि गांव-गांव तक बेहतर चिकित्सा सुविधा पहुंचे और लोगों को प्राथमिक स्तर पर ही उपचार मिल सके। शिविर में ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण भागीदारी को उन्होंने सकारात्मक संकेत बताया। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग और पंचायत का आभार व्यक्त किया और इस पहल को सराहनीय बताया।

### रेलिंग विहीन पुल से नीचे गिरकर ऑटो पलटा, चालक बचा



हलिया (मिर्जापुर) स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया हथेड़ा मार्ग अदवा नदी पर बने रेलिंग विहीन पुल से करीब छह फीट नीचे अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया हलाकि के हादसे में ऑटो चालक बाल बाल बच गया मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने ऑटो चालक व ऑटो को पुल से बाहर निकलवाया है थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव निवासी मुंदर अपना ऑटो हलिया बाजार की तरफसे लेकर शुक्रवार की शाम वापस लौट रहा था की जैसे ही अदवा नदी के पुल से हथेड़ा गांव में पहुंचा के रेलिंग विहीन पुल से नीचे अनियंत्रित होकर करीब छह फीट नीचे गिर कर पलट गया हलाकि की हादसे में ऑटो चालक बाल बाल बच गया है पुल से नीचे ऑटो पलटने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और पुल के नीचे पलटे ऑटो व ऑटो चालक को बाहर निकाला है अदवा नदी में आई बाढ़ से पुल के दोनों तरफकी रेलिंग टूट गयी है जिससे आये दिन हादसा हो रहा है लेकिन संबंधित विभाग पुल के रेलिंग का मरम्मत कार्य नहीं कराया जा रहा है।

### बाइक सवार अधेड़ सड़क पर गिरकर घायल



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग बसुहरा गांव में शनिवार की दोपहर बाइक सवार ने सड़क पर जा रहे अधेड़ को टक्कर मारते हुए सड़क पर गिरकर घायल हो गए हादसा में बाइक सवार दो युवक सहित अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 के कर्मियों ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद अधेड़ को ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफ्र कर दिया है थाना क्षेत्र के सुईया कला गांव निवासी 17 वर्षीय सूरज कुमार अपने साथी गांव निवासी 17 वर्षीय शुभम के साथ बाइक से सिकटा गांव जा रहे थे की जैसे ही बसुहरा गांव में पहुँचे की पैदल जा रहे मवई कला गांव निवासी 55 वर्षीय दीनानाथ को टक्कर मारते हुए बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस सेवा वाहन के पायलट दिलीप यादव व ईएमटी उमेश यादव ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक आलोक यादव ने प्राथमिक उपचार के बाद अधेड़ की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफ्र कर दिया है।

### पिकअप में लाद कर वध हेतु ले जाए जा रहे 7 गोवंशबरामद



**राजगढ़ (मिर्जापुर )।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के धनसीरिया माइनर पर आज भर में करीब 3:00 बजे के आसपास गोवंश से भरी पिकअप में 7 पशुओं को पकड़ा गया। मॉर्निंग वॉक पर निकले ग्रामीणों के सहयोग से पंचर हुई पिकअप पर लदे ग्रामीणों के सहयोग से राजगढ़ थाने को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे राजगढ़ थाना प्रभारी दल बदल के साथ पहुंचे। पिकअप पंचर और कमानी टूटने के कारण पशु तस्करी से नहीं ले जा सके और छोड़कर फरार हो गए। थाना करमा की पुलिस एक पशु तस्कर को पकड़ी और उससे पूछताछ की गई तो उसकी निशानदेही पर राजगढ़ थाना क्षेत्र के धनसीरिया के माइनर पर लाया गया। जहां पर दो थाने का विवाद को देखते हुए राजगढ़ थाना प्रभारी ने ग्रामीणों के सहयोग से पिकअप को अपने साथ ले गई। पिकअप खराब होने पर मिस्त्री को बुलाया गया और टायर पंचर को बदलकर दूसरा तार लगाया गया फिर भी गाड़ी आगे नहीं बढ़ सकी गांव के ही ग्राम प्रधान प्रत्यासी गणेश सिंह ने अपने निजी ट्रैक्टर से गोवंश से लदी पिकअप को गौशाला में पशुओं को छोड़ दिया गया और पिकअप को राजगढ़ थाने पर राजगढ़ थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडे के नेतृत्व में लाया गया जहां पर राजगढ़ थाना प्रभारी के द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि पशुओं के मुंह बांधे गए थे और उन्हें उनके मुंह छोड़ा गया जिससे पशुओं को राहत मिली। करमा थाने सोनभद्र की पुलिस ने बताया कि घोरावल सोनभद्र से यह पशु लाकर राजगढ़ के रास्ते होते हुए बिहार जा रहे थे। राजगढ़ थाना क्षेत्र में रास्ते में ही गाड़ी खराब हो गई साथ में एक पिकअप मौके से फरार हो गई और दूसरी पंचर होने पर पकड़ी गई। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना राजगढ़ पर मुअसं-30/2026 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। तस्करी में प्रयुक्त वाहन को 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।